समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 61,981.79 | 18,348.00 |

तापमान
अधिकतम 42 °C
न्यूनतम 28 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स सीएम ने बुलाई बैठक पेज-02

महापौर नगर निगमों की छवि सुधारने के साथ कुछ अच्छा और नया करें : योगी पेज-02

वर्ष 10 अंक 273 लखनऊ, 24 मई बुधवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने मोदी को कहा बॉस, भारतीयों से बोले पीएम मोदी–

## आपसे जो वादा किया था वो निभाया

**नई दिल्ली/सिडनी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिडनी में करीब 20 हजार भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों से जुड़कर बेहद खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं जब 2014 में आया था, तब आपसे एक वादा किया था कि आपको फिर भारत के किसी प्रधानमंत्री का 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आज सिडनी के इस एरीना में, मैं फिर हाजिर हूं और मैं अकेला नहीं आया हूं। प्रधानमंत्री अल्बनीज भी मेरे साथ आए हैं।

सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था जब कहा जाता था कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध को 3ष्ट (कॉमनवेल्थ, क्रिकेट, करी) पर आधारित है। उसके बाद कहा गया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध 3ष्ठ (डेमोक्रेसी, डायसपोरा, दोस्ती) पर आधारित है। कुछ लोगों ने ये भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध 3श्च (एनर्जी, इकोनॉमी, एजुकेशन) पर आधारित है। अलग-अलग काल में ये बात संभवत~ सही भी रही है। मगर भारत-ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक संबंधों का विस्तार इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। इन संबंधों का आधार आपसी विश्वास और आपसी सम्मान है।

**हमारी दोस्ती ऑफ द फील्ड बहुत गहरी है : पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने आगे कहा कि मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आप सब ने भी आजादी का अमृत महोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया है। हमारे क्रिकेट के रिश्ते को 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। क्रिकेट की फील्ड पर मुकाबला जितना रोचक होता है उतनी ही गहरी हमारी ऑफ द फील्ड दोस्ती है।

**पीएम मोदी ने शेन वार्न को किया याद**

इस दौरान पीएम मोदी ने क्रिकेटर शेन वार्न को भी याद किया। पीएम ने कहा- पिछले साल जब महान क्रिकेटर शेन वार्न का निधन हुआ तो ऑस्ट्रेलिया के साथ कोटि-कोटि भारतीयों ने भी शोक मनाया। ये ऐसा था जैसे हमने अपना कोई खो दिया। आप सभी का एक सपना रहा है कि हमारा भारत भी विकसित राष्ट्र बने। जो सपना आपके दिल में है वो सपना मेरे दिल में भी है।

**भारत में है दुनिया की सबसे युवा टैलेंट की फैक्ट्री- पीएम मोदी**

पीएम मोगी ने कहा-भारत के पास सामर्थ्य की कमी नहीं है। भारत के पास संसाधनों की भी कमी नहीं है। आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट की फैक्ट्री भारत में है।



### मदर ऑफ डेमोक्रेसी है भारत : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा–भारत हजारों वर्षों की जीवंत सभ्यता है। भारत, मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। हमने समय के अनुसार खुद को ढाला है, लेकिन अपने मूल सिद्धांतों, बुनियादी बातों पर हमेशा टिके रहे हैं।

**भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का उज्ज्वल बिन्दु मानता है आईएमएफ**

पीएम ने आगे कहा कि अगले 25 साल में विकसित होने के लक्ष्य के साथ जो देश आगे बढ़ रहा है वो देश भारत है। आज ढ्ढरूस्न भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का उज्ज्वल बिन्दु मानता है। वर्ल्ड बैंक का विश्वास है कि ग्लोबल हेडविंड्स को अगर कोई चुनौती दे रहा है तो वो भारत है।

**ब्रिसबेन में खुलेगा नया वाणिज्य दूतावास**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–आज मैं आपके बीच आया हूं कि तो मैं एक घोषणा भी करने जा रहा हूं। ब्रिसबेन में भारतीय समुदाय की बहुत समय से जो मांग थी, अब उसे पूरा किया जाएगा। जल्द ही ब्रिसबेन में भारत का एक नया वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा।

### द लिटिल इंडिया गेटवे की रखी आधारशिला

भारतीयों को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज उनके साथ मौजूद रहे। पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने सिडनी सामुदायिक कार्यक्रम में द लिटिल इंडिया गेटवे की आधारशिला रखी।

### पीएम मोदी को बताया बॉस

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी को बॉस बताया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा, आखिरी बार मैंने इस मंच पर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन देखा था और उनका स्वागत पीएम मोदी की तरह नहीं किया गया था, जो सम्मान उनको मिला है। प्रधानमंत्री मोदी बॉस हैं।

### कुडोस बैंक एरिना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी

भारतीयों को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज उनके साथ मौजूद रहे।

यूपीएससी सिविल सर्विस 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी

## टॉप-4 में यूपी की दो लड़कियों ने बनाई जगह




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

2022 संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजों को घोषित कर दिया है। टॉप चार लड़कियों ने जगह बनाई है। वहीं टॉप 4 में उत्तर प्रदेश की दो लड़कियों ने स्थान हासिल किया। इशिता किशोर नोएडा की रहने वाली है। जबकि बरेली की रहने वाली स्मृति मिश्रा ने चौथा स्थान हासिल किया है।

गरिमा लोहिया और उमा हरीती एन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। यूपीएससी ने कहा है कि 33 अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है। यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा सालाना तीन चरणों में आयोजित की जाती है, जिनमें अभ्यर्थियों को प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार से गुजरना होता है। इस परीक्षा के जरिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफ्एस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) समेत अन्य सेवाओं के अधिकारियों का चयन किया जाता है। फाइनल रिजल्ट में कुल 933 कैंडिडेट्स का सिलेक्शन हुआ है। इनमें से 345 कैंडिडेट्स सामान्य, 9 ईएसडब्लयू, 263 ओबीसी, 154 एससी और 72 एसटी कैटेगरी से हैं। 178 कैंडिडेट्स की रिजर्व लिस्ट भी तैयार की गई है। आईएएस पदों पर चयन के लिए 180 कैंडिडेट्स शॉर्टलिस्ट हुए हैं।

## महापौर और अध्यक्ष 26 और 27 को लेंगे शपथ

### नगर निकायों के गठन की अधिसूचना जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

राज्य निर्वाचन आयोग से नगर निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अधिकारिक सूची मिलने के बाद नगर विकास विभाग ने मंगलवार को निकायों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। शासन ने महापौर और अध्यक्षों के शपथ के लिए 26 और 27 अप्रैल की तिथि निर्धारित कर दी है। वहीं, शासन द्वारा निकायों के गठन की अधिसूचना जारी होने के एक महीने के भीतर पहली बैठक बुलाना अनिवार्य हो गया है। यानि हर हाल में 23 जून से पहले नगर निगमों को सदन और नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को बोर्ड की बैठक करनी होगी। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक उप्र नगर निगम अधिनियम 1959 के अधीन महापौर, अध्यक्ष और पार्षद स्थान ग्रहण करने के लिए शपथ लेंगे। शासन की ओर से सभी मंडलायुक्तों और डीएम को शपथ ग्रहण कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। तय परंपरा के मुताबिक नगर निगमों में महापौर और पार्षदों को मंडलायुक्त द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। मंडलायुक्त की अनुपस्थिति डीएम शपथ दिलाएंगे। वहीं, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्षों व पार्षदों को डीएम या उनकी अनुपस्थिति में उनके द्वारा नामित एडीएम या एसडीएम शपथ दिलाएंगे। प्रमुख सचिव नगर विकास ने मंडलायुक्तों व डीएम को निर्देश दिया है कि निर्धारित तिथि पर जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण दिलाने के बाद इसकी सूचना शासन को उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि 23 जून तक नगर निगमों में सदन और पालिका परिषद व नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक अनिवार्य रूप से करा ली जाए। इसके अलावा पहली बैठक में वर्ष 2023-24 में शहरों में कराए जाने वाले कामों की कार्ययोजना तैयार करते हुए बोर्ड की मंजूरी लेकर 30 जून तक शासन को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।



**त्वरित गति से शुरू हो काम**

शासन स्तर से मंजूरी देकर निकायों में त्वरित गति से विकास कार्य को शुरू कराया जा सके। अधिसूचना के मुताबिक शपथ ग्रहण के बाद निकायों के खातों का संचालन अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर करने के को कहा गया है।

इंडिया गेट पर पहलवानों का कैंडल मार्च, जनता से की अपील

## घरों में मोमबत्ती जलाकर दें साथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ दिल्ली में विरोध कर रहे पहलवानों ने आज शाम राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर से इंडिया गेट तक कैंडललाइट मार्च निकालने का आह्वान किया है। विरोध का दूसरा चरण देश के तीन कुलीन पहलवानों, बजरंग पुनिया, विनेश फोगट और साक्षी मल्लिक के नेतृत्व में आज एक महीने पूरे करने जा रहा है। 19 मई को पहलवानों ने जंतर मंतर से शहर के बंगला साहिब गुरुद्वारे तक मार्च किया।

ओलंपिक पदक विजेता पुनिया ने एक वीडियो क्लिप ट्वीट कर जनता से सहानुभूति रखने वाले सदस्यों से मार्च में भाग लेकर समर्थन दिखाने का आग्रह किया। जो लोग शारीरिक रूप से भाग नहीं ले सकते, उन्हें शाम 5 बजे अपने घरों में मोमबत्ती जलानी चाहिए और अपना समर्थन देने के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करना चाहिए। बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए पहलवानों द्वारा दी गई समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई।



**छात्रों और कर्मचारियों का मिला समर्थन**

अगले सप्ताह नए संसद भवन के बाहर एक महापंचायत की चेतावनी के बाद था। इससे पहले आज पहलवानों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षण कर्मचारियों का समर्थन मिला, जिन्होंने एक विरोध मार्च निकाला जिसमें मलिक भी शामिल हुए। जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष आइशी घोष ने कहा कि सैकड़ों छात्र और शिक्षक एकजुटता सभा में शामिल हुए।

### संक्षिप्त

**मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक जून तक बढ़ायी गई**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि एक जून तक बढ़ा दी है। अदालत ने मंगलवार को जेल प्राधिकारियों को आप नेता को जेल में किताबों के साथ ही एक कुर्सी तथा मेज उपलब्ध कराने पर विचार करने का भी निर्देश दिया। जब सिसोदिया को अदालत कक्ष से बाहर लाया जा रहा था, तो उन्होंने दिल्ली के सेवाओं के मामले पर केंद्र के अध्यादेश पर एक विधेयक लाए जाने के संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते हैं।'' दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''मोदी बहुत अहंकारी हो गए हैं।''

**सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत दो अन्य घायल**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहडू उपमंडल में एक वाहन के पब्बर नदी में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात यह हादसा उस समय हुआ, जब वाहन में सवार पांच लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए रामपुर से चिड़गांव के जांगला जा रहे थे। अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान रामपुर निवासी श्रेय नेगी ((18), शिवांग (18) और जतिर (20) के तौर पर हुई है।

**बसपा की हार पर मायावती ने जिम्मेदार लोगों को लगायी फटकार**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने हाल में सम्पन्न कर्नाटक राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों को कैडर के आधार पर पार्टी का जनाधार बढ़ाने की हिदायत दी है। मायावती ने मंगलवार को यहाँ पार्टी के वरिष्ठ एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ बैठक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की।

## खालिस्तानी आतंकी की सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का मिलेगा इनाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को घोषणा की है कि देश के खिलाफ युद्ध की साजिश रचने के मामले में वांछित खालिस्तानी आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, लुधियाना के रहने वाले कश्मीर सिंह गलवड्डी उर्फ 'बलबीर सिंह' पिछले साल 20 अगस्त को दिल्ली में आईपीसी और यूएपीए के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में वांछित है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और द इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन द्वारा देश के खिलाफ लड़ाई के लिए रची गई साजिश से संबंधित है। एनआईए ने इस मामले में आरोपी की दो तस्वीरें भी जारी की। एनआईए के प्रवक्ता ने आरोपी की तस्वीरें जारी करते हुए कहा, गलवड्डी फरार है। वह एनआईए द्वारा दर्ज (देश के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की गतिविधियों से संबंधित) मामले में वांछित है।

**एनआईए ने की घोषणा, नंबर जारी**

ममता बनर्जी से मिले अरविंद केजरीवाल

## दोनों मिलकर करेंगे पीएम के फैसलों का विरोध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ अपनी लड़ाई में समर्थन जुटाने के लिए देशव्यापी दौरे के तहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कोलकाता में मुलाकात की।

इस बैठक में केजरीवाल के साथ आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा और आतिशी ने भी शिरकत की। नेताओं के बीच बैठक में राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की स्थापना के संबंध में केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा हुई। हम आपको बता दें कि इस अध्यादेश ने उच्चतम न्यायालय के आदेश को उलट दिया है।



न्यायालय ने पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से संबंधित सेवाओं को छोड़कर, दिल्ली की निर्वाचित सरकार को सेवाओं का नियंत्रण दिया था। केजरीवाल से मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में उनकी पार्टी 'आप' का समर्थन करेगी। वहीं केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र का मजाक बना दिया है।

ज्ञान व्यापी मामला : वाराणसी जिला अदालत ने सुनाया फैसला

## सभी सात मामलों की एक साथ होगी सुनवाई

**वाराणसी (समृद्धि न्यूज़)।** वाराणसी जिला न्यायालय ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि ज्ञानवापी से जुड़े सभी सात मामलों की सुनवाई एक साथ होगी। वाराणसी के जिला जज ने आदेश दिया कि ज्ञानवापी मामले से जुड़े सभी सातों मामलों की अब एक साथ सुनवाई होगी। कल जिला जज ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ज्ञानवापी से जुड़े सभी सातों मुकदमों की सुनवाई अब एक साथ होगी। वाराणसी जिला अदालत ने मंगलवार को इस संबंध में फैसला सुनाया। इसे लेकर हिंदू पक्ष ने याचिका दायर की थी। अगस्त 2021 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी स्थल पर नियमित पूजा करने के अधिकार की मांग को लेकर पांच महिलाओं ने स्थानीय अदालत में याचिका दायर की थी।



नोट बदलने का पहला दिन

छोटे व्यापारी–ग्राहकों पर असर नहीं

## बैंकों ने बनाए अलग काउंटर, दुकानदारों में हिचक बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार को दो हजार रुपये के नोट बैंक से बदलने का पहला दिन था। पहले दिन लोग बैंकों में अपना नोट जमाकर पांच सौ और सौ रुपये के नोट में बदलते दिखाई पड़े। ज्यादातर बैंकों ने नोट बदलने के लिए अलग से दो-तीन काउंटर बना रखे हैं। बैंक टोकन बांटकर लोगों की भीड़ संभालते दिखाई पड़े। नोट बदलने में लोगों को कोई परेशानी नहीं दिखाई पड़ी। अपने खाते में पैसा जमा करने पर कोई परेशानी नहीं हुई, जबकि बिना खाते के नोट बदलने वालों को फॉर्म भरना पड़ा और आधार कार्ड की ऑरिजिनल कॉपी दिखानी पड़ी। लेकिन इस निर्णय का छोटे व्यापारियों और ग्राहकों पर कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। बड़े व्यापारिक संस्थाओं की लेनदेन बैंकिंग के माध्यम से होने के कारण उन्हें भी कोई नुकसान होता हुआ नहीं दिखाई पड़ रहा है। डिजिटल लेनदेन के बहुत ज्यादा चलन ने भी लोगों को नोटबंदी की मार से बचाया है। हालांकि, जिन सेक्टर में नकदी से लेनदेन किया जाता है, वहां इसका आंशिक असर दिखाई पड़ रहा है। दिल्ली व्यापार संघ के अध्यक्ष



देवराज बावेजा ने अमर उजाला से कहा कि दो हजार रुपये का लेनदेन पहले से ही बहुत ज्यादा चलन में नहीं था। यही कारण है कि इसके बंद होने से भी बाजार में कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। छोटे दुकानदार और सामान्य ग्राहकों की लेनदेन इससे भी कम मूल्य की होती है और उनका व्यापारिक लेन देन भी दो हजार रूपये की नोटबंदी से प्रभावित नहीं है। चांदनी चौक दिल्ली के व्यापारियों के गढ़ के रूप में देखा जाता है। यहां छोटे दुकानदारों के साथ-साथ थोक के कारोबार होते हैं। लेकिन यहां भी नोटबंदी को लेकर कोई परेशानी नहीं है। चांदनी चौक ट्रेडर्स परिषद के कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि उनके बाजार में दो हजार रुपये की %नोटबंदी% का कोई असर नहीं है। व्यापारियों को पैसा बदलने से किसी बैंक ने इनकार नहीं किया। बाहरी लोगों के नोट भी बदले जा रहे हैं।

**डिजिटल लेनदेन ने बचाया**

राजधानी के बड़े व्यापारियों और कंपनियों के लेनदेन बैंकिंग व्यवस्था से सीधे जुड़े होते हैं, अनेक लोग इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजेक्शन कर रहे हैं, इस कारण भी %नोटबंदी% पार्ट 2.0 से कोई परेशानी नहीं हो रही है। सब्जी विक्रेता से लेकर रेहड़ी-पटरी कारोबार करने वाले सबसे छोटे तबके के व्यापारी और ग्राहक सबसे ज्यादा होते है। नोटबंदी पार्ट 1.0 में इसी वर्ग पर सबसे ज्यादा मार पड़ी थी, लेकिन इस बार की नोटबंदी में इस वर्ग पर कोई असर नहीं देखा जा रहा है।

**कैश लेनदेन वाले सेक्टर प्रभावित**

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने बताया कि संस्थागत औद्योगिक सेक्टर में इस नोटबंदी का कोई प्रभाव नहीं है क्योंकि इनका ज्यादातर लेनदेन बैंकों के जरिए होता है। छोटे व्यापारी भी इससे प्रभावित नहीं हैं। लेकिन प्रॉपर्टी और कृषि जैसे सेक्टर जहां बड़ा लेनदेन कैश के जरिए होता है, वहां लोगों को कुछ परेशानी हो रही है।

## मंदिरों में अब नहीं लगेंगी आरएसएस की शाखाएं!

**नई दिल्ली।** त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने अपने नियंत्रण वाले सभी मंदिरों को निर्देश जारी किया है कि वे मंदिर परिसर में आरएसएस द्वारा आयोजित सामूहिक अभ्यास और अन्य गतिविधियों की अनुमति न दें। हालांकि इस संबंध में एक प्रतिबंध पहले से ही लागू है, नया निर्देश राज्य भर के कुछ मंदिरों में अभी भी आरएसएस की गतिविधियों के जारी रहने की खबरों के मद्देनजर आया है। त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड अध्यक्ष के अनंतगोपन ने कहा कि आरएसएस की शाखाएं कई मंदिरों में चल रही थीं और वहां अभ्यास कर रही थीं। यही वजह है कि ऐसा सर्कुलर जारी किया गया।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स सीएम ने बुलाई बैठक

## सीएम योगी बोले, भव्य आयोजन से यूपी की बने अनुपम छवि

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

25 मई से शुरू होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों को लेकर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक बुलाई दरअसल यह बैठक मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर बुलाई जहां पर खेल मंत्री गिरीश चंद यादव भी मौजूद रहें। उत्तर प्रदेश में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा की। जिसमे लखनऊ, गोरखपुर, गौतमबुद्ध नगर और वाराणसी में होने वाले आयोजन पर संबंधित विभागीय मंत्री और अधिकारियों के साथ चर्चा की। खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन 25 मई से 3 जून तक होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम का शुभारंभ 25 मई को लखनऊ में होगा तो वही इसका समापन 3 जून को वाराणसी में किया जाएगा। मुख्यमंत्री के द्वारा तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में शुभारंभ समारोह से जुड़ी झांकी भी मुख्यमंत्री को दी गई। आज की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश तीसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन दिव्य-भव्य हो, जिससे मेहमान खिलाड़ियों-आगंतुकों व प्रशिक्षको के समक्ष खेलों में भी यूपी की अनुपम छवि हो। इसके साथ ही बाहर से आने वालों बच्चों के रहने-खाने, सुरक्षा की विशेष व्यवस्था हो। आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिए संसाधन की समुचित व्यवस्था की जाय। बाहर से आने वाले खिलाड़ी यदि कहीं घूमने बाहर जाना चाहें तो उनकी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हो।

## 5 हजार गांव में 10 जून तक चलेगा ई-केबाईसी अभियान,सीएम योगी आज करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। यूपी में करीब 10 लाख सरकारी कर्मचारी, आयकर रिटर्न भरने वाले और पेंशन पाने वाले प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि का लाभ ले रहे थे। 2.63 करोड़ किसान सत्यापन के बाद पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ अब तक मिल रहा था। फ्लिहाल ई-ज्ञल्ब् कराए जाने के बाद 2.63 करोड़ से 10 लाख ऐसे कृषक बाहर हो गए है। जो पीएम सम्मान निधि राशि की योजना में नहीं शामिल थे। सीएम योगी आदित्यनाथ 24 मई को पांच कालिदास के बाहर से 10 जून तक चलाए जा रहे पीएम किसान सम्मान निधि के ई-केबाईसी अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान करीब 5000 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि 2.63 करोड़ कृषक आच्छादित है। इसमें से ई-केवाईसी 1.84 लाख कृषकों का हो चुका है। 2.19 करोड़ कृषकों का आधार सीडिंग उनके बैंक खाते के साथ किया जा चुका है। संभावित 40 से 50 लाख किसान ऐसे हैं जिनकी के पैसे की प्रक्रिया अभी बाकी है। कृषि मंत्री ने बताया कि योजना शुरू होने से लेकर अप्रैल 2023 तक 55,882 करोड़ रुपए का भुगतान कृषकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि 14वीं किस्त के लिए भूलेख अंकन एवं बैंक खाते के साथ-साथ आधार लिंकिंग को आना अनिवार्य किया गया है।

## ब्रजेश पाठक ने किया विद्यार्थियों को तनाव से निपटने के प्रति जागरूक करने वाली पुस्तक साइंस ऑफसक्सेस का विमोचन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को विद्यार्थियों को तनाव से निपटने के प्रति जागरूक करने वाली पुस्तक साइंस ऑफसक्सेस का विमोचन किया।

बता दें कि कनाडा में लंबे समय से काम कर रहे प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. अमरेश श्रीवास्तव ने 'साईंस ऑफ सक्सेस' (सफ्लता का विज्ञान) नामक इस पुस्तक की रचना की है। श्रीवास्तव ने (प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ साइकेट्री, वेस्टर्न यूनिवर्सिटी) ने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक अभियान शुरू किया है और उसी कड़ी में उनकी यह किताब भी है। पाठक ने अपने सरकारी आवास पर पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है जिसे पुस्तक में शामिल किया जा रहा है और छात्रों को इससे लाभ मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने डॉ. अमरेश और उनकी सहयोगी संस्था के कार्यों की भी सराहना की और समाज के लिए ऐसे ही सद्प्रयासों को जारी रखने का आह्वान किया। श्रीवास्त्व ने 'मानसिक शक्ति' नामक एक यूट्यूब चौनल की भी शुरुआत की है। इस मौके पर पाठक के अलावा हेमंत कुमार दीक्षित, प्रोफेसर वी डी मिश्रा, डॉ. सी एम पांडेय सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिना लाव लश्कर आईटीआई पहुँचे कपिल देव,मचा हड़कंप

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल आज राजकीय आईटीआई लखनऊ का औचक निरीक्षण किया। बिना लाव लश्कर के औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री ने राजकीय आईटीआई दिये जा रहे प्रशिक्षण को देखा। उन्होंने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया। प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनका उत्साहवर्धन किया।कौशल विकास मंत्री ने राजकीय आईटीआई में कार्यरत कार्मिक समय से आ रहे है या नही, इसका फीडबैक लेने हेतु उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। कार्मिकों को निर्देशित किया कि कार्यालय समय आकर दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करे। उन्होंने कार्यालय में प्रधानाचार्य के उपस्थित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। विलम्ब से आने पर प्रधानाचार्य को कड़ी फ्टकार लगायी और कहा भविष्य में विलम्ब से आने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। आईटीआई में गन्दगी मिलने पर अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि आईटीआई में साफ्-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाय।कौशल विकास मंत्री ने राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने निर्देश दिया कि आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार मेलों की जानकारी दी जाय, जिससे आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को कम्पनियों में काम करने का अवसर प्राप्त हो।छात्रहित में शैक्षिणक संस्थानों में कार्मिकों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेंगी। समय से शैक्षिणक कार्य एवं गतिविधियां संचालित की जाय। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य संस्कृति में बदलाव कर शैक्षिणक वातारण बेहतर बनाया जाय। राजकीय आईटीआई लखनऊ को और बेहतर करने हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

## खबरें एक नजर में

### हिंदुस्तानी अवाम पार्टी ने आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को पद पर मनोनीत किया

लखनऊ। हिंदुस्तानी अवाम पार्टी के जिला कार्यालय गोल्डन सिटी, कैंपल रोड, बालागंज में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया. जहां हिंदुस्तानी अवाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद अहमद सफ्त्री गाजी ने आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को पदों से नवाजा। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद अहमद सफ्त्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग आज से पार्टी के सदस्य हैं। कड़ी मेहनत करना शुरू करें। और पार्टी को आगे ले जाने के लिए लोगों से मिलें। बिना लोगों से मिले पार्टी का कोई भला नहीं होने वाला। हर किसी के सुख दुख में शामिल हों। हमें बिना किसी भेदभाव के सबकी मदद करनी है। मौलाना मुहम्मद अहमद सफ्त्री ने कहा कि भले ही हमारी पार्टी का दायरा सीमित है, लेकिन हममें यह जज्बा है, हम अपनी मेहनत से पार्टी को आगे बढ़ाएंगे. जिस दिन हम अपनी पहचान बना लेंगे, हमें विश्वास है कि हमारा अपना वजूद होगा। आज जिन कार्यकर्ताओं को पद से नवाजा गया उनमें भाजपा छोड़ चुकी मनोरमा सिंह हाडा को खातून मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष बनाकर कैंट से टिकट देने का ऐलान किया है. समाजवादी पार्टी छोड़ कर आयी महक रिजवी को प्रांतीय जनरल सचिव और पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने की घोषणा की गई. बेला धानक को लखनऊ की महिला जिलाध्यक्ष व मोहनलालगंज लोकसभा से टिकट दिया गया है. संगीता को खातून जिला उपाध्यक्ष लखनऊ, सोना यादव को खातून मोर्चा उपाध्यक्ष, शाहनवाज सिद्दीकी को केम्पेल रोड वार्ड नंबर 17 का अध्यक्ष, नगमा सिद्दीकी को राजाजीपुरम वार्ड नंबर 46 का अध्यक्ष, शिवम् को मौलवीगंज वार्ड नंबर 95, का सचिव मुहम्मद अमीन को जवाहर नगर वार्ड नंबर 103 का अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर विशेष रूप से मुहम्मद असद कस्सार उर्फ राजू, हिरदेश श्रीवास्तव, रिजवानउला सिद्दीकी, राजू कश्यप, शानू खान, राहुल कुमार, दिलीप कुमार, उज्मा खान,उमैर कुरैशी ऋषभ धानुक अनिल धानुक व अन्य मौजूद थे।

### देवरिया सड़क हादसे में हुई जनहानि पर योगी ने जताया गहरा दुख, परिजनों के प्रति की संवेदना व्यक्त

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद देवरिया में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं, सीएम ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। बता दें कि, यूपी के देवरिया जिले में सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें क्रेटा सवार एक तीन वर्षीय बालिका व चार महिलाओं मौत हो गई है। जबकि क्रेटा में सवार दो अन्य लोग घायल हैं। अस्पताल पर पहुंच एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली। पूरा मामला भाटपाररानी थाना क्षेत्र के बहियारी बघेल के समीप बनकटा का है, जहां एक कार में 5 लोग सवार होकर जनेउ संस्कार में शामिल होने के लिए बिहार के मैरवा जा रहे थे। अभी वह बहियारी बघेल के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार प्रमिला देवी, त्रिशुला, गीता, सिद्धि, ऋतु दमन तीन वर्ष, अंजना, देवेश कुमार घायल हो गए। इस घटना में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने प्रमिला, त्रिशुला, गीता, सिद्धि व ऋतु दमन को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल अंजना व देवेश को प्राथमिक उपचार के बाद महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफ्र कर दिया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा सीएम को पत्र

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह उत्तर प्रदेश के पिछड़े वर्ग के युवाओं के हितों के लिए सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेशअधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत कुल पदों-1468 में से अन्य पिछडे वर्ग के लिए मात्र 139 पदों को आरक्षित किया गया है जो संविधान के अनुच्छेद 16(4) का खुला उल्लंघन के साथ संविधान प्रदत्त 27 प्रतिशत की भावना के विरुद्ध है। ओबीसी के न्यूनतम पद 365 आरक्षित किया जाना चाहिए, लेकिन संविधान प्रदत्त आरक्षण उक्त पदों पर भर्ती में लागू न करने से अन्य पिछड़ा वर्ग में व्यापक आक्रोश है। सरकारी नौकरियों में भर्ती को लेकर पक्षपातपूर्ण की गयी रिक्तियों से एक वर्ग विशेष की भावनाएं आहत होती हैं।उन्होंने ओबीसी वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त भर्ती को रद्द करते हुये नये पदों की रिक्तियां संवैधानिक आरक्षण के साथ जारी करने की मांग की।

**श्री बैजनाथ शिवकला लॉ कालेज मंगलपुर, बाराबंकी (सम्बद्ध डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, उ.प्र.)**

**आवश्यकता**

विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम (एल.एल.बी.) में 01- प्राचार्य पद हेतु योग्यता- मास्टर डिग्री के साथ नेट/पी.एच.डी. (अनुभव 15 वर्ष) 10- प्रवक्ता पद हेतु योग्यता- मास्टर डिग्री के साथ नेट/पी.एच.डी.

**नोट-** विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिन के अन्दर आवेदन करें। वेतन-यू.जी.सी. के परिनियमावली के अनुरूप वेतन देय होगा। अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबन्धक**
**रमेश कुमार वर्मा**
मो.नं.- 9621554399, मो.नं.- 7905856502




मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 5-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर एयर मार्शल आर0जी0के0 कपूर, एवीएसएम, वीएम, एयर ऑफिसर, कमांडिग इन चीफ, सेन्ट्रल एयर कमाण्ड, प्रयागराज ने शिष्टाचार भेंट की

# सेन्ट्रल बार एसोसियेशन हाल में दिवगंत जफरयाब जीलानी को श्रद्धांजलि दी गयी

**लखनऊ।** प्रसिद्ध अधिवक्ता जफ्रयाब जीलानी के निधन पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिवक्ता परिषद (रजि0) के तत्वाधान में एक शोक सभा सेन्ट्रल बार एसोसियेशन डा0 राजेन्द्र प्रसाद सभागार, सिविल कोर्ट में हुई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के उपाध्यक्ष सैयद कफील अहमद एडवोकेट ने की। सभा का संचालन अधिवक्ता मिर्जा मजहर अब्बास ने किया। सेन्ट्रल बार एसोसियेशन के भूतपूर्व अध्यक्ष बाबू रमाशंकर सिंह ने कहा कि जफ्रयाब जीलानी से हमारे प्रगाढ़ सम्बन्ध थे। वह लगभग 44 साल पहले वकालत के पेशे में आये। उनसे कई बार मुकदमें में हमारा सामना रहा मगर आपसी सम्बन्ध हमेशा अच्छे रहे। परिषद के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता काजी सबीहुर्रहमान ने कहा कि जीलानी साहब से मेरा पुराना सम्बन्ध था। वह 1970 में इस क्षेत्र में आये। उनकी शिक्षा मलिहाबाद से प्रारम्भ हुई। 1963 में अमीरूद्दौला इस्लामिया कालेज लखनऊ से इण्टर, लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एल0एल0बी0 व एल0एल0एम0 में सफ्लता हासिल करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उनकी कानूनी सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता।सेन्ट्रल बार एसोसियेशन के अध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि जफ्रयाब जीलानी ने अपने चरित्र से वकालत के क्षेत्र में अच्छी छाप छोड़ी है। ईश्वर उनके परिवार को शक्ति दे। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष वसीम सिद्दीकी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जीलानी साहब वकालत के कर्तव्य मे बहुत ही नेक व ईमानदार रहे। उनकी गिनती देश के बड़े अधिवक्ताओं में होती थी। वह हम जैसे नौजवान अधिवक्ताओं का उत्साह वर्धन करते थे। लखनऊ बार एसोसियेशन के महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्रा ने कहा कि उनके निधन से अधिवक्ता समाज को क्षति पहुँची है। परिषद के उपाध्यक्ष सैयद कफील अहमद एडवोकेट ने कहा कि जीलानी साहब अपनी वकालत मेहनत व ईमानदारी से करते थे। जल्दी ही उनकी जीवनी और सेवाओं पर एक किताब लिखी जाएगी। लखनऊ बार एसोसियेशन के महामंत्री आदेश यादव ने कहा कि गम की इस घड़ी में हम उनके परिवार के साथ हैं और शोकाकुल परिवार को ईश्वर सब्र दे। लखनऊ बार एसोसियेशन के पूर्व महामंत्री जितेन्द्र यादव फ्जीतूफ् ने कहा कि नौजवान अधिवक्ताओं को हमेशा जीलानी साहब की सरपरस्ती हासिल रही है।

# पेंशन बहाली के हर संघर्ष में शामिल होगे समाज कल्याण कर्मचारी

## समाज कल्याण विभाग में प्रमोद कुमार मिश्र ने अध्यक्ष व कुलदीप कुमार श्रीवास्तव ने महामंत्री की ली शपथ

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रीरियल कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह कल्याण भवन के सभागार में मुख्य अतिथि निदेषक समाज कल्याण पवन कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शपथ के दौरान अध्यक्ष एवं महामंत्री ने लम्बित समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए कहा कि समाज कल्याण कर्मचारी पुरानी पेंशन को लेकर चल रहे आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उ.प्र.समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन, कल्याण भवन, लखनऊ के द्विवार्षिक चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों,कार्यकारिणीय सदस्यों के शपथ-ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पवन कुमार, निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश विशिष्ठ अतिथि शिव बरन यादव, महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश व कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पवन कुमार, निदेषक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा अध्यक्ष- प्रमोद कुमार मिश्र को षपथ दिलायी गयी, आर.के. सिंह, संयुक्त निदेशक समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा उपाध्यक्ष-जगतधारी यादव, पी.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक,अध्यक्ष-समाज कल्याण विभाग अधिकारी संघ द्वारा महामंत्री- कुलदीप कुमार श्रीवास्तव, शिव बरन सिंह यादव, प्रदेश महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त मंत्री- महेन्द्र प्रताप सिंह, सगठन मंत्री- प्रणय प्रतीक उपाध्यय, कार्यालय मंत्री- संजय सिंह यादव, कोषाध्यक्ष-रामखेलवान, सांस्कृतिक कार्य मंत्री- मनोज कुमार यादव व ऑडिटर- मो. सालिम अंसारी को तथा संघ के अध्यक्ष, प्रमोद कुमार मिश्र द्वारा कार्यकारिणीय सदस्य- बाल गोविन्द वर्मा, महेश प्रसाद शर्मा, तरनजीत सिंह, श्रीमती कुमुद, अंजनी कुमार पाण्डेय, गौतम कुमार, सुनील कुमार, मून्नू राम, तुशार शुक्ला तथा अंकुश कुमार आर्य को ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ दिलायी गयी। संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि निदेशक समाज कल्याण को ज्ञापन दिया, जिस पर निदेशक समाज कल्याण द्वारा द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये गये है। शपथ-ग्रहण समारोह का संचालन पूर्व महामंत्री, मुकेश चन्द्र जोशी द्वारा किया गया। पवन कुमार, निदेशक, समाज कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त अतिथियों का आभार तथा पदाधिकारियों को शुभकामनाये प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### रालोद की महानगर कार्यकारिणी घोषित

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल महानगर अध्यक्ष लखनऊ आशीष तिवारी ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देशानुसार तथा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह की सहमति से महानगर लखनऊ की कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें कृष्णपाल पाण्डेय, मुदित अवस्थी को उपाध्यक्ष, आदर्ष उपाध्याय, आदित्य गोस्वामी, आदिल कुमार, वासु कुमार, राजू जोषी को महासचिव तथा अरूण धानुक, बबलू बाजपेई, चन्दन गुप्ता, विष्वजीत सिंह, बलवंन्त उपाध्याय, आदित्य यादव, वेद कुमार, अवनीश तिवारी,आसिन सिददीकी, आकाश कुमार, फैज सिददीकी, शशि चौहान, रिषभ सिंह, एवं अनुज गोस्वामी को सचिव मनोनीत किया है।श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों को महानगर लखनऊ में जन जन तक पहुंचाया जायेगा।

# 30 को राष्ट्र नवनिर्माण दिवस मनायेगा भारत रक्षा दल ट्रस्ट

**लखनऊ।** भारत रक्षा दल ट्रस्ट 30 मई को गांधी भवन के पुस्तकालय हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्र नव निर्माण दिवस के कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया का अभिनंदन होगा क्योंकि संयुक्ता भाटिया ने अपनी सरलता व्यवहार कुशलता से महापौर के पद का मान बढ़ाया। संगठन उनके 5 साल की सेवा और समर्पण के कार्य के फ्लस्वरूप उनका अभिनंदन करेगा। भारत रक्षा दल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीनिवास राय राष्ट्रवादी ने बताया कि संगठन बिना दलीय भेदभाव के लखनऊ के नवनिर्वाचित पार्षदों को कार्यक्रम में संयुक्ता भाटिया से मार्गदर्शन प्राप्त करने के उद्देश्य से आमंत्रित कर रहा है ताकि समाजसेवा के अनुभव से प्राप्त ज्ञान से जनसेवा के कार्य कर सके। संगठन ने लखनऊ की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया है।

### बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री धर्म की आंड़ में चला रहे भाजपा का एजेंडा: राजद

लखनऊ। हमारे देश का नाम पूर्व से ही हिंदुस्तान है,अब बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री कौन से हिंदू राष्ट्र की कल्पना कर रहे है।बिहार मे मंच से बिहारियों को पगले कहकर संबोधित करना बिहारियों का अपमान नही तो क्या है।राष्ट्रीय जनता दल उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष और समाजवादी विचारक रवींन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि बाबा धर्म की आंड़ मे भाजपा का ऐजेंडा चला रहे है। इससे पूर्व बाबा रामदेव ,बाबाआशा राम, अन्ना हजारे भाजपाई ऐजंडा चला चुके है। अब देशवासी सतर्क हो चुके है।बाबा बागेश्वर यदि ऐसा कर रहे हैं तो बिहार की जनता उन्हे माफ नही करने वाली है। बिहार सरकार कठोर कार्यवाही करने मे हिचकेगी नही।

# फिल्म ला वास्ते के कलाकार पहुंचे लखनऊ



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

एडिव प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड ने आधिकारिक तौर पर अपनी आगामी फिल्म ला वास्ते का टीज़र जारी किया है। निर्देशक सुदेश कनौजिया, निर्माता आदित्य वर्मा और सह निर्माता रोहनदीप सिंह हमारे समाज में लावारिस लाशों की अनकही त्रासदी को दिखाते हुए एक अनूठी कहानी बड़े पर्दे पर लेकर आए हैं।ला वास्ते एक बी.टेक स्नातक सत्यांश की यात्रा का अनुसरण करता है, जिसका काम शवों को उठाना है। हालांकि, कहानी उनकी या उनके परिवार की नहीं है, बल्कि उन लावारिस लाशों की है जिनके वारिस हैं। फिल्म का उद्देश्य लावारिस लाशों की खातिर लोगों को एकजुट करना है, हमारे समाज में मौजूद अमानवीयता और त्रासदी पर प्रकाश डालना है।ओमकार कपूर, मनोज जोशी, बृजेंद्र काला, उर्वशी एस शर्मा, शुभांगी लतकर, आदित्य वर्मा और विकास गिरी अभिनीत। ला वास्ते 26 मई, 2023 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। फिल्म में मनोज नेगी द्वारा संगीत दिया गया है, जिसमें महान सोनू निगम, कैलाश खेर और स्वानंद किरकिरे ने अपनी आवाज दी है।जैसा कि हम ला वास्ते की रिहाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, आइए हम एक साथ आएं और लावारिस लाशों के कारण के लिए अपना समर्थन दें। क्रांति में शामिल हों और बदलाव का हिस्सा बनें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

लखनऊ । जिला विधिक सहायता प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई थीं। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई। सदस्यों ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया तथा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य मुकदमों का सुलभ, सफ्ल और समय से निस्तारण करने का था जिसमें दीवानी कचहरी, कलेक्ट्रेट, जनपद के समस्त तहसीलों, पारिवारिक न्यायालय, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क संबंधित प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीयसंस्थाओं से संबंधित प्रकरण, दीवानी वाद, उत्तराधिकारी वाद, किराएदार वाद, पारिवारिक वाद, वैवाहिक वाद, प्री लिटिगेशन मामले, मोटर दुर्घटना, प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, जनोपयोगी सेवाओं चलानी वाद व शमनीय प्रकृति के फौजदारी वाद शामिल थे।

# मनोरंजन से भरपूर फिल्म प्यारा कुल्हड़ 26 मई को देशभर के सिनेमाघरों में होगी रिलीज़

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

प्यारा कुल्हड़ % एक ऐसी मजेदार फिल्म है जिसमें दर्शकों को हर तरह का मसाला देखने को मिलेगा। फिल्म में एक्शन है, रोमांस है और कॉमेडी का भी भरपूर तड़का है। फिल्म का ट्रेलर बेहद जानदार है और रिलीज़ होते ही ये ट्रेलर लोगों को खा़सा पसंद भी आ रहा है। अभिषेक चड्ढा द्वारा निर्देशित और प्रेम चंद्रा सिंह द्वारा निर्मित इस फ्ल्मि के गाने भी सुरीले और कर्णप्रिय हैं जो फ्ल्मि की कसी हुई कहानी को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।उल्लेखनीय है फिल्म में हीरो का रोल निभा रहे अभिनेता मानस नागुलापल्ली की यह पहली हिंदी फ्ल्मि है और इससे पहले उन्होंने कई बेहतरीन तेलुगु फ्ल्मिों में अभिनय कर अपनी पहचान बनाई है। गौरतलब है कि अप्सरा रानी भी तेलुगू फिल्मों की स्टार हैं, मगर इससे पहले उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में काम किया है जिसमें रामगोपाल वर्मा के निर्देशन में काम करना शामिल है।लोगों में प्यारा कुल्हड़ को देखने के लिए अभी से ख़ासी उत्सुकता देखी जा रही है। फ्ल्मि के निर्देशक अभिषेक चड्ढा के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में % कुल्हड़ का मतलब एक मासूम शख़्स होता है। निर्देशक ने फ्ल्मि के टाइटल के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया कि एक दिन वे और फ्ल्मि के निर्माता एक गन्ने के जूस की दुकान पर बैठे हुए थे जहां पर बातों-बातों में दोनों को प्यारा कुल्हड़ नामक शीर्षक सूझा। निर्देशक अभिषेक



चड्ढा ने बताया कि फिल्म का हरेक पहलू देखने लायक है और फिल्म से जुड़े हर कलाकार और हरेक सदस्य ने एक उम्दा फ्ल्मि बनाने के लिए जी जान से मेहनत की है।फ्ल्मि के निर्देशक का कहना है कि उन्हें इस फ्ल्मि की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम करने और इसे निर्देशित करने में चार साल का समय लग गया। उन्होंने कहा कि दर्शकों ने जिस तरह से ट्रेलर को प्रतिसाद दिया है, उससे साफ है कि दर्शकों में फ्ल्मि देखने के लिए खासी उत्सुकता है और जब यह फिल्म 26 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी तो बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों का रुख करेंगे।इस फ्ल्मि में % बैडमैन % के नाम से मशहूर गुलशन ग्रोवर एक बड़े बिज़नेस टायकून और अप्सरा के पिता के रोल में नज़र आएंगे। फिल्म में मुकेश खन्ना का भी एक अनोखा अंदाज देखने को मिलेगा।

# महापौर नगर निगमों की छवि सुधारने के साथ कुछ अच्छा और नया करें: योगी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



> मुख्यमंत्री ने महापौरों को नगर निगमों की आय बढ़ाने और क्षेत्रीय समस्याओं का निस्तारण करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समर्थन से नगर निगमों की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नवनिर्वाचित महापौरों को बधाई दी और उनसे नगर निगमों की छवि सुधारने के साथ ही 'कुछ अच्छा' और 'कुछ नया' करने की उम्मीद जताई। योगी ने सात नवनिर्वाचित महापौरों से मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महापौरों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण की तर्ज पर अपने-अपने नगर निगमों को भी आत्मनिर्भर बनाने का सुझाव दिया।

मुख्यमंत्री ने महापौरों को नगर निगमों की आय बढ़ाने और क्षेत्रीय समस्याओं का निस्तारण करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समर्थन से नगर निगमों की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।उत्तर प्रदेश में चार मई और 11 मई को दो चरणों में हुए नगर निकाय चुनाव के नतीजे 13 मई को घोषित किए गए थे। राज्य के सभी 17 नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों ने महापौर पद पर जीत हासिल की थी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी के आवास पर पहुंचे सातों महापौर ने अपनी जीत का श्रेय मुख्यमंत्री को दिया। बयान के मुताबिक, इस मौके पर योगी ने कहा, 卐विकास ही सफलता का माध्यम है। विकास के लिए धन की कमी नहीं है। विकास के जरिये आप परिवर्तन लाइए। सभी विकास कार्यों में मानक और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दीजिए।卐 उन्होंने निर्देश दिया कि प्राथमिकता तय कर हर वार्ड का समुचित विकास करें और क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के प्रति सक्रिय एवं सजग रहें। मुख्यमंत्री ने भूमिगत केबल बिछाने के कार्य को प्राथमिकता पर रखने के साथ ही कूड़ा प्रबंधन और 'स्ट्रीट लाइट' लगाने के काम को भी तरजीह देने को कहा। इसके अलावा, उन्होंने नगरीय इलाकों में आवारा कुत्तों की समस्याओं के निराकरण और गोवंश को भी प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। सुरक्षित शहर की स्थापना पर जोर देते हुए योगी ने कहा कि महापौर सभी 17 नगर निगमों को 'स्मार्ट' बनाने की सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में शौचालय की सफाई व रखरखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले नालों की सफाई करने और प्लास्टिक के इस्तेमाल पर लगाम लगाने को भी कहा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले महापौरों में झांसी के बिहारी लाल, अलीगढ़ के प्रशांत सिंघल, मेरठ के हरिकांत अहलूवालिया, शाहजहांपुर की अर्चना वर्मा, मथुरा के विनोद अग्रवाल, गाजियाबाद की सुनीता दयाल और आगरा की हेमलता दिवाकर शामिल थीं।

## नीरज सिंघल चुने गए आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक जुलाई से संभालेंगे कार्यभार

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक मंगलवार को आईआईए भवन लखनऊ में हुई। बैठक में चुनाव अधिकारी केके अग्रवाल की अध्यक्षता में वर्ष 2023-24 के लिए आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ। जिसमें गाजियाबाद के मशहूर उद्योगपति नीरज सिंघल को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। नीरज सिंघल गाजियाबाद में स्थित ज्ञ ।स्ब्व् ।सन–ैलेजमउे च्अज स्जक. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। ये उद्योग देश में उच्च गुणवत्ता के कई एल्यूमीनियम उत्पाद बनाने के लिए मशहूर है। साथ ही नीरज आईआईए में भी पिछले 19 सालों से कई पदों पर कार्यरत रहे हैं। जिनमें चौप्टर चेयरमैन, डिविजन चेयरमैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद शामिल हैं। वो आईआईए की अन्तर्राष्ट्रीय मामलों की कमेटी के चेयरमैन और आईआईए की क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की गवर्निंग बॉडी के सदस्य भी रह चुके हैं। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर वो 1 जुलाई से कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल थे। साथ ही नीरज आईआईए के लिए इंटरनेशनल लेवल पर कई दौरे कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने जर्मनी और डेनमार्क के टूर के दौरान वहां पर स्थित भारतीय दूतावासों पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने वाणिज्य काउंसलर के साथ देश के एमएसएमई के हित में सार्थक विचार विमर्श किया था। उन्होंने कहा 卐जहां एक ओर आईआईए जैसी महान संस्था का अध्यक्ष चुने जाने पर मैं खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं। वहीं दूसरी ओर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी का भी मुझे एहसास है। इस एसोसिएशन को धरातल से आज की इस ऊंचाई तक पहुंचाने में आईआईए के सभी 18 पूर्व अध्यक्षों की कड़ी मेहनत और प्रगतिशील सोच रही है卐। आगे उन्होंने कहा कि आईआईए हमेशा से ही प्रदेश और केंद्र सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एमएसएमई का उत्थान करता आया है। जिसे जारी रखा जाएगा और आगे बढ़ाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सपा के इस विधायक की जा सकती है सदस्यता यूपी में फिर हो सकता है उपचुनाव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के एक और विधानसभा में जल्द ही उपचुनाव हो सकता है। दरअसल, सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चल रहा है और जल्द ही इस मामले में फैसला आ सकता है। बताया जा रहा है जा रहा है कि आगजनी के मामले में फास्ट ट्रैक मोड में केस की सुनवाई लगभग पूरी हो चुकी है और कुछ गवाहों की गवाही शेष है। वहीं, जानकारों के अनुसार अगर सपा विधायक को कोर्ट से सजा होती है तो कम से कम 3 साल की सजा होगी। दरअसल, इरफान और उनके भाई रिजवान समेत उनके सहयोगियों पर पड़ोस में रहने वाली नजीर फातिमा के प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप लगा था। उसी प्लॉट को कब्जा करने के लिए घर फूंकने का आरोप लगा था जिसको लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वहीं इस केस को देख रहे अधिकारियों का मानना है कि इस मामले में जल्द फैसला आ सकता है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया तो इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान दोनों फरारी काटने लगे। हालांकि एनकांउटर और बुलडोजर के डर से एक महीने बाद दिसंबर के पहले हफ्ते में दोनों ने पुलिस कमिश्नर के दफ्तर में सरेंडर कर दिया था। कानपुर पुलिस ने इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की तैयारी की और माना जा रहा है कि एक महीने के भीतर फैसला आ जाएगा। कानपुर पुलिस इसमें तगड़ी पैरवी के साथ सजा दिलाने की बात कह रही है। जानकारों का कहना है कि पुलिस की ओर से की गई पैरवी इतनी तगड़ी मानी जा रही है कि इरफान सोलंकी को तीन साल से लेकर आजीवन कारावास या दस साल तक की सजा हो सकती है।अगर ऐसा हुआ तो इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता भी खत्म हो सकती है। ऐसी स्थिति में सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव कराया जा सकता है।

### यूपी मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारियां तेज, कई नए चेहरों को योगी कैबिनेट में मिल सकता है मौका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव में शानदार जीत के बाद अब भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो उत्तर प्रदेश सरकार अगले महीने मंत्रिमंडल में विस्तार कर सकती है। माना जा रहा है कि निकाय चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में रामपुर की स्वार सीट से चुनाव जीते आकाश सक्सेना मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। उनके साथ कई नए चेहरे को मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना है। वहीं निकाय चुनाव में बेहतर न प्रदर्शन करने वाले मंत्रिमंडल से बाहर भी जा सकते है। गौरतलब है कि यूपी निकाय चुनाव में भाजपा ने 17 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को पार्टी को मेयर की किसी सीट पर जीत नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश में मेयर की 17 सीटें, नगर पालिका अध्यक्ष की 544 सीट जबकि नगर पंचायत की 199 सीटों पर चुनाव हुए हैं। अब भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर फिर से तैयारी में जुटी है।

### सिविल कोर्ट के बाहर लगी आग, 12 से ज्यादा वकीलों की गाड़ियां जलीं

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को सिविल कोर्ट के बाहर आग लग गई। गेट नंबर-2 के पास जहां वकीलों की गाड़ियां खड़ी होती हैं, वहां आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। वकीलों की 12 से ज्यादा गाड़ियां जल गई। दरअसल, बिजली का तार टूटकर दो पहिया वाहनों पर गिर गया था। इससे आग लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। हजरतगंज फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।बता दें कि कचहरी के बाहर वाहनों की पार्किंग है। दोपहर के समय बिजली का तार टूटकर वाहन पर गिरा। इसके बाद कई वाहन इस आग की चपेट में आ गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन अंदर आने का रास्ता नहीं मिला। काफी देर तक वाहनों को हटाया गया। इसके बाद गेट नंबर दो के पास मौजूद वाटर टैंक की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। लपटें पेड़ तक पहुंच गई थीं। फायर पुलिस ने आधे घंटे बाद काबू पाया। आग लगते ही यहां पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। कचहरी से वकील निकलकर बाहर आ गए। हर कोई रील और सेल्फी लेने में मशगूल हो गया। बताया जा रहा है कि करीब 12 से ज्यादा दो पहिया वाहनों में आग लगी। जिसमें वकील और मुवक्किल के वाहन शामिल हैं। वकीलों का कहना है कि 15 दिन पहले भी बिजली का तार टूटने से आग लगी थी। मंगलवार को फिर वाहनों में इसी तरह से आग लगी। इससे कचहरी की बिजली बाधित कर दी गई है। जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान रहें।

### लोकनायक की पत्नी प्रभावती के नाम पर होगा सामुदायिक केंद्र का नाम, योगी ने दी जानकारी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने बलिया जिले के दलजीत टोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती के नाम पर करने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। योगी ने ट्वीट किया, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जन्मभूमि जनपद बलिया के दलजीत टोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जयप्रकाश नगर का नामकरण लोकनायक जेपी जी की पत्नी स्व. प्रभावती जी के नाम पर करने का निर्णय लिया गया है। इसी ट्वीट में योगी ने कहा, ''इस स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत करते हुए अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जेपी की पत्नी प्रभावती ने भी आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महात्मा गांधी की अनुयायी थीं। सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के कारण प्रभावती को 1932 में गिरफ्तार किया गया था। अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन और नमक कानून तोड़ने में भी वह अग्रणी रहीं। प्रभावती देवी का 15 अप्रैल, 1973 को पटना में निधन हो गया था।

## अपर्णा यादव की आवाज में सुंदरकांड लॉन्च

**बोलीं, कर्नाटक में हनुमानजी का फॉर्मूला फेल, मगर यूपी में चलेगा**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

बीजेपी नेता और मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने मंगलवार को सुंदरकांड लॉन्च किया। अपर्णा ने सुंदरकांड का पाठ अपनी आवाज में किया है। दिवंगत संगीतकार आदेश श्रीवास्तव ने इसका म्यूजिक तैयार किया है। लखनऊ में तीसरे बड़े मंगलवार को लॉन्चिंग के दौरान अपर्णा ने कहा, भले ही विपक्ष ये कह रहा हो कि कर्नाटक में हनुमानजी का फॉर्मूला फेल हो गया। मगर, यूपी में हनुमानजी हम लोगों को अच्छे नंबर दिलाएंगे। उन्होंने कहा, यह फॉर्मूला यूपी में फेल कभी नहीं हो सकता। पिछले चुनावों में मैंने एक नारा दिया था कि लड़ेंगे हनुमान की तरह और जीतेंगे श्रीराम की तरह, तो यही बात यूपी में भी आने वाले समय में लागू होगी। अपर्णा ने कहा, सुंदरकांड के इस ऑडियो वर्जन को यू-ट्यूब, जीओ म्यूजिक, गाना पर सुना जा सकता है। लॉन्चिंग के दौरान बच्चों के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। फिर बच्चों को प्रभु श्रीराम और हनुमानजी की तस्वीरें भेंट की गईं। आयोजन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को आना था, मगर वो किसी वजह से नहीं पहुंच सके। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले यूपी की 80 सीटों को लेकर सियासत शुरू हो चुकी है। सभी पार्टियां अपने कोर वोट बैंक को लुभाने का प्रयास कर रही हैं। एक तरफ कांग्रेस कर्नाटक चुनाव के दौरान, बजरंग दल पर प्रतिबंध करने का ऐलान कर चुकी है। वहीं भाजपा ने पूरे चुनाव में बजरंगबली का खूब सहारा लिया। हालांकि, नतीजे भाजपा के पक्ष में नहीं रहे। मगर पार्टी के वरिष्ठ नेता जानते हैं कि यूपी की सियासत में श्रीराम और हनुमानजी का मुद्दा हिट रहता है। यही कारण है कि आज सुंदरकांड का पाठ लॉन्च किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक की पत्नी अपर्णा यादव लखनऊ में स्वयंसेवी संस्थान भी चलाती हैं। अपर्णा समाजवादी पार्टी के टिकट पर कैंट विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुकी हैं। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया। बीजेपी में शामिल होने के बाद से अब तक अपर्णा यादव ने एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। हाल ही में यूपी में नगर निकाय चुनाव हुए। इसमें अपर्णा यादव को उम्मीद थी कि बीजेपी उन्हें लखनऊ से मेयर पद का प्रत्याशी बना सकती है। लेकिन टिकट नहीं मिला। जिस पर अपर्णा यादव ने यह साफ कहा कि मैं किसी लालच के तहत पार्टी में नहीं आई हूं। मैंने पार्टी उस समय ज्वाइन की थी, जब 6 मंत्रियों ने पार्टी छोड़ा था।

## कर्नाटक चुनाव : बसपा की हार पर मायावती ने जिम्मेदार लोगों को लगायी फटकार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने हाल में सम्पन्न कर्नाटक राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों को कैडर के आधार पर पार्टी का जनाधार बढ़ाने की हिदायत दी है। मायावती ने मंगलवार को यहाँ पार्टी के वरिष्ठ एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ बैठक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस दौरान बसपा प्रमुख ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार पर सख्त नाराजगी जतायी और कहा कि हर राज्य में पार्टी की तैयारी इस तरह से होनी चाहिए कि चुनाव में माहौल चाहे किसी भी पार्टी के पक्ष में हो मगर बसपा की स्थिति अच्छी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरफ खास ध्यान देने की जरूरत है। पार्टी द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मायावती ने बैठक के दौरान कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी स्तर से रह गयी कमियों की तरफ ध्यान दिलाते हुए पदाधिकारियों से कैडर के आधार पर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की हिदायत दी। गौरतलब है कि हाल में सम्पन्न कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बसपा ने कुल 133 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे लेकिन उसे एक भी सीट नहीं मिल सकी। वर्ष 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। मायावती ने बैठक में पदाधिकारियों को हिदायत दी कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को इस बात के लिये जागरूक करें कि बसपा के हाथ में सत्ता आने पर ही बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर के सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के मिशन के अनुरूप शोषित और वंचित समाज को अपने पैरों पर खड़ा किया जा सकता है। बसपा मुखिया ने कहा कि खासकर दलित व मुस्लिम समाज को सत्ता में अपनी उचित भागीदारी और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर अब काफी सजग व सतर्क हो जाना चाहिए, क्योंकि कर्नाटक में इन वर्गों के लोगों ने भी एकजुट होकर कांग्रेस को वोट देकर जिताया है, मगर सरकार बनते समय इन वर्गों की उपेक्षा की गई।

## रॉयल कैफे समूह ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भक्तों को बांटा प्रसाद**

लखनऊ, । जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर रॉयल कैफे परिवार ने सहारागंज मॉल के सामने स्थित अपने होटल पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ग्रुप के एमडी मुरलीधर आहूजा और डायरेक्टर संदीप आहूजा की उपस्थिति में हनुमान जी की पूजा स्तुति कर भोग प्रसाद के छोला-चावल और बूंदी का वितरण भक्तों को किया। श्री पाठक ने रॉयल कैफे ग्रुप द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा इस तरह के आयोजन से प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी जनसेवा में आगे आएं। इस कार्यक्रम में रॉयल कैफे के जी.एम. सौरव सिन्हा, मैनेजर पल्लवी सिंह,मनोज गजवानी,राजेश मखीजा,राम चौबिया,अनूप श्रीवास्तव, सुशील दूबे, महेश दीक्षित, बैंक्वेट मैनेजर संतोष रिजवानी, पंकज कुकरेजा,अनिल बत्रा, उर्वशी शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बिजली दर कम कराने के विरोध में जुटा पावर कॉर्पोरेशन

लखनऊ। बिजली की रार तेज हो गई है। एक तरफ जहां बिजली कंपनियां रेट बढ़ने के विरोध में नियामक आयोग में शिकायत कर रही है। दूसरी तरफ उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी नियामक आयोग में रेट कम करने को लेकर प्रत्यावेदन कर दिया है। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने लोक महत्त्व याचिका दायर की है।कंपनियों के इस प्रस्ताव के खिलाफ उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी मोर्चा खोल दिया गया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि दर कम होनी चाहिए।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारी को लेकर डीएम ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी व गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कालेज किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन के तहत जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में खिलाड़ियों के रहने के लिए व्यवस्थाओं व गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कालेज में खेल प्रतियोगिताओं की चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा हॉस्टल एरिया में पहुंच कर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए गए कमरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल के सभी कमरों में एसी की सुविधा पाई गई। जिलाधिकारी ने बताया की खेलो इंडिया गेम्स में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अपने अपने ठहरने के स्थलों पर पहुंचने लगे है। जिलाधिकारी द्वारा कमरों में रुके हुए खिलाड़ियों से भी संवाद किया गया। उनके लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। खिलाड़ियों द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया की सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध है, किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हैं। जिलाधिकारी द्वारा हॉस्टल एरिया के शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। सभी शौचालयों में पर्याप्त साफ सफाई पाई गई। हर शौचालय में एक डेडीकेटेड सफाई कर्मी की नियुक्ति करना सुनिश्चित की जाए ताकि सफाई व्यवस्था बनी रहे। उपजिलाधिकारी बीकेटी द्वारा बताया गया की अभी तक कुल 513 खिलाड़ी आ चुके हैं। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कालेज में बनाए गए प्ले एरिया का निरीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा बताया गया की फुटबाल, हॉकी, एथेलेटिक, लॉन टेनिस आदि के लिए सभी प्ले एरिया तैयार हो गए है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी प्ले एरिया में पेय जल की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। जिसके संबंध में इवेंट मैनेजमेंट संस्था द्वारा बताया गया की प्ले एरिया के पास 7 वाटर स्टेशन बनाए गए है। उपजिलाधिकारी द्वारा बताया गया की प्ले एरिया में मेडिकल कैंप व एम्बुलेंस की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी बीकेटी प्रज्ञा पांडे व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### इंटरनेशनल यूनानी फोरम के तत्वावधान में राष्ट्रीय वर्कषॉप

लखनऊ। यूनानी चिकित्सा के प्रचार-प्रसार के लिए शहर के एक नामी होटल में इंटरनेशनल वर्कषॉप ''यूनानी सब के लिए'' विषय से राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन किया। जिस में लखनऊ के अलावा डॉ0 मोहम्मद खालिद (अस्सिटेन्ट ड्रग कन्ट्रोलर) दिल्ली सरकार, डॉ0 मिस्बाहुद्दीन अज़हर (इंटरनेशनल यूनानी फोरम के ट्रस्टी) अलीगढ़, डॉ0 शाहिद मलिक (ट्रस्टी इंटरनेशनल यूनानी फोरम) अलीगढ़, डॉ0 तनवीर अहमद, (ट्रस्टी इंटरनेशनल यूनानी फोरम) पटना, डॉ0 आरिज़ कादरी, इलाहाबाद, डॉ0 अबरार उस्मानी, बाराबंकी आदि शामिल थे। इस वर्कषॉप में विभिन्न शिक्षकों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों ने निम्नलिखित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ0 मुबष्शिर खान, संस्थापक ट्रस्टी इंटरनेशनल यूनानी फोरम ने अपने उत्कृष्ट संगठन से वर्कषॉप को सार्थक बनाया ।

## भण्डारा एवं आध्यात्मिक चेतना समागम कार्यक्रम का आयोजन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



ममता का पर्याय और नर सेवा नारायण सेवा को अपना उद्देश्य मानकर दिन रात असहायों और गरीबों की सेवा करने वाली ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज में शांति, सद्भाव एवं समरसता का संचार कर सशक्त राष्ट्र की स्थापना हेतु विगत वर्षा की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को अपरान्ह 12 बजे से रात्रिकालीन 12 बजे तक विशाल भण्डारा एवं आध्यात्मिक चेतना समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेममूर्ति परम पूज्य प्रेम भूषण महाराज का आर्शीवचन, भजन संध्या, भक्तिमय झांकियॉ, भव्य आरती के साथ-साथ समाज को अभिप्रेरित कर रहे महान विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। प्रत्येक वर्ष की भाति प्रात: नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक सुन्दरकाण्ड पाठ तथा हनुमान जी की आरती के साथ भण्डारे का शुभारम्भ किया गया। भण्डारे का उद्घाटन करते हुए माननीय न्यायमूर्ति रंगनाथ पाण्डेय ने कहा सेवा सहायता समर्पण त्याग एवं सहयोग के साथ-साथ भण्डारे एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का कार्यक्रम ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के बहुमुखी उद्देश्यों एवं सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सशक्तता के प्रति संकल्प को स्थापित करती है। उद्घाटन सत्र के अवसर पर चीफट्रस्टी, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र एवं लोकप्रिय वरिष्ठ समाजसेवक राजीव मिश्र ने कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज के वंचितो एवं जरूरतमंदो की सेवा के लिए 24ग7 कृत संकल्प है। आज बजरंगबली की कृपा से रात्रि 12 बजे तक भण्डारे के साथ-साथ भक्ति के विभिन्न आयामों का रसपान करने का अवसर प्राप्त होगा। सभी भक्तजनो का बहुत बहुत स्वागत है। आज के इस 14वें विशाल भण्डारे में प्रसाद वितरण के अतिरिक्त भक्तजनो के लिए भजनसंध्या, भक्तिमय झांकियां, संगीतमय प्रस्तुतियॉ, महानविभूतियो का सम्मान एवं भक्तिमय नृत्य का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त परमपूज्य प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज ने उक्त कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति एवं अपने आर्शीवचनों से हम सभी भक्तजनों का कृतार्थ किया। प्रेममूर्ति जी ने अपने भजनसंध्या में अपनी लोकप्रिय रामधुन के भजनों पर सभी झूमने पर मजबूर कर दिया। लोकप्रिय गायक अविनाश मधुर एवं उनकी पूरी टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आज के इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमुत्री बृजेश पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नगर विकास एवं ऊर्जामंत्री ए0के0 शर्मा एवं लखनऊ की नवनिर्वाचित मेयर सुषमा खर्कवाल सहित कई अन्य मंत्रीगण संगठन के पदाधिकारीगण माननीय सांसदगण, विधायकगण के अतिरिक्त माननीय न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना महासचिव अवधबार एड0 मनोज मिश्रा सहित भारी संख्या में विद्वान अधिवक्तागण शिक्षकगण, कार्यकर्तागण, सहयोगी अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद गृहण एवं भक्ति का रसपान किया।

## मुख्तार अंसारी की पत्नी को अवैध रूप से बेची गयी वक्फ की जमीन, निरीक्षक निलंबित

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वकफबोर्ड ने लखनऊ की एक वकफसंपत्ति को माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी को अवैध रूप से बेचने के मामले में मंगलवार को एक वकफनिरीक्षक को निलंबित कर दिया। बोर्ड इस मामले में मुख्तार अंसारी की पत्नी तथा संबंधित अन्य लोगों को नोटिस भेजेगा। बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने बताया कि लखनऊ के सआदतगंज थाना क्षेत्र स्थित वकफदरोगा मीर वाजिद अली की एक जमीन 25 अप्रैल 2013 को माफिया-नेता मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शां अंसारी को अवैध रूप से बेची गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए वक्फनिरीक्षक मुंतजिर महदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्तार की पत्नी अफ्शां अंसारी और संबंधित जमीन के बेचने वाले नजमुल हसन तथा संबंधित अन्य लोगों को बुधवार को नोटिस भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस नोटिस में उनसे पूछा जाएगा कि आखिर बेचने वाले ने किस अधिकार से उस जमीन को बेचा और खरीदार ने बिना जांचे-परखे उसे कैसे खरीद लिया। जैदी ने बताया कि दोनों पक्षों को अपनी बात रखने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उसके बाद वक्फअधिनियम की धारा 52 के तहत कार्यवाही करके जिला प्रशासन से गुजारिश की जाएगी कि वह उस जमीन पर वक्फबोर्ड को कब्जा दिलाए। गौरतलब है कि मुख्तार अंसारी विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल में बंद है। वहीं, उसकी पत्नी अफ्शां अंसारी फरार है। जैदी ने बताया कि वक्फदरोगा मीर वाजिद अली में वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामले में मुतवल्ली अब्बास अमीर को पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वक्फदरोगा मीर वाजिद अली की ही थाना हसनगंज स्थित अनूप गोयल और नंदकिशोर वर्मा नामक व्यक्तियों की एक निजी संपत्ति को जालसाजी से वक्फअभिलेखों में दर्ज कर लिया गया था।

# भारतीय सेना का घातक प्लाटून अटैक देख कैडेट हुए रोमांचित

- एनसीसी कैडेट्स को सेना के अत्याधुनिक हथियारों से परिचय कराते हुए दी गई विस्तृत जानकारी

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आर पी आदर्श इंटर कॉलेज मनकापुर गोंडा में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल प्रशिक्षण एवं अन्य क्रियाकलापों के अतिरिक्त 11 जाट रेजिमेंट अयोध्या से आए हुए भारतीय सेना के जवानों ने घातक प्लाटून अटैक का सजीव प्रदर्शन किया जिसमें भारतीय सेना किस तरह से टुकड़ियों में अपनी सुरक्षा करते हुए दुश्मन के चेक पोस्ट पर अपना कब्जा करती है। घातक प्लाटून अटैक में सेना के जवानों ने युद्ध के दौरान प्रयोग होने वाले अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर यह कारनामा दिखाया। इसको देखकर एनसीसी के कैडेट्स अत्यंत उत्साहित और रोमांचित हुए। डेमो के बाद सभी कैडेटों को सेना के अत्याधुनिक हथियारों से परिचय कराया गया और हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने 11जाट रेजीमेंट के सभी जवानों से परिचय प्राप्त करते हुए धन्यवाद प्रदान किया। कमांडेंट द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।



प्रशिक्षण शिविर में इसके अतिरिक्त मेजर राजेश द्विवेदी द्वारा मोटिवेशन पर एवं लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट अमिताभ पांडे, लेफ्टिनेंट डॉक्टर दीपक, लेफ्टिनेंट बीके तिवारी एवं मेजर राजाराम द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया।

# शुद्ध पेयजल को लेकर होंगे जन जागरूकता कार्यक्रम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- हर घर जल के तहत ग्रामवासियों को किया जाएगा जागरूक
- जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए किया जाएगा जागरूक

मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली ने बताया कि जल जीवन मिशन हर घर जल कार्यक्रम के तहत गोंडा की समस्त ग्राम पंचायतों में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा इन्फोटेक सॉल्यूशन एजेंसी नोएडा द्वारा सभी गतिविधियां की जाएंगी। उन्होंने सभी विकास खंडों, ग्राम प्रधानों, मुख्य सेविकाओं, ग्राम पंचायत अधिकारियों, सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान 12 गतिविधियां का संचालन किया जाएगा। सभी गतिविधियों को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए इनका चरण वार क्रियान्वयन किया जाएगा। प्रथम चरण में तीन गतिविधियों को शामिल किया गया है। इनके सफल एवं/ प्रभावी क्रियान्वयन होने पर अगले चरण की गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

**पहली गतिविधि** - ड्रपेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन।

**दूसरी गतिविधि**- इजनपद की समस्त ग्राम पंचायतो / राजस्व ग्रामों में 5 पेयजल स्रोतो की जाँच हेतु जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम से व्यवहार परिवर्तन करना।

**तीसरी गतिविधि**- इजनपद की समस्त ग्राम पंचायतो के सार्वजनिक स्थानों (यथा पंचायत भवन, प्राथमिक पाठशाला, आंगनबाडी केन्द्र एंव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर) एवं ब्लाक / जनपद स्तर के मुख्यालयों पर पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी वाल राइटिंग / ग्रैफिटी पेन्टिंग।

# विभिन्न योजनाओं के तहत दान किये गए गोवंशों का कराएं सत्यापन : डीएम

- चारा, पानी, भूसा व उपचार के माकूल बन्दोबस्त करने के दिए गए निर्देश
- हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए बाड़ों में लगाए जाएगें टाट के पर्दे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु संचालित वृहद गो संरक्षण केन्द्र तथा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सहभागिता योजना अन्तर्गत गोदान किये गोवंशों की सूची के अनुसार उनका सत्यापन करा लिया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि भरण पोषण एवं पोषण मिशन अन्तर्गत कुपोशित बच्चों के अभिभावकों को दान किये गये गोवंशों का जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराया जाय।

डीएम मोनिका रानी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों की की जांच हेतु चेक लिस्ट तैयार कर न्याय पंचायतवार जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन करा लिया जाए। सत्यापन के पश्चात ही गोंवशों की संख्या के अनुसार समानुपातिक आधार पर धनराशि का आवंटन किया जाय। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित मानक के अनुसार गोआश्रय स्थलों पर चारा, पानी, छावं, भूसा विशेषकर हरा चारे का प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने यह भी कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गोआश्रय स्थलों में पेयजल की विशेष व्यवस्था रखें एवं टाट के पर्दे लगाकर पशुओं को लू से बचाया जाय तथा निरन्तर अन्तराल पर पर्दों की वाटरिंग भी की जाय जिससे पशुओं को तपिश से बचाया जा सके।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जिले में कुल 118 गोवंश आश्रय स्थल संचालित है जिसमें से 04 वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 93 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, 02 कान्हा गोशाला तथा जिला पंचायत द्वारा संचालित 19 कांजी हाउस हैं। वर्तमान में जिले में 16664 गोवंश संरक्षित हैं। डॉ. प्रसाद ने बताया कि अब तक 610 गोवंश पोषण मिशन योजना के अन्तर्गत वितरित किये गये हैं। जिसके लिए सम्बन्धित परिवारों को गोवंश के भरण-पोषण हेतु रू. 900=00 प्रतिमाह दिये जा रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अब तक 2308 गोवंश पशुपालकों दिये गये हैं इन्हें भी भरण-पोषण हेतु रू. 900=00 प्रतिमाह दिया जा रहा है। डॉ. प्रसाद ने बताया कि जिले में निर्माणाधीन 04 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र का कार्य पूर्ण हो गया है।

यह संरक्षण केन्द्र विभाग को हस्तगत हो गये हैं। इन वृहद गोसंरक्षण केन्द्र में भूसा का संग्रहण करा दिया गया है। गौशालाओं की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह कार्य पूर्ण होते ही वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों को संचालित करा दिया जाएगा। डॉ. प्रसाद ने बताया कि गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों के हरे चारे हेतु अधिकांशतः गोआश्रय स्थलों पर लगभग 100 हेक्टेयर क्षेत्रफल में नैपियर घास की बोआई करा दी गई है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोवंशों का संरक्षण मुख्यमंत्री व शासन की शीर्ष प्राथमिकता है इसलिए सभी जिम्मेदार अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गोआश्रय स्थलों पर चारे, पानी, छांव, भूसा एवं हरे चारे की कमी न रहे। डीएम ने सीवीओ डॉ. प्रसाद को निर्देश दिया कि पशु चिकित्साधिकारियों के माध्यम से संरक्षित गोवंशों का समय समय पर स्वास्थ परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उनके उपचार का प्रबन्ध किया जाय।

## जिला बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम से की शिष्टाचार भेंट

जिला बार एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में बार के पदाधिकारियों, सदस्यों व अन्य अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेंट की। शिष्टाचार भेंट के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्यायिक प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। डीएम ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि बार के साथ बेहतर समन्वय रखते हुए पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय दिलाया जाए। डीएम ने यह भी कहा कि बार एसोसिएशन की यदि कोई समस्या होगी तो उसका भी समयबद्धता के साथ नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा। बार के अध्यक्ष एवं जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मिश्र ने बार की ओर से जिला प्रशासन को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन बहराइच के महामंत्री पुष्पाजंलि नाथ मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष राम नारायण मिश्र, पूर्व महामंत्री प्रमोद श्रीवास्तव, डीजीसी राजस्व अजय शर्मा, विशेष अधिवक्ता राजस्व अतुल गौड़, संयुक्त मंत्री प्रशासन रमन सिंह, मध्य उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दाह संस्कार में जा रहे लोगों से भरी पिकअप पलटी, दो की मौत आधा दर्जन घायल

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के लोलपुर के पास गोरखपुर अयोध्या मुख्य मार्ग पर अयोध्या की तरफ जा रही पिकप में पीछे से ट्रक ने मारी जोर दार ठोकर दो की मौत करीब आधा दर्जन घायल। घटना की सूचना पाकर पंहुचे पुलिस चौकी इंचार्ज सरयू घाट ने घायलों को हास्पिटल पंहुचाया जन्हा पर डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया।मौके पर ग्रामीण विनोद कुमार चौहान ने बताया कि सभी लोग पिकप से थाना क्षेत्र वजीरगंज के सराय खत्री गांव से शवदाह कराने अयोध्या जा रहे थें रास्ते में दुघर्टना हो गई। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव के पास गोरखपुर अयोध्या हाइवे पर मंगलवार दोपहर थाना वजीरगंज गोंडा के सराय खत्री गांव से एक महिला का शव दाह करने के लिए अयोध्या जा रहे थे,तभी अचानक पीछे से आ रहा तेजगति के ट्रक ने साइड मार दी जिससे पिकप सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। और पिकप में बैठे विक्रम चौहान 60वर्ष व शिवकुमार 59 ,रामे चौहान 50 रागे चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए पुलिस की मदद से भर्ती कराया गया है लेकिन तीनों की हालत गंभीर है। वहीं दुर्घटना में घायल विक्रम व शिवकुमार के हॉस्पिटल पहुचते ही डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।तथा दो अन्य लोगों रामे और रागे चौहान,लालमनि, सुभाष, घनश्याम को सामान्य चोटें आई हैं, जिनका अयोध्या के एक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना से क्षेत्र में कोहराम मच गया और अगल-बगल के लोग घटनास्थल सहित हॉस्पिटल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाने में लगे हुए हैं। दुर्घटना के बाबत थानाध्यक्ष नवाबगंज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोपहर में एक पिकअप दुर्जनपुर क्षेत्र से आकर शव दाह के लिए अयोध्या जा रही थी और सरजू घाट पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत रोड पर मोड़ते समय अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 2 लोगों के मौत की खबर आ रही है, घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जबकि गाड़ी में सवार घायलों का मानना है कि पीछे से ठोकर मारकर ट्रक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गई।

# ईशान अग्रवाल बने आईएएस अधिकारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



सिविल सर्विस की परीक्षा में पूरे भारत के अभ्यर्थी अपना अपना भाग्य आजमाते और दिन-रात कड़ी मेहनत करते हुए अधिकतम अंक प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। इसी क्रम में गोंडा जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी व हड्डी रोग विशेषज्ञ शिवा हॉस्पिटल के प्रोपराइटर डॉक्टर महेश अग्रवाल के पुत्र ईशान अग्रवाल ने आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर के बने आईएएस अधिकारी जिसकी सूचना मिलते ही माता पिता व शुभचिंतकों में खुशियों की लहर दौड़ भाई और गायत्री ज्ञान मंदिर के पुजारी सुनील जायसवाल, अनिल जायसवाल, होम्योपैथिक के डॉक्टर मनीष श्रीवास्तव, थायरोकेयर पैथोलॉजी के डॉक्टर अमित श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपी डॉ राजीव चौरसिया, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महाराज कुमार श्रीवास्तव, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा, महामंत्री जगन्नाथ प्रसाद व संतोष पांडे ने ईशांत को दी ढेरों शुभकामनाएं साथ ही सुजीत अग्रवाल, मनीष जायसवाल, आकाश जायसवाल, राजकुमार जयसवाल, मीनाक्षी, शिवराज सिंह, पवन जयसवाल, मनीष अरोड़ा वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, विश्वनाथ गिरी समेत कई वरिष्ठ नागरिकों ने भी वैष्णवी को मिठाईयां खिलाकर दी ढेरों शुभकामनाएं

## डीएम ने जनता दर्शन में की जनसुनवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व डिप्टी कलेक्टर डॉ. पूजा यादव के साथ जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की सुनवाई सम्मान जनक ढंग से करें तथा उनके बैठने इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था की जाए। सभी अधिकारी जनसुनवाई की अवधि में अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में मौजूद रहें। जनसुनवाई करते समय प्रयास यह किया जाए कि आने वाले फरियादी की समस्या का तत्काल निस्तारण हो ताकि लोगों को अनावश्यक भाग-दौड़ न करनी पड़े।

# अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर सीज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- अस्पताल संचालक को नोटिस
- सीएचसी से रेफर मरीज का अस्पताल में करवा दिया डिलेवरी, शिकायत पर हुई कार्यवाई



जनपद के पयागपुर कस्बे में संचालित अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में सीज कर दिया है। जबकि अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब न मिलने पर कार्यवाई की चेतावनी दी है।पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को पिपरा शिवदहा गांव की एक गर्भवती महिला का इलाज कराने परिवार के लोग गए। यहां पर डॉक्टर ने खून की कमी बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

महिला के पति से कोई दलाल मिल गया। वह बेहतर इलाज का झांसा देकर कस्बे में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल ले गया। यहां पर महिला का जांच और डिलेवरी हुआ। अल्ट्रा साउंड जांच तेजस डायग्नोस्टिक सेंटर पर हुई थी। इसकी शिकायत सीएचसी अधीक्षक से की गई। सीएचसी अधीक्षक ने स्वास्थ्य टीम को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर थानेदार सिंह ने बताया कि शिकायत पर जांच की गई तो अल्ट्रासाउंड का कोई कागज नहीं मिला। अल्ट्रा साउंड पूरी तरह से अवैध मिला। जिस पर उसे पुलिस की मौजूदगी में सीज कर दिया गया है। अधीक्षक ने बताया कि जिस प्राइवेट अस्पताल में डिलेवरी हुआ है। उसके संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

नोटिस चस्पा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जवाब न मिलने पर अस्पताल संचालक के विरुद्ध कार्यवाई की जायेगी।

### नहीं बताया संचालक का नाम

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर थानेदार सिंह ने बताया कि अस्पताल में मौजूद कर्मी से संचालक का नाम पूछा गया तो उसने नहीं बताया। उसने कहा कि वह सिर्फ दरवाजा खोलते और बंद करते हैं। नाम नहीं पता है।

# जिले में चार बड़े पदों पर महिला अधिकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- डीएम, सीडीओ, सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम का पद संभाल रहीं महिलाएं
- राजनीति में भी महिलाओं का बोलबाला, विधायक, एमएलसी, नगर पालिका अध्यछ का पद सम्भाल रहीं महिलाएं

जिले के चार बड़े पदों पर महिला अधिकारी काबिज हैं। डीएम, एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट और सीडीओ समेत सभी बड़े पदों की कमान महिला अधिकारियों के हाथ में है। यहीं नहीं जिले में राजनीतिक पदों पर भी महिलाओं का बोलबाला है। 2010 बैच की आईएएस अधिकारी मोनिका रानी बहराइच में जिलाधिकारी बन कर आई हैं। जिले के अधिकतर महत्वपूर्ण पद महिलाएं संभाल रही हैं। जिले की डीएम मोनिका रानी हैं तो सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर हैं। सीडीओ कविता मीना, वहीं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा यादव हैं। डीएम के कमान संभालते ही अन्य महिला अधिकारियों का हौसला सातवें आसमान पर पहुंच गया है। अगर जनप्रतिनिधियों की बात करें तो उसमें भी में महिलाएं आगे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह हैं।जिले की एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व सदर विधायक अनुपमा जायसवाल हैं। बलहा की विधायक सरोज सोनकर हैं। सदर नगर पालिका अध्यक्ष भी महिला हैं। इस बार भाजपा के टिकट से सुधा टेकड़ीवाल ने जीत हासिल की है। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा यादव भी इसे एक अवसर की तरह देखती हैं। वह कहती हैं, महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि इस टीम का हिस्सा हूं। सीनियर अधिकारी एक महिला हैं तो काम करने में ज्यादा आसानी होती है।

# जंगल में घायल मिले युवक की हुई मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

- सीएचसी में चल रहा था इलाज



जिले के मुर्तिहा जंगल में घायल मिले युवक सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत बिछिया-मिहीपुरवा मार्ग पर सोमवार दोपहर को मुर्तिहा गांव के पास एक बाइकसवार का एक्सिडेंट हो गया था। बाइकसवार युवक काफी देर तक घायल अवस्था में सड़क किनारे जंगल में बेहोश पड़ा हुआ था। वहीं कुछ दूरी पर ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी थी। राहगीरों ने घायल को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सीएचसी मिहीपुरवा भर्ती कराया। बाइक सवार युवक की पहचान थाना सुजौली क्षेत्र के जागा पुरवा मटेही गांव निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद के रूप में हुई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान देर रात को युवक की मौत हो गई। डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार के लोग विलख रहे हैं। हादसा किस वाहन से हुआ है, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर रोहित कुमार ने बताया कि युवक को अंदरूनी चोटें आईं थी। इलाज के दौरान मौत हो गई।

## टेंट हाउस में अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत पयागपुर बस स्टॉप पर मंगलवार सुबह करीब 6:00 बजे राकेश तिवारी टेंट हाउस की दुकान में लगी आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मालूम हो कि पयागपुर बस स्टॉप पर राकेश तिवारी का टेंट हाउस का बड़ा कारोबार चल रहा था। अज्ञात कारणों से टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई आग बुझाते समय टेंट हाउस मालिक राकेश तिवारी आग की चपेट में गए। सूचना पाकर अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग बुझाया जिससे टेंट हाउस मालिक के अनुसार लाखों रूपये का नुकसान होने का अनुमान है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल रोहित कुमार ने जले हुए सामान की जांच किया एवं क्षतिपूर्ति के लिए रिपोर्ट लगाकर तहसील कार्यालय को प्रेषित किया। वार्ड नंबर 2 के सभासद विजय कुमार गौतम, समाजसेवी मदन तिवारी, सतनारायण सिंह, आलोक श्रीवास्तव, संतोष तिवारी आदि लोगों ने उप जिलाधिकारी पयागपुर से मुआवजा दिलवाये जाने की मांग किया है।

# आंधी में मकान पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- मेंथा ऑयल टंकी और अन्य सामान टूटा

जिले के नारायन टांडा गांव निवासी एक महिला के मकान पर आंधी में विशालकाय पेड़ गिर गया। जिससे टीन शेड का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा मकान के अंदर रखी मेंथा ऑयल की टंकी भी टूट गई। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।जिले में सोमवार रात नौ बजे के आसपास मौसम अचानक बदल गया। तेज आंधी चलने लगी। आंधी का असर जंगल से सटे गांवों में अधिक रहा। सुजौली थाना क्षेत्र के नारायन टांडा गांव निवासी गुलाबा देवी के टीन शेड के मकान पर विशालकाय पेड़ गिर गया। हालांकि मकान में किसी के न होने से जनहानि नहीं हुई। लेकिन मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टीन शेड में लगा मेंथा ऑयल टंकी, तख्त और अन्य सामान टूट गया। महिला ने बताया कि मकान में कोई नहीं था। जिससे बड़ा हादसा होने से से बच गया। पेड़ गिरने की सूचना हलका लेखपाल को दी गई है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि क्षति रिपोर्ट मिलने के बाद मुआवजा दिया जाएगा।



## तीसरे बड़े मंगलवार पर हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जेष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार के उपलक्ष्य में ब्लाक प्रमुख विशेश्वरगंज वंदना पाण्डेय के आवास पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की आरती पूजन के साथ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय द्वारा किया गया । भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धनुही राज कुमार शुक्ल,संजीव तिवारी,पी डी सिंह,आनंद पाण्डेय, रवि शुक्ला,ब्लाक विशेश्वरगंज के सभी ग्राम सचिव,व कर्मचारी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चल रहा है टीबी उन्मूलन अभियान, आइए हम आप भी करें योगदान

- आपके एक छोटे प्रयास से ब्रेक होगी टीबी की चेन, 2025 तक टीबी मुक्त होगा इंडिया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





टीबी यानि क्षय रोग का इलाज शुरू होने के 15 से 20 दिन बाद मरीज की खांसी बैक्टीरिया रहित हो जाती है। इससे दूसरों में रोग के फैलने का खतरा नहीं रहता।

ऐसे में यदि घर या आस-पास किसी में टीबी के संभावित लक्षण हैं तो उन्हें जांच के लिए प्रेरित कर या विभाग को सूचना देकर आप भी टीबी को फैलने से रोक सकते हैं । इस पहल से हम-आप सहित बच्चे व बुजुर्ग भी इस रोग से सुरक्षित रहेंगे। यह कहना है सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह का। उनका कहना है कि मरीज के खाँसने व छीकने से टीबी रोग एक दूसरे में फैलता है और यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। इसके उन्मूलन के लिए वर्तमान में 4153 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। शेष टीबी के लक्षण वाले संभावित मरीजों की जांच के लिए 15 मई से 21 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है । जांच में टीबी होने पर मरीज का इलाज किया जाएगा । इससे जहां वह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकेंगे वहीं उनके खाँसने व छीकने से दूसरों में इस रोग के फैलने का खतरा नहीं रहेगा।

### एक ही हवा में है हम सबकी सांस

स्कूल कालेज से लेकर ऑफिस व भीड़-भाड़ वाली किसी भी सार्वजनिक जगह पर टीबी का बैक्टीरिया एक दूसरे में हवा के माध्यम से फैल सकता है। एक ही हवा में सांस लेने के कारण कोई भी इसकी चपेट में आ सकता है ।इतना ही नहीं यदि घर में किसी को टीबी के लक्षण हैं तो वह बच्चों सहित दूसरे सदस्यों को भी प्रभावित कर सकता है। रिसिया के राजेन्द्र निवासी 22 वर्षीय अनामिका इसका एक उदाहरण हैं। वह बीते साल टीबी बीमारी से पीड़ित हो गईं थी ।लगभग छह माह निरंतर सरकारी दवाओं के सेवन से वह स्वस्थ हो गईं। बक़ौल अनामिका उनके परिवार में कोई भी इस रोग से पीड़ित नहीं था ।उन्हें यह रोग उनके कालेज की एक छात्रा से मिला था। अनामिका कहती हैं कि जब तक सभी लक्षण वाले व्यक्तियों की जांच कर इलाज नहीं कराया जाता है तब तक टीबी का उन्मूलन संभव नहीं है।

### टीबी मुक्त हवा के लिए चाहिए आपका साथ

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा का कहना है कि टीबी के लक्षण वाले व्यक्ति की सूचना संस्था वर्ल्ड विजन इंडिया द्वारा चयनित टीबी चैंपियन को या जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यालय को देकर एक अच्छी पहल की जा सकती है। टीबी चैंपियन लक्षण वाले व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें जांच और इलाज के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा आप स्वयं भी उस व्यक्ति को जांच व इलाज के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

### इन नंबरों पर दें सूचना

जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यालय
9616768059, 8299182626
संस्था वर्ल्ड विजन इंडिया
9161532733

### पहचाने टीबी के लक्षण

दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, खांसी में बलगम आना , बलगम में खून आना, सीने में दर्द होना, बुखार आना, सोते समय पसीना आना, भूख न लगना, लगातार वजन में कमी आना, थकान लगना, इनमें से कोई भी एक या उससे अधिक लक्षण टीबी के हो सकते हैं।

# संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।।

## पूजन अर्चन व भंडारे की लगी रही होड़

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

वैसे तो प्रत्येक मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन हनुमान जी के मंदिरों में लोग सुंदरकांड आदि पूजा अर्चना करते हैं, लेकिन ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवारों को काफी शुभ माना जाता है। लोग दिन की शुरुआत सुंदरकांड और भण्डारे के साथ करते हैं। आपको बता दें कि ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को भक्तों ने विशेष पूजन अर्चन कर पवनसुत हनुमान की आराधना की। इस दौरान मंदिरों को विशेष रुप से सजाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भक्तिगीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार की धूम जिले भर में देखने को मिली। बड़े मंगल के कारण मंदिरों की विशेष साफ सफाई कर उसे फूलों एवं मालाओं से सजाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भगवान हनुमान के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पवनसुत के दर्शन एवं पूजन अर्चन कर आशीर्वाद मांगा वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में श्रद्धालुओं ने लोगों को ठंडा पानी, शर्बत पिलाने के साथ ही भोजन भी कराया। जगह-जगह हुए आयोजन में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किए। इस मौके पर भक्ति संगीत के कैसेट भी बजते रहे। आयोजकों ने बसों, आटो व अन्य वाहनों को रोक-रोक कर लोगों को जलपान कराया।




### डीएम ने भंडारे में किया प्रसाद वितरण



ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर रायबरेली में जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया है। यहां कलेक्ट्रेट परिसर में भी अधिवक्ताओं ने भव्य भण्डारे का आयोजन किया जिसमे ज़िलाधिकारी माला श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान चालीस पाठ के साथ बजरंग बली के पूजन अर्चन से शुरू हुए भंडारे में ज़िलाधिकारी माला श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र समेत बार अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कर्मी मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने इस दिन को सबसे महान दिन बताते हुए कहा कि ज़िलाधिकारी की मौजूदगी से हम आयोजकों में काफी प्रसन्नता है।

## समयबद्ध तैयारी कर अर्नव ने किया जनपद का नाम रोशन, बने आईएएस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



संघ लोक सेवा आयोग 2022 में 56 वी रैंक लाकर आईएएस बने बेलीगंज निवासी अरनव मिश्र ने जनपद का नाम रोशन कर दिया. संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयनित होकर अर्णव ने अपनी मेधा का परचम लहराया है .अरनव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट पीटर्स स्कूल और एसजेएस से पूरी की थी आईआईटी जोधपुर से इंजीनियरिंग करने के बाद अरनव ने कुछ समय नौकरी भी की लेकिन उनका मन नहीं लगा. देश सेवा और अपने लोगों की सेवा के लिए उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में जाने का मन बनाया। इस दौरान उनकी बड़ी बहन आरुषि मिश्रा आई एफ एस उनकी प्रेरणा स्रोत रही। .बैलीगंज निवासी एडवोकेट अजय मिश्र और शिक्षिका नीता मिश्रा के पुत्र तथा आरुषि मिश्रा के भाई अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा बड़ी बहन और बहनोई चर्चित के कुशल मार्गदर्शन परिवार के सहयोग और शिक्षकों को देते हैं अरनव के मामा वरिष्ठ पत्रकार बृजेंद्र नारायण मिस्र बताते हैं की अर्णव बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और मेधावी था.गौरतलब है कि इसके पूर्व अरनव की बड़ी बहन आरुषि मिश्र ने भी भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा और उत्तर प्रदेश लोक सेवा में भी जनपद का नाम रोशन किया था. अरनव के बहनोई चर्चित गौड भी आईएएस अधिकारी हैं .अरनव की इस सफलता पर उनके परिवार के लोग खुश हैं. जनपद के पत्रकारों, साहित्यकारों ने भी खुशी व्यक्त की है।

## खबरें एक नजर में

### महिलाओं को जागरूक करने के लिए आयोजित हुई बैठक



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं को आगे आने के लिए ग्राम पंचायत ओथी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बैठक आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक मिशन मैनेजर अवंतिका वर्मा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के सुझाव देते हुए जागरूक किया एवं समूह से जुड़ने के फायदे बताएं। बैंक सखी बिसी सखी के बारे में बताया श्याम कुमारी बीसी सखी को जगह बैठने का समय निश्चित कराया जा महिलाओं को बीसी सखी के पास पैसा निकलवाने का भी सुझाव दिया। बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की बैंक सखी सोनी कुमारी ने ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का?436 जमा 18 से 50 वर्ष तक दो लाख नेचुरल मृत्यु होने पर मिलने को बताया प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जो की दुर्घटना बीमा योजना 18 से 65 साल तक ?20 जमा करने का सुझाव दिया एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर दो लाख मिलने को बताया सभी महिलाओं को समूह से जुड़ने सभी योजनाओं के फायदे लेने को बताएं एवं सीसीएल कराने को कहा महिलाओं को आधार बनाने का सुझाव दिया ग्राम प्रधान सुनील मोर ब्लॉक मिशन मैनेजर अवंतिका वर्मा श्याम कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तालाब में नहाते समय डूबा युवक

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अहोरवा भवानी दर्शन करने गये कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव निवासी तीन युवकों में से एक की सरोवर में नहाते समय डूबने से मौत हो गयी। युवक की मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सरोवर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव निवासी सत्यानन्द (19) पुत्र दिलीप कुमार, अकास पुत्र गुरू सेवक व राजू पुत्र श्रीराम एक ही बाइक पर सवार हो मंगलवार की सुबह जनपद अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी मन्दिर दर्शन करने गये थे। मन्दिर के पास ही जयनगरा स्थित बाबा बालदास सरोवर में तीनों स्नान करने गये। जिसमें सत्यानन्द व अकास गहराई में नहाते समय डूबने लगे। तभी राजू ने बैरीकेटिंग में लगी रस्सी तोड़कर फेंकी जिसे पकड़कर अकास तो बाहर आ गया परन्तु सत्यानन्द डूब गया। चीख पुकार सुनकर दर्शनार्थी व आसपास के ग्रामीण जबतक सत्यानन्द को बाहर निकालते उसकी मौत हो चुकी थी।परिजनों के अनुसार रविवार को भी हम उम्र तीनों मित्र एक ही बाइक पर सवार हो मन्दिर दर्शन करने गये थे जहां मंदिर में दर्शन से पूर्व इसी सरोवर में स्नान भी किया था। घटना की सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे जहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घटना से पहरेमऊ गांव सहित क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

### दीवाल बनाने को लेकर सगे भाई भिड़े

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा में दीवाल बनाने को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवाद करने वाले पिता-पुत्र के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर शांतिभंग की कार्यवाही की है। टेढ़ा निवासी अजीत कुमार पुत्र कमला प्रसाद पांडेय ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह सोमवार की शाम घर में अपनी भूमि पर दीवाल का निर्माण करा रहे थे तभी मेरे भाई प्रमोद पांडेय व भतीजे पवन उर्फविक्की योजनाबद्ध तरीके से घर पर आकर मारपीट व गाली गलौज करने लगे। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि अजीत की तहरीर पर दोनों लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट धमकी का मामला पंजीकृत कर लिया गया है वहीं पवन उर्फविक्की के विरुद्ध शांतिभंग की कार्यवाही की गई है।

### जेई सहित दो संविदा कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शड डाउन के बाद ग्यारह हजार लाइन फाल्ट जोड़ते समय संविदा लाइनमैन की जेई के फरमान से युवक करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी जिसपर मृतक की पत्नी की तहरीर पर जेई व दो अन्य संविदा कर्मियों के खिलाफगैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई है। औरास थाना क्षेत्र परसहरा गांव निवासी सूरज मौर्य 30 पुत्र महावीर मौर्य उर्फसुख्खन हसनापुर फीडर से निकली ग्यारह हजार लाइन सोमवार देरशाम सात बजे नेपालपुर गांव के बाहर शडडाउन लेकर खंभे पर चढ़कर फाल्ट जोड़ रहा था तभी अचानक बिजली चालू होने की वजह से करंट की चपेट में आकर खंभे के नीचे गिरकर मौत हो गई। सूचना पर मृतक के परिजन सहित सैकडो ग्रामीण पहुंचकर बिजली विभाग के जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर देररात 1 बजे तक हंगामा करते रहे। मौके पर एसडीएम देवेंद्र प्रताप, सीओ दीपक कुमार सिंह पहुंचकर परिजनो को सांत्वना देते हुए जेई नीरज पाल, सुधांशु, अनिल पर रिपोर्ट दर्ज करवाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए मृतक की पत्नी मालती की तहरीर पर जान से मारने की धमकी सहित गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई। मृतक पांच भाईयो में तीसरे नंबर का था। इसपर कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर जेई नीरज पाल व अन्य दो संविदाकर्मी सुधांशु व अनिल पर जान से मारने की धमकी सहित गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।



### बछरावां के शेरों ने जीते स्वर्ण पदक

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में आयोजित नेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में रायबरेली के एमएमए महासचिव कार्तिकेय राज की अगुवाई में चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें तीन खिलाड़ियों ने दिदेव मिश्रा (यू 60kg), श्रेयांश आर्यन (यू 48kg) व आसिफ खान (यू 48kg) ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी के साथ अन्य सात खिलाड़ियों ने कार्तिक प्रताप सिंह, आदिल खान, अजय पटेल, शुभम, आशुतोष कुमार, अभिषेक सिंह सहित अंकित यादव ने कांस्य पदक जीत कर अपने क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि दिदेव मिश्रा (60 ढ्ढद्द) क्षेत्र के टांडा गांव निवासी श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज मे प्रवक्ता रह चुके इंदिरा कांत मिश्र के नाती व अनुपम कांत मिश्र के पुत्र है। पूर्व में भी यह कोलकाता में संपन्न हुए टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीत चुके है। इसी के साथ विजेताओं खिलाड़ियों को उनके टीम के लीडर ने माला पहनाकर अपनी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निर्वाचित सभासद विवाद मामले का फायदा जयचंदो ने उठाया

**योगेश शर्मा**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के शंकर नगर वार्ड की निर्वाचित सभासद के घर रविवार को हुई मारपीट में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 0123/2023 व 0125/2023 में हकीकत कम और फर्जी रूप से दर्ज नामो की चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों पर है हालांकि ये मामला विवेचना का है जिसमे दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा पर हकीकत ये है कि प्राप्त तहरीर में ये नाम कैसे आ गए तो इसमें प्रमुख भूमिका निभाई है नगर के जयचंदों ने जिन्हें अपनी अपनी रंजिश का हिसाब बराबर करने का इससे सुनहरा मौका नही मिल सकता था तो उन जयचंदों ने इस मौके को भुनाने में कोई कसर नही छोड़ी ये बात दोनों तरफ की प्राप्त तहरीरों के आधार पर दर्ज मुकदमे पर लागू होती है तो सवाल ये भी उठता है कि की मामले में जयचंद की भूमिका दोनों पक्षो से अदा किसने की ये बाते डलमऊ पुलिस की संज्ञान में है दौरान विवेचना जगज़ाहिर होने की प्रबल संभावना है इसमें पुरानी रंजिश से लेकर निकाय चुनाव में मिली हार सहित कई कारण होने की संभावनाएं पाई जा रही है फिलहाल इतना तो तय है कि जिस तरह लोगों ने विवाद में नामों को डलवाकर अपना उल्लू सीधा करने की कोशिश की है उस पर डलमऊ पुलिस की तीखी नजर है उनके कुटिल मंसूबे डलमऊ पुलिस कभी कामयाब नही होने देगी पर भविष्य में ऐसे जयचंदो से सावधान होने की जरूरत है जो किसी भी विवाद को अवसर की तरह देखते है जाहिर है ऐसे जयचंदो का अस्तित्व क्षेत्र व समाज मे शून्य से ज्यादा कुछ नही होता।

### कोतवाली प्रभारी की तत्परता से नहीं जल पाया पूर्व विधायक का पुतला



सोमवार को व्यापारी व निर्वाचित सभासद के घर पर हुए हमले के विरोध में आंदोलन के साथ घटना में संरक्षण देने के जिम्मेदार माने जा रहे पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का पुतला जलाने की कोशिश को कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी ने नाकाम करते हुए उग्र हो रहे व्यापारियों को शांत कराने में अहम भूमिका निभाई सुबह से ही क्षेत्रीय व्यापारियों में रविवार रात हुई घटना को लेकर आक्रोश फूट रहा था जो पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह मुर्दाबाद के नारों के रूप में सुनाई पड़ रहा था आक्रोशित व्यापारियों क्षेत्र में रात्रि को घटी दबंगई पूर्ण घटना पर नामजदों को गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतरे थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रायबरेली के मास्टर प्लान की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि रायबरेली का मास्टर प्लान शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त गाटावार रजिस्ट्री कार्यालय में एक निश्चित अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि ग्रीन बेल्ट आदि की भूमि पर भूलवश भी बैनामा आदि कराने की सम्भावना समाप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि रायबरेली के मास्टर प्लान में जनपद की औद्योगिक, नागरिक सुविधाओं, शहरीकरण, ग्रीन बेल्ट, हाईवे एवं अन्य प्रासंगिक प्राथमिकताओं का समावेश किया गया है।

जिलाधिकारी आज रायबरेली विकास प्राधिकरण के सभाकक्ष में रायबरेली के मास्टर प्लान से सम्बन्धित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि रायबरेली के मास्टर प्लान में शासन द्वारा कई बिन्दुओं पर विस्तृत विवरण मांगा गया था। शासन द्वारा अपेक्षा की गई थी कि मास्टर प्लान में जनपद के विभिन्न विकास एवं जनकल्याण कार्यो से सम्बन्धित क्षेत्रों की वस्तुस्थिति तथा अन्य वांछित सूचनाओं का समावेश किया जाए। उन्होंने बताया कि शासन की अपेक्षा एवं रायबरेली की प्राथमिकताओं के अनुसार मास्टर प्लान में आवश्यकता के अनुरूप बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि रायबरेली के मास्टर प्लान को शीघ्र ही शासन को पुनः अनुमोदनार्थ प्रस्तुत कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त मास्टर प्लान रजिस्ट्री कार्यालय में एक निश्चित अवधि तक उपलब्ध रहेगा, जिस पर सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट जैसी अन्य समस्त सूचनाएं एवं क्षेत्र चिन्हित होंगे। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान को रजिस्ट्री कार्यालय में इसलिए प्रदर्शित किया जायेगा ताकि ग्रीन बेल्ट एवं अन्य प्रतिबंधित भूमि की बिक्री/बैनामा की सम्भावना को समाप्त किया जा सके।

## चौपाल लगाकर किसानों की सुनी समस्याएं



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी गई। जिसमें किसानों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया।

सलोन विकासखंड के ग्राम पंचायत सूची व ग्राम पंचायत जमुरवा बुजुर्ग में ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमें सूची ग्राम पंचायत के 80 किसानों के किसान सम्मान निधि और खतौनी सहित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया गया। महुआ बुजुर्ग में 75 किसानों की समस्याओं को सुना गया हैं।

ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव ने दोनों ग्राम पंचायतों के किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।इस मौके पर कृषि विभाग से स्वर्ण सिंह, राजस्व विभाग से हरि श्याम,अनिल कुमार प्रधान प्रतिनिधि कमलेश सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गौ अधिनियम के वांछित अभियुक्त को भेजा गया जेल




**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को कस्बे के संजय नगर निवासी सलाउद्दीन उर्फ सल्लू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । पकड़े गए युवक के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत था । वह पिछले 6 माह से फरार चल रहा था । कोतवाल बृजेश कुमार राय ने कहा कि आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है ।

## आमजनमानस के साथ खिलवाड़ कर रहा स्वास्थ्य विभाग

### कमीशन के चक्कर मे सरकारी डाक्टर मनमुताबिक रिपोर्ट बनवाकर गरीबों का चूस रहे खून



**लालगंज, रायबरेली**

स्वास्थ्य विभाग आमजनमानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। सरकारी डाक्टर मनमुताबिक रिपोर्ट बनवाकर गरीबों का खून चूस रहे हैं। मामला घोसियाना मुहल्ले के रहने वाले मो. सलीम का है जो दिनांक 18 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में कई दिनों से बुखार से पीड़ित होने के कारण अपना ईलाज करवाने के लिये गय थे। अस्पताल में उनकी जांच की गयी जांच रिपोर्ट में टाईफाइड निगेटिव पाया गया। मो. सलीम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डाक्टर अन्सार को अपनी जांच रिपोर्ट दिखाई। डाक्टर अंसारी ने मो सलीम को समझाया और डराया कि सरकारी अस्पताल की जांच सही नहीं होती है जांच बाहर से करवाओ। उन्होने एक छोटी सी पर्ची पर टाईफाईड पाजिटिव रिपोर्ट बनाने को लिखा जो स्पष्ट रूप से साफ दिख रहा है, और पर्ची पर ही लगभग 800 रू. कीमत की बाहर से दवायें भी लिख दी। पीड़ित मो. सलीम मरता क्या ना करता डा. अन्सारी द्वारा बताये गये भारत पैथालाजी में जांच करवाने के लिये चला गया। थोड़ी ही देर में पीड़ित को टाईफाइड पाजीटिव की रिपोर्ट थमा दी गयी और उससे 400 रू. ऐंठ लिये गये। पीड़ित मो. सलीम बेहद गरीब परिवार का है, किसी तरह अपना और अपने परिवार का गुजर बसर पुराने कबाड़ को ठेलिया में फेरी लगाकर खरीदने का कार्य करता है। घर पहुंचने पर कई लोगों ने मो. सलीम की अगले दिन जांच डा. लालपैथ लैब में करवायी जहां पर उसकी रिपोर्ट निगेटिव आयी। मो. सलीम का सर चकरा गया कि वह अपना ईलाज करे कि ना करे। दो दिन दवा खाने के बाद उसको दवाओं का साई इफेक्ट दिखने लगा उसने दवायें बन्द कर दी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक से शिकायत करने के लिये गया। अधीक्षक के छुट्टी पर होने के कारण मो. सलीम ने डाक्टर और लैब के विरूद्ध शिकायती पत्र अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज को रजिस्टर्ड डाक से भेजा है। अब देखना है कि स्वास्थ्य विभाग डाक्टर और पैथालाजी के विरूद्ध कौन सी कार्यवाही करता है।

## छज्जा गिरने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवल में दरवाजे पर रखा जर्जर छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जे के मलवे में दबकर जहां एक बालक की मौत हो गई। वहीं एक अबोध बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों ने घायल बालक को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान दूसरे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम नेवल निवासी सुंदरलाल पुत्र दुलारे दिवाकर के गोड़े के मुख्य द्वार पर रखा छज्जा अरसे से जर्जर है। मंगलवार को सुबह करीब 7 बजे पड़ोसी हरीश का 9 वर्षीय पुत्र गौरव तथा मोहम्मद शमी का 3 वर्षीय पुत्र अफजल कई अन्य बच्चों के साथ सुंदर के गोड़े के निकट खेल रहे थे तभी अचानक दरवाजे के ऊपर रखा छज्जा भरभराकर गिर गया।

छज्जे के मलबे के नीचे गौरव तथा अफजल दब गए। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलवा हटाया और दोनों घायल बच्चों को बाहर निकाला। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण गौरव बेहोश हो गया तथा अफजल बुरी तरह लहूलुहान हो गया। परिजन आनन-फानन दोनो बच्चों को यहां के सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां इलाज शुरू होने से पहले ही गौरव की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल अफजल को डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने घायल अफजल को कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अफजल ने भी दम तोड़ दिया। दोनों बच्चों की मौत से गांव में हाहाकार मच गया। गौरव के अलावा हरीश का एक पुत्र कार्तिक 5 वर्ष तथा पुत्री परी करीब 3 वर्ष है। बड़े भाई की मौत से दोनों बच्चे अनजान हैं। पिता की सूचना पर पुलिस ने बच्चे का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर और तहसीलदार दिलीप कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना के बाबत पूंछताछ की।

## बड़े मंगल पर एएसपी ने बाटा बालाजी का प्रसाद



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निकट जिला पंचायत मार्केट में श्री बालाजी के भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा, भानू मिश्रा ने पहुंचकर बालाजी की फोटो पर माल्यार्पण कर प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 11 बजे शुरु हुआ भंडारा बाबा की कृपा से देरशाम तक चलता रहा। हजारों लोगों ने प्रसाद किया। इस दौरान बाबा के भक्त रामबोध शुक्ला, पूर्व सभासद सुनील अवस्थी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अजय बाजपेई, सोनी सिंह परिहार, सुधीर मिश्रा राधा, नुरुल हक, सुशील यादव, सुशील मामा, सत्यम बाजपेई, रिंकू तिवारी ने भंडारे में प्रसाद वितरण किया। इसी तरह नगर में सैकड़ो स्थानो पर भण्डारो व शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। शुक्लागंज नगर के विभिन्न स्थानों पर बड़े मंगल के मौके पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह नजर आ रहा था। भक्तिगीतों की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा। जगह-जगह शर्बत और आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर कहीं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन तो कहीं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जगह-जगह आयोजित भंडारों में प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। जगह-जगह प्रसाद वितरण के लिए बनाए गए पांडालो में दोपहर के समय विधि-विधान से पवनपुत्र की पूजा व आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्य शुरू हुआ।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई निविदा संख्याः** NER-LJN-2023-100 **कार्य का नामः** लखनऊ मण्डलः- 11 नं0 प्लेटफार्म विस्तार एवं 04 नं0 पैदल उपरिगामी पुल पर कवर शेड का स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत, बलरामपुर प्लेटफार्म नं0 1/2, झारखण्डी, तुलसीपुर, उस्काबाजार, बढ़नी एवं शोहतरगढ़ के प्लेटफार्म नं0 1 का विस्तार कार्य। **अनुमानित लागत (रु):** 2,36,40,484.77 **अग्रिम धन (रु.):** 2,68,200.00 **समापन अवधि** : 09 माह **ई निविदा संख्याः** NER-LJN-2023-101 **कार्य का नामः** वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/मुख्यालय के कार्यक्षेत्र में समपार सं0 149 से 150, समपार सं0 129 से 131, समपार सं0 59 से 60, समपार सं0 75 से 77, समपार सं0 87 से 88, समपार सं0 94 से 95 एवं समपार सं0 95 से 96 के डायवर्जन की सड़क का सुधार कार्य। **अनुमानित लागत (रु.):** 1,73,52,745.44 **अग्रिम धन (रु.):** 2,36,800.00 **समापन अवधिः** 09 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2023-100 & NER-LJN-2023-101** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 15.06.2023 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग पूर्वोत्तर रेलवे, मुजाधि/डबलू-98** लखनऊ

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# फिर नोट वापसी

देश के केंद्रीय बैंक द्वारा दो हजार के नोट वापसी की घोषणा के बाद नोटबंदी के तमाम विमर्श फिर चर्चा में हैं। आरबीआई का कहना है कि जो नोट चलन में हैं वे वैध रहेंगे। विपक्ष इस फैसले को नोटबंदी की तरह सरकार की विफलता बता रहा है। वहीं सत्तारूढ़ दल के नेता इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक बता रहे हैं और नोटबंदी के बजाय नोट वापसी कह रहे हैं। नोट धारकों को आरबीआई ने तीस सितंबर तक इन्हें अपने बैंक खातों में जमा करने का मौका दिया है। एक बार में बीस हजार तक रुपये जमा कराए जा सकते हैं। दरअसल, आठ नवंबर, 2016 में नोटबंदी लागू होने के बाद सरकार ने दो हजार के नोट शुरू किये थे। सरकार की दलील थी कि पांच सौ और हजार के नोट बंद करने से बढ़ने वाले दबाव कम करने के लिये यह निर्णय लिया गया था। ऐसे में बाजार में अन्य छोटे नोट जरूरी मात्रा में आने से दो हजार के नोट छापने का मकसद पूरा हो गया था। जिसके चलते केंद्रीय बैंक ने वर्ष 2018-19 से नये दो हजार के नोट छापने बंद कर दिये थे। देश के एटीएम व सामान्य प्रचलन में दो हजार के नोट कम ही नजर आ रहे थे। अब बैंकों द्वारा दो हजार के रुपये में भुगतान पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार की दलील है कि इस कदम से काला धन बाहर आ जायेगा। दलील दी जा रही है कि इस बड़े नोट का प्रयोग आतंकी गतिविधियों तथा भ्रष्टाचार में किया जा रहा था। वहीं आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि जब तक गैर कानूनी कामों पर अंकुश नहीं लगेगा, काले धन का सृजन जारी रहेगा। अवैध काम ही काले धन का सृजन करते हैं। बड़ा नोट बंद करने से उस पर अंकुश संभव नहीं है। वैसे आंकड़े बताते हैं कि बीते वित्तीय वर्ष के समापन तक दो हजार के नोटों का महज दस फीसदी ही प्रचलन में था। ऐसे में कुछ लाख लोगों के पास ही दो हजार के नोट मौजूद हो सकते हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि तमाम ऑनलाइन विकल्पों के बावजूद नोट प्रचलन में बढ़ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि नोटबंदी के समय चलन में मौजूद नकदी के मुकाबले करीब दुगनी नगदी अर्थव्यवस्था में मौजूद है। अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ नकदी की मात्रा भी बढ़ रही है। वैसे दो हजार के नोट को लेकर शुरू से ही आशंका थी कि सरकार इसे बंद कर सकती है। यह बात तब सच हुई जब सरकार ने वर्ष 2018 के बाद इन्हें छापना बंद कर दिया। लेकिन आम लोगों में यह प्रश्न खड़ा किया जा रहा है कि वर्तमान समय में इस बंद करने के निर्णय का औचित्य क्या है। यह भी हकीकत है कि इस फैसले का असर नोटबंदी जैसी ऊहापोह की स्थिति पैदा करने वाला नहीं होगा। नोटबंदी के समय जैसी लंबी कतारें नजर नहीं आएंगी, लेकिन बैंकों के कामकाज पर इसका असर जरूर नजर आयेगा। वजह यह भी है कि सरकार ने ये नोट एक निर्धारित अवधि में वापस लेने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी ओर आम लोगों में नोटों की विश्वसनीयता को लेकर सवाल जरूर खड़े होंगे। यही वजह है कि देश में तमाम लोग दो हजार के नोटों से सोना-चांदी खरीदने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि नकदी की जरूरत पूरा करने के लिये बड़े नोट रखने वाले छोटे उद्योगों तथा अपनी बचत को बड़े नोट के रूप में रखने वालों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बहरहाल, भले ही इस फैसले का नोटबंदी जैसा परिणाम न हो लेकिन आम आदमी यह विचार जरूर करेगा कि देश में कैश की विश्वसनीयता कितनी है। कुछ दूसरे बड़े नोटों को लेकर भी ऐसे सवाल खड़े कर सकते हैं। जिसका देश के उस असंगठित क्षेत्र के वित्तीय लेन-देन पर प्रतिकूल असर दिख सकता है, जहां अभी भी लेन-देन के लिये नोटों का इस्तेमाल किया जाता है। जो कहीं न कहीं अर्थव्यवस्था के स्वाभाविक प्रवाह पर असर डालता है।

# जी-20 और कश्मीर

*आदित्य नारायण*

**कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता है। कभी यहां लगातार फिल्मों की शूटिंग होती थी और कश्मीर के पर्यटक स्थल गुलमर्ग, पहलगांव, डल झील और अन्य स्थलों पर फिल्मी सितारों का जमघट लगा रहता था लेकिन पाक प्रायोजित आतंकवाद ने कश्मीर के विकास को लील लिया था लेकिन मोदी सरकार ने दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाते हुए कश्मीर में आतंकवाद को काबू किया। बल्कि विकास की बयार भी बहानी शुरू की। 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को वे सब अधिकार मिलने शुरू हो गए जो पूरे भारत के लोगों को मिल रहे हैं। घाटी के सिनेमाघर दुबारा खुल रहे हैं। बाजारों में लोगों की भीड़ दिखाई देती है और पर्यटकों का जमावड़ा भी लगने लगा है। तीन दिवसीय बैठक में जी-20 देशों के प्रतिनिधि फिल्म और इको टूरिज्म जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता रामचरण और अन्य फिल्म पर्यटन पर चर्चा में शामिल होंगे। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मध्यप्रदेश के पर्यटन विभाग फिल्म टूरिज्म को लेकर आइडिया शेयर करेंगे। भारत का पाकिस्तान, चीन और तुर्की को स्पष्ट संदेश यह है कि हमारे देश की जमीन पर दूसरे देशों के निराधार दावे हमें वहां विकास की योजनाएं चलाने, लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने, महत्वपूर्ण परियोजनाएं चलाने और बड़े कार्यक्रम आयोजित करने से नहीं रोक सकते। जम्मू-कश्मीर को इस साल मार्च के महीने में यूएई की कम्पनी के जरिए 500 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश का पहला प्रोजैक्ट मिला है इससे राज्य के दस हजार युवाओं को नौकरी मिलेगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के कई प्रस्ताव विचाराधीन हैं। पिछले दो वर्षों में 1.90 करोड़ पर्यटकों ने हर वर्ष कश्मीर का रुख किया है। यही सिलसिला इस वर्ष भी जारी है। कश्मीर के बागवानी सैक्टर जिसमें सेब का कारोबार शामिल है, से हर वर्ष राज्य को करोड़ों की कमाई होती है। कश्मीर की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है।**

श्रीनगर में डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनैशनल कन्वैंशन सेंटर में तीन दिवसीय जी-20 के टूरिज्म वर्किंग कमेटी की बैठक शुरू हो गई। श्रीनगर शहर को इस बैठक के लिए दुल्हन की तरह सजाया गया। अगस्त 2019 में घाटी से धारा-370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहला अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है। जी-20 के सदस्य देशों के लगभग 60 प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। हालांकि जी-20 में शामिल चीन, सऊदी अरब, तुर्किय, इंडोनेशिया और मिस्र ने कश्मीर की बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। इस बैठक का मकसद दुनिया को कश्मीर की बदलती तस्वीर दिखाना है। विदेशी राजनयिकों ने यह तस्वीर देखी है कि कश्मीर अशांति की छाया से मुक्त हो रहा है और पाकिस्तान का यहां पर कोई प्रभाव नहीं है। घाटी का आवाम देश की मुख्यधारा में शामिल है और वह प्रशासन से मिलकर कश्मीर के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यद्यपि जी-20 बैठक के दौरान पाक समर्थित आतंकवादियों की साजिशों के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं लेकिन इतना तय है कि कश्मीर तेजी से बदल रहा है। जी-20 बैठक से पाकिस्तान पूरी तरह घबराया हुआ है और पाकिस्तान के विदेश मंत्री भागे-भागे पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पहुंचकर अनर्गल बयानबाजी करने लगे हैं। पाकिस्तान का आवाम भी उनका मजाक उड़ा रहा है। क्योंकि पाकिस्तान के हुक्मरान 75 वर्षों से कश्मीर की रट लगाये हुए हैं। पाकिस्तान का आवाम खुद भारतीय कश्मीर की तरक्की देखकर और पीओके की बदहाली देखकर पाकिस्तान के हुक्मरानों को कोस रहा है। कुछ समय पहले अरुणाचल और लद्दाख में हुए आयोजनों में भी चीन ने हिस्सा नहीं लिया था। इस बैठक में भी चीन, तुर्की और साऊदी अरब के प्रतिनिधियों ने भाग नहीं लिया। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान बुरी तरह से बौखलाया हुआ है और चीन केवल पाकिस्तान को ही तुष्ट करना चाहता है। क्योंकि चीन के आर्थिक हित उससे जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान की आपत्ति से सहमति जताते हुए तुर्की भी श्रीनगर की बैठक से दूर रहा है। भारत पहले ही इन देशों की आपत्तियों का मुंहतोड़ जवाब दे चुका है। श्रीनगर में इस बैठक का आयोजन कर भारत ने यह दिखा दिया ध्है कि कश्मीर में अब कोई विवाद नहीं है और यह भारत




का अभिन्न अंग है। लद्दाख और अरुणाचल में ऐसे आयोजन कर भारत ने यह भी संदेश दिया है कि यह सभी क्षेत्र भारत का अभिन्न हिस्सा है और भारत की संप्रभुता के अंतर्गत आते हैं। इसे भारतीय कुटनीति की जबर्दस्त सफलता के रूप में देखा जा रहा है कि जब भी कोई देश किसी अंतर्राष्ट्रीय समूह का प्रमुख होता है या ऐसे अंतर्राष्ट्रीय बैठकों की मेजबानी करता है तो स्थल का चयन करना उसका विशेषाधिकार होता है। कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता है। कभी यहां लगातार फिल्मों की शूटिंग होती थी और कश्मीर के पर्यटक स्थल गुलमर्ग, पहलगांव, डल झील और अन्य स्थलों पर फिल्मी सितारों का जमघट लगा रहता था लेकिन पाक प्रायोजित आतंकवाद ने कश्मीर के विकास को लील लिया था लेकिन मोदी सरकार ने दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाते हुए कश्मीर में आतंकवाद को काबू किया। बल्कि विकास की बयार भी बहानी शुरू की। 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को वे सब अधिकार मिलने शुरू हो गए जो पूरे भारत के लोगों को मिल रहे हैं। घाटी के सिनेमाघर दुबारा खुल रहे हैं। बाजारों में लोगों की भीड़ दिखाई देती है और पर्यटकों का जमावड़ा भी लगने लगा है। तीन दिवसीय बैठक में जी-20 देशों के प्रतिनिधि फिल्म और इको टूरिज्म जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता रामचरण और अन्य फिल्म पर्यटन पर चर्चा में शामिल होंगे। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मध्यप्रदेश के पर्यटन विभाग फिल्म टूरिज्म को लेकर आइडिया शेयर करेंगे। भारत का पाकिस्तान, चीन और तुर्की को स्पष्ट संदेश यह है कि हमारे देश की जमीन पर दूसरे देशों के निराधार दावे हमें वहां विकास की योजनाएं चलाने, लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने, महत्वपूर्ण परियोजनाएं चलाने और बड़े कार्यक्रम आयोजित करने से नहीं रोक सकते। जम्मू-कश्मीर को इस साल मार्च के महीने में यूएई की कम्पनी के जरिए 500 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश का पहला प्रोजैक्ट मिला है इससे राज्य के दस हजार युवाओं को नौकरी मिलेगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के कई प्रस्ताव विचाराधीन हैं। पिछले दो वर्षों में 1.90 करोड़ पर्यटकों ने हर वर्ष कश्मीर का रुख किया है। यही सिलसिला इस वर्ष भी जारी है। कश्मीर के बागवानी सैक्टर जिसमें सेब का कारोबार शामिल है, से हर वर्ष राज्य को करोड़ों की कमाई होती है। कश्मीर की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 समूह की लगभग 200 बैठकों और कार्यक्रमों के लिए पचास शहरों का चुनाव किया है। इन कार्यक्रमों से उन सभी शहरों का विकास तो होगा ही तथा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान भी मिलेगी। विदेशी राजनयिक भारत की विविधता में एकता के चश्मदीद बनेंगे। जी-20 की बैठक से कश्मीर के पर्यटन उद्योग को बहुत लाभ होगा। भारत ने यह दिखा दिया है कि जी-20 की बैठक महज एक इवैंट नहीं है बल्कि कश्मीर के लिए विश्व पटल पर चमकाने का एक ऐतिहासिक अवसर है और कश्मीर के लिए गर्व का क्षण है।

## विचार

# हिन्दू संस्कृति में काशी विश्वनाथ

काशी का भारत की हिन्दू संस्कृति में वही स्थान है जो इस्लामी संस्कृति में काबा मुकद्दस का है। मूल प्रश्न यह है कि जब काशी का महत्व इस्लामी विद्वानों को भी ज्ञात है और वे भी मानते हैं कि बनारस की हर सुबह-शाम बाबा विश्वनाथ के नाम होती है तो भारत के इस सत्य को उसी प्रकार स्वीकार किया जाना चाहिए जिस तरह मक्का शरीफ में काबे के सच को स्वीकार किया जाता है परन्तु ज्ञानवापी का मामला भी कानूनी लड़ाई में तब्दील हो चुका है। ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था ताकि पता लगाया जा सके कि शिवलिंग कितना पुराना है।

सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद मैनेजमैंट कमेटी की ओर से हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। इससे पहले सर्वे कमीशन ने कोर्ट को बताया था कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में शिवलिंग नुमा आकृति मिली है और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हिन्दू पक्षकारों ने दावा किया था कि परिसर में शिवलिंग मिला है जबकि मुस्लिम पक्षकारों का कहना था कि वह फव्वारा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर अब सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सबसे चर्चित मुद्दा है प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट यानि पूजा स्थल कानून। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वाराणसी कोर्ट का आदेश प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 का उल्लंघन है। प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 में लागू किया गया था। उस वक्त राम मंदिर आंदोलन अपनी चरम सीमा पर था। इस आंदोलन का प्रभाव देश के अन्य मंदिरों और मस्जिदों पर भी पड़ा। उस वक्त अयोध्या के अलावा भी एक के बाद एक कई विवाद सामने आ गए थे। इन सभी विवादों पर विराम लगाने के लिए ही तत्कालीन नरसिम्हा सरकार यह कानून लेकर आई थी। इस एक्ट के अनुसार 15 अगस्त, 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजास्थल को किसी भी अन्य धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। यदि कोई इस एक्ट का उल्लंघन करने का प्रयास करता है तो उसे जुर्माना और 3 साल की जेल भी हो सकती है। एक्ट में यह भी प्रावधान है



कि 15 अगस्त, 1947 में मौजूदा किसी धार्मिक स्थल के बदलाव के सिलसिले में यदि कोई याचिका कोर्ट में पैंडिंग है तो उसे बंद कर दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट इस कानूनी मुद्दे पर भी विचार करके ही कोई फैसला देगा। दूसरी ओर हिन्दू पक्ष का यह कहना है कि ज्ञानवापी मस्जिद प्रकरण में यह वर्शिप एक्ट इसलिए लागू नहीं होता क्योंकि यह ऐतिहासिक है। इसकी सरंचना 100 साल से पुरानी है। ज्ञानवापी का धार्मिक प्रारूप कहता है कि 1947 से पहले यहां माता श्रृंगार गौरी की पूजा हर रोज होती रही है। 1991 तक उनकी पूजा होती रही है। अभी भी साल में एक बार इसकी पूजा हो रही है। अब वहां शिवलिंग मिला है और किसी स्थान पर नमाज पढ़ने मात्र से उस स्थान का धामिक प्रारूप नहीं बदलता। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पूजा स्थल कानून 1991 में बना, उससे पहले 1983 में काशी विश्वनाथ एक्ट बन चुका है। ये पूरा परिसर काशी विश्वनाथ एक्ट के तहत संचालित होता है। 1991 का एक्ट ये भी कहता है कि ये एक्ट उन परिसरों पर लागू नहीं होगा जो किसी और एक्ट से संचालित होते हैं। इस आधार पर ज्ञानवापी प्रकरण में यह एक्ट लागू नहीं होता।

काशी के भगवान विश्वनाथ परिसर में स्थित कथित 'ज्ञानवापी मस्जिद' के बारे में प्रारम्भ से ही यह दृढ़ विश्वास और मत रहा है कि इसे स्वयं मुस्लिम भाइयों द्वारा हिन्दू समाज को सौंप कर देश के भाईचारे को मजबूत बनाना चाहिए और हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिलीजुली गंगा-जमुनी संस्कृति का नमूना पेश करना चाहिए परन्तु मुस्लिम समाज की मुल्ला ब्रिगेड और कट्टरपंथी तत्व यह कभी नहीं चाहेंगे और मस्जिद को लेकर पैदा हुए विवाद को चरम बिन्दू तक पहुंचाना चाहेंगे। जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि पूरे हिन्दोस्तान में यदि कहीं भी मुस्लिम आक्रमण का हिन्दू संस्कृतिक पहचान पर प्रत्यक्ष और बोलता हुआ प्रमाण है तो वह काशी में ही है और जिसे ज्ञानवापी मस्जिद खुद जबानी बयान कर रही है। इस मस्जिद की चारदीवारी पर भीतर व बाहर से हिन्दू देवी-देवताओं की आकृतियों से लेकर पूज्य प्रतीकों के चिन्ह अंकित हैं जबकि ऊपर मस्जिदनुमा गुम्बद कायम कर दिए गए हैं। कोई भी पुरातत्व वेत्ता पहली नजर में बता सकता है कि यह मस्जिद मंदिर को विध्वंस करके ही तामीर की गई है। आजाद भारत में मध्य युग में हुए मुस्लिम आक्रमण के इस दाग को मिटाकर हम ऐसे नए युग की शुरूआत कर सकते हैं जिसमें हर हिन्दू को अपने मुस्लिम भाई को गले लगाने में फक्र महसूस हो और 1947 में पाकिस्तान बनने की जो पीड़ा हर हिन्दोस्तानी को भीतर से सालती रहती है उसका दर्द खत्म हो।

भारत के मुसलमानों का तो यही मुल्क है और इनके पूर्वज हिन्दू ही रहे तो यह अपने पुरखों पर जुल्म ढाने वाले मुस्लिम आक्रांताओं को अपना नायक कैसे मान सकते हैं। जो गुनाह औरंगजेब ने किया उसकी सजा आज की पीढ़ी क्यों भुगते। कितना अच्छा हो अगर मुस्लिम बंधु आपस में बैठकर यह मामला सुलझा लें।

## साहित्य



### गांवों की सुषमा अति न्यारी...

**अनुभव शर्मा**

गांवों की सुषमा अति न्यारी,
टेढी, पतली गलियाँ सारी,
बागों में डालों पर गातीं
फूलों की कलियाँ सुकुमारी।

सन-सन बहता हुआ पवन,
सबनम बरसाता हुआ गगन,
नव- कलियों के आलिंगन को
अलि-अवली का वह पागलपन।

पुरवइया की ये मस्त चाल,
खग करते डालों पर धमाल,
मस्तानों की टोली आती
मलती गालों पर भी गुलाल।

सरिता का भी कल-कल गायन,
तट नीरव, सुन्दर, अति पावन,

## झरोखा



नावों का लहरों से किलोल
क्या छवि अलौकिक, मनभावन।

खेतों में सरसों का खिलना,
पीले फूलों से रंग भरना,
मन को हर्षित करता प्रतिपल
किसलय का धीरे से हिलना।

सब लोग भाव से भरे हुए,
अपनत्व हृदय में धरे हुए,
देखा खलिहानों को जब भी
मन कृषकों के तब हरे हुए।

उन गांवों में फिर गमन करूँ,
पिक, दादुर के स्वर श्रवण करूँ,
आराम करूँ तरु छाँव तले,
चल पगडंडी पर भ्रमण करूँ।



# राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः- आज** दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# विपक्षी नेताओं का जमघट

कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने शपथ लेते ही चुनाव में पार्टी द्वारा आम जनता को दी गई पांच वादों की गारंटी को पहली ही मन्त्रिमंडल की बैठक में न केवल मंजूरी दे दी है बल्कि यह घोषणा भी कर दी है कि वह अवश्यक सरकारी खर्चों की कटौती करके इस गारंटी के लागू होने पर होने वाले व्यय 50 हजार करोड़ रुपए को राज्य स्रोतों से ही पूरा करने का प्रयास करेगी। श्री सिद्धारमैया जैसे जन नेता के शीर्ष पर रहते हुए यह लक्ष्य असंभव नहीं कहा जा सकता परन्तु बैंगलुरू में शनिवार को इस नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में जिस प्रकार देश के चुनीन्दा विपक्षी दलों के नेता जुटे उसे देख कर भी यह अन्दाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि देश की राजनीति अब किस तरफ मुड़ेगी। जिस विपक्षी एकता का शोर पिछले लम्बे अर्से से सुनाई पड़ रहा है, उसके परवान चढ़ने का समय भी अब नजदीक आता दिखाई पड़ रहा है। सवाल सिर्फ एक ऐसे फार्मूले का है जिस पर सभी दलों की स्वीकृति की मुहर लग सके। कुछ राजनैतिक पंडित बैंगलुरू में जमा विपक्षी दलों के नेताओं के जमघट को धर्मनिरपेक्ष ताकतों का महाकुम्भ तक बता रहे हैं और व्याख्या दे रहे हैं कि इस समारोह में आने वाले ऐसे ही दल हैं जो लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की अगुवाई में एकजुट होकर राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुकाबला करेंगे। इन दलों में प. बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी नहीं थी और भारत तेलंगाना समिति के नेता के. चन्द्रशेखर राव नहीं थे, उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव नहीं थे



और दिल्ली के मुख्यमन्त्री व आम आदमी पार्टी के नेता श्री अरविन्द केजरीवाल नहीं थे। इनमें से चन्द्रशेखर राव व केजरीवाल को निमन्त्रण ही नहीं भेजा गया था। साथ ही बीजू जनता दल के ओडिशा के मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक व आन्ध्र प्रदेश वाई.एस.आर. कांग्रेस के नेता जगन मोहन रेड्डी व उत्तर प्रदेश बहुजन समाज पार्टी की सर्वेसर्वा सुश्री मायावती भी समारोह भी नहीं थे। मोटे तौर पर देखा जाये तो ये ऐसे दल हैं जो पिछले नौ सालों से केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार की मुसीबत के समय संसद में मदद करते रहे हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है और पिछले कई साल से उसने संसद में भाजपा के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया हुआ है।

अतः सामान्य रूप से यह कहा जाता है कि बैंगलुरू में जिस-जिस विपक्षी दल के नेता सिद्धारमैया सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक हुए वे 2024 के यूपीए की संभावित पार्टियां हैं। ये सब दल मिलकर भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इन सभी दलों का मूल आधार किसी न किसी रूप में धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त के चारों तरफ घूमता रहा है। यहां तक लगभग 21 वर्षों से भाजपा के सहयोगी रहे नीतीश बाबू के जनता दल (यू) का भी इस सिद्धांत में अटूट विश्वास रहा है और लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल तो ऐलानिया तौर पर धर्मनिरपेक्षता को अपने बुरे वक्तों में भी इस सिद्धान्त को अपनी पार्टी का पहला वाक्य कहती रही है। अतः ममता बनर्जी जैसी नेता का इस समारोह में शामिल न होना यह बताता है कि उनकी वरीयता में कुछ और भी शामिल है। जहां तक मायावती का सवाल है तो उनकी ताकत अब लगभग समाप्ति की तरफ है और उनका लक्ष्य स्वयं को पुराने राजनीतिक कर्मकांडों से अपने को सुरक्षित बचाये रखने का है। समारोह में उत्तर प्रदेश लोकदल के नेता जयन्त चौधरी का शामिल होना बताता है कि लोकसभा चुनावों में उनकी रुची कांग्रेस के सहयोग से अपने मूल जनाधार को मजबूती देने की है। यह जनाधार पश्चिमी व मध्य उत्तर प्रदेश में ही अब बचा है। अपने दादा स्व. चौधरी चरण सिंह की विरासत को बचाने के लिए उनका धर्मनिरपेक्ष ताकतों के साथ दिखना जरूरी है। मगर अखिलेश यादव, ममता दीदी व के. चन्द्रशेखर राव की कहानी दूसरी है, ये शुरू में गैर भाजपा व गैर कांग्रेस के समकक्ष तीसरा मोर्चा बनाने की बातें किया करते थे मगर कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत से इनके फिलहाल होश उड़े हुए हैं। अतः यह सोचना फिजूल है कि विपक्षी एकता के नाम पर सभी विरोधी दल एक साथ एक मंच पर खड़े हो जायेंगे।

कुछ की राजनैतिक मजबूरियां भी उन्हें ऐसा नहीं करने देंगी। वैसे एक मजबूत मंच बनने में अभी और समय बाकी माना जा रहा है क्योंकि दिसम्बर महीने तक चार प्रमुख राज्यों में चुनाव होने हैं जिनमें केवल कांग्रेस पार्टी की ही प्रमुख भूमिका रहेगी और यहां तक रहेगी कि तेलंगाना में उसे भारत तेलंगाना समिति से ही दो-दो हाथ करने होंगे। मगर लोकतन्त्र की मजबूती के लिए ऐसा होना जरूरी भी होता है क्योंकि दिसम्बर महीने तक विधानसभा चुनाव होंगे और अगले साल अप्रैल महीने में लोकसभा के राष्ट्रीय चुनाव होंगे। इन चुनावों में अगर समान विचारधारा वाले दल सैद्धान्तिक आधार पर अपना मोर्चा गठित करते हैं तो राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी विमर्श स्पष्ट तौर पर चमकदार होकर मतदाताओं के सामने आयेंगे और इन पर होने वाली लड़ाई से भारत का लोकतन्त्र मजबूत ही होगा। मगर ऐसा नहीं होना चाहिए जैसा 2018 में विपक्षी दलों के ही बैंगलुरू में कांग्रेस-जनता दल (स) की कुमारस्वामी सरकार के शपथ समारोह में जमा होने के बाद हुआ था और 2019 के लोकसभा चुनाव आते-आते ये दल बिखर गये थे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627, *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# 234 ग्राम पंचायतों में लगा पीएम किसान संतृप्तिकरण कैंप

## 10 जून तक रोस्टर से ग्राम पंचायत वार लगेंगे कैंप, उठाएं लाभ

- बड़ी संख्या में जुटे किसान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार द्वारा कृषक हित में संचालित प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना के तहत पात्र कृषकों को योजना से लाभान्वित किये जाने के लिए शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा पीएम किसान लाभार्थी संत्रप्तीकरण अभियान का क्रियान्वयन सभी ग्राम पंचायतों में 22 मई से 10 जून के बीच ग्राम्य विकास, पंचायती राज, राजस्व विभाग के सहयोग से कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।

22 मई व 23 मई को 234 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुआ। शेष ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों में शिविर का आयोजन होगा। ग्राम पंचायतों में समय सारिणी के अनुसार नियत तिथियों मे शिविर, बैठक आयोजित कर उस ग्राम पंचायत के सभी लाभार्थी कृषकों को योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त



करने में आ रही समस्याओं का कारण पता करते हुए यथासंभव मौके पर समस्या का निदान, शिविर में उपस्थित कृषि, राजस्व, ग्राम्य विकास तथा पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा।

नए लाभार्थियों के आवेदन, ई-केवाईसी, बैंक खाते को आधार से लिंक कराने जैसे कंप्यूटर आधारित कार्यों के लिए, पंचायत सहायक के साथ ही भारतीय पोस्ट पेमेंट बैंक, और कॉमन सर्विस सेंटर के कार्यकर्ता भी शिविर में उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों को पत्र लिखकर, सक्रिय भागीदारी के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों को योजना से जुड़ने में आ रही समस्याओं का निदान उनके गाँव में ही कराया जाना है, जिससे किसान भाइयों को बेवजह सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से निजात मिलेगी। अबतक योजना से वंचित किसान भाइयों से अपील की जाती है कि अपने जरूरी दस्तावेजों (आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी) के साथ शिविर में प्रतिभाग कर अपनी समस्या का निदान कर लें।

# गन्ना पर्यवेक्षक का घूस लेते हुये वीडियो वायरल, निलम्बित

- डीसीओ ने जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुये सम्बन्धित के विरुद्ध भेजी रिपोर्ट, हुयी कार्यवाही
- गन्ना आयुक्त, उप्र ने त्वरित कार्यवाही कर किया निलम्बित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कुछ दिनों पूर्व सोशल मीडिया पर गन्ना विकास परिषद, कुम्भी के गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा कृषक से पैसा लेते हुये वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विभिन्न संचार माध्यमों से वायरल वीडियो प्राप्त होते ही जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने गम्भीरता से लिया। पूरे प्रकरण की तत्काल विस्तृत रिपोर्ट आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उप्र को भेजी।

डीसीओ की रिपोर्ट पर आयुक्त, गन्ना एवं चीनी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पैसा लेने वाले गन्ना पर्यवेक्षक को निलम्बित करते हुये अनुशासनिक कार्यवाही शुरू कर दी। वहीं पूरे मामले की जांच के लिए जिला गन्ना अधिकारी, सीतापुर को जांच अधिकारी बनाया है।

## खबरें एक नजर में

### अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहूंगा : यशपाल सिंह

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश वन विभाग लखीमपुर प्रभागीय विक्रय प्रबंधक के पद पर तैनात यशपाल सिंह उप लैंगिक अधिकारी जो वन विभाग के कर्मठ कर्मचारियों में से एक हैं अपनी कार्यप्रणाली से वन विभाग को बुलंदियों पर ले जाने में यशपाल सिंह ने अहम भूमिका निभाई है। अपने सेवाकाल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ किया। आपके द्वारा सागौन,शीशम इत्यादि सहित विभिन्न प्रकार की औषधीय गुणों से युक्त जन उपयोगी प्रजाति की लकड़ियां भी जनसाधारण तक पहुंचाने का भी भरसक प्रयास किया जा रहा है। माह मई 2023 में यशपाल सिंह का स्थानांतरण मेरठ लैंगिक प्रभाग हेतु किया गया था, जिस पर उन्होंने प्रबंध निदेशक से साइटिका कमर दर्द की बीमारी का हवाला देते हुए स्थानांतरण निरस्त करने का विनम्रता से निवेदन किया गया, जिस पर प्रबंध निदेशक द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उक्त स्थानांतरण को निरस्त कर दिया गया। इस उदारता हेतु यशपाल सिंह ने प्रबंध निदेशक का कोटि-कोटि आभार प्रकट किया।

### राष्ट्रीय स्तर की एसटीईएम क्विज 2.0 का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्तर की एसटीईएम क्विज 2.0 का आयोजन गुजरात काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया था। इस क्विज़ का आयोजन 29 अक्टूबर 2022 को गुजरात स्टेम क्विज़ 2.0 द जर्नी ऑफ़ ए न्यू जेनरेशनफ्र विषय के साथ किया गया था। एसटीईएम क्विज का पहला चरण ऑनलाइन मोड में हुआ था। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में राज्य स्तर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर खीरी के छात्र दिव्यांश सिंह, कक्षा 10 को ग्रैंड फिनाले मे प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ग्रैंड फिनाले 30 मई 2023 को साइंस सिटी अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। यह एक राष्ट्रीय स्तर की क्विज़ है, जिसकी पुरस्कार राशि 2.0 करोड़ है। गुजरात एसटीईएम क्विज़ 2.0 कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। एसटीईएम ऑनलाइन क्विज के प्रथम चरण में राज्य स्तर पर सफल एवं ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित छात्र दिव्यांशु सिंह बेहद उत्साहित हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने छात्र दिव्यांश सिंह को प्रथम चरण में चयनित होने पर बधाई दी एवं ग्रैंड फिनाले में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दी।

### बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** गोला नगर मे तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी तो बढ़ी ही रही है साथ ही गोला की बिजली व्यवस्था भी बदहाल होती जा रही है, आज कई दिनों से तीन- चार बार कई घंटो की कटौती लगातार जारी है,यही हाल रात्रि का भी है, गोला का आम जनमानस परेशान हो रहा है,पुरुष मजबूरी में बाहर निकल कर कहीं भी बैठ सकता है, महिलाओ का गर्मी से बुरा हाल हो रहा है, साथ छोटे छोटे बच्चों का भी हाल बेहाल है,कभी रोस्टिंग के नाम से , तो कभी फाल्ट के नाम से,या कभी मेन सप्लाई के नाम से दिन रात बिजली कटौती जारी है, गोला के जिम्मेदार व्यक्ति मौन धारण किये हुए है,इस गंभीर बिजली की सामस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा ।जब कि शासन ने कह रखा है कि उत्तर प्रदेश मे बिजली पर्याप्त मात्रा मे है, सभी स्तर कों समय से सप्लाई दी जाए।

### चार बंडल प्रतिबंधित टेबलेट अल्फा जोलम सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 23 मई 2023 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्त रामकिशोर उर्फ दरोगा पुत्र ओमकार ग्राम रामापुर थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी से बरामदगी 45 टेबलेट अल्फाजोलम व जुबैर पुत्र रफीक निवासी ग्राम रंगीला नगर थाना कोवताली सदर खीरी से बरामदगी 45 टेबेलट अल्फाजोलम के साथ लाहौरी नगर मोड से गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 पशुपति नाथ तिवारी चौकी प्रभारी राजापुर, उ0नि0 कमलेश कुमार चौकी प्रभारी रामापुर,का0 मनोज कुमार,का0हेमेन्द्र,का0दुष्यन्त कुमार मौजूद रहे।

### 8 दिन बाद जंगल में मिला वृद्धा का छिन्न भिन्न शव

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को ग्राम खड़गुई निवासी एक वृद्धा 15 मई को दिन में बकरी चराने जंगल में गई थी। लेकिन वृद्धा रास्ता भटक जाने की वजह से अपने घर नहीं पहुंची। बताया जाता है कि उसके परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की थी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पायी थी। आज ग्रामीणों को जंगल में एक महिला का शव दिखायी दिया जिसे जंगली जानवरों ने नोंच कर क्षतविक्षत कर दिया था। उक्त जानकारी मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार सप्ताह भरपूर्व थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम खड़गुई दिवारा स्वर्गीय रामबाबू की पत्नी 75 वर्षीय रामसखी जंगल में बकरियां चराने गई थी जो रास्ता भटक जाने की वजह से कहीं गुम हो गई थी जिसका शव गांव से पश्चिम दिशा की ओर मल्थुवा गांव की और बरामद हुआ है। शव जानवरों ने बुरी तरह से तहस-नहस कर दिया है पुत्र राघवेंद्र सिंह की सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### सुलभ शौचालय पर खड़े ऑटो को चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सुलभ शौचालय के पास खड़ी ऑटो को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित वाहन स्वामी ने ऑटो चोरी होने की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी कल्लू ने पुलिस को बताया कि वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीती 18 मई की रात उसने अपना ऑटो मोहल्ले के सुलभ शौचालय के पास खड़ा कर दिया था और वह घर चला आया। रात में किसी समय अज्ञात चोर उसका ऑटो चोरी कर ले गए। सुबह जब वह ऑटो लेने के लिए पहुंचा तो ऑटो गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी ऑटो का कहीं पता नही चला। पीड़ित ने बताया कि ऑटो ही उसकी आय का एकमात्र जरिया था। पीड़ित ने ऑटो की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ऑटो की तलाश शुरू की।

# विभिन्न थानों द्वारा लोगों से गुड मॉर्निंग बोलकर उनका हाल-चाल जाना



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

23 मई 2023 को जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा जनता के लोगों से संवाद स्थापित कर गुड मॉर्निंग बोलकर उनका हाल-चाल जाना। उक्त मुहीम/योजना के अन्तर्गत ÷गुड मार्निंग पुलिस टीम÷ सुबह के समय पार्कों, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, कोचिंग सेण्टर, ट्यूशन को जाते हुये बच्चों, विद्यार्थियों एवं गाँव में जाकर लोगों से विशेष कर बुजुर्गों, महिलाओं आदि से संवाद कर गुड मार्निंग कहकर अभिवादन करेंगे एवं उनसे हाल-चाल लेंगे व उनकी समस्याओं की जानकारी करेंगे। इस मुहीम को लागू करने का उद्देश्य आम जन मानस में सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ होने वाले अपराध की रोकथाम करना एवं भय रहित सुरक्षित वातावरण बनाये रखना है।

# टेक्निकल स्पोर्ट यूनिट की समीक्षा में स्वास्थ्य सेवाओं की करी प्रशंसा

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज ।**

जनपद पहुंच दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट यूनिट द्वारा सीएम ऑफिस सभागार में एक समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान सीनियर टीम लीडर डॉ दिनेश सिंह, सीनियर स्पेशलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन आईएचएटी डॉ. अमन उल्लाह खान सहित सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार व टीएसयू डिस्टिक कोऑर्डिनेटर डॉ रवि कुमार मौजूद रहे।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट यूनिट मंगलवार को जनपद पहुंची। जहां सीएमओ ऑफिस सभागार में टीम द्वारा हेल्थ वर्कर्स के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसके बाद इसे लेकर सीएमओ संतोष गुप्ता से चर्चा की गई। टीम ने



किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

टीम द्वारा न्यू बोर्न स्टेबलाइजर यूनिट की प्रगति जानी गई। यह यूनिट जनपद में पहले दो थीं अब 5 हो गई है। जल्द ही इन्हें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समीक्षा के दौरान लेबर रूम में तैनात स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग, नर्स मेंटल की नियुक्ति और किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ तकनीकी क्षमता वर्धन की बात भी कही गई। इसी के साथ नव वैवाहिक दंपत्ति को परिवार नियोजन हेतु दी जाने वाली शगुन किट जो फैमिली प्लानिंग को प्रमोट करने का काम कर रही है और परिवार नियोजन के संसाधनों को चुनने का विकल्प देती है को लेकर जिले में किए गए कार्यों की सराहना की। टीम द्वारा डिलीवरी प्वाइंट्स को बढ़ाने का सुझाव भी दिया गया। राज्य स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के जनपद भ्रमण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और स्वास्थ्य कर्मचारियों के क्षमता वर्धन, परिवार नियोजन संसाधनों को बढ़ावा, डिलीवरी पॉइंट्स को बेहतर किया जाना, फैमिली प्लानिंग को प्रमोट करना, परिवार नियोजन संसाधनों को बढ़ावा दिया जाना, नव वैवाहिक दंपत्ति को शगुन किट, लेबर रूम की सेवाओं को बेहतर किया जाना और न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट को जनपद में बढ़ावा देना आदि है।

# एक करोड़ की स्ट्रीट लाइट से जगमग हुआ बाईपास मार्ग

- पांच करोड़ से निर्मित गोहानी नाला सेतु का किया लोकार्पण
- पार्क, चौराहों का सौंदरीकरण, सड़क चौड़ीकरण से उत्तम बनेगा जनपद



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार की देर शाम जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कल देर रात चुर्खी चौराहा महाराणा प्रताप चौक पर उरई विकास प्राधिकरण द्वारा इकलासपुरा चौराहे से जालौन चौराहे तक एसएच-21 डिबाईडर पर लगायी गयी डबलआर्म एलईडी स्ट्रीट लाईट का प्रथम बार स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। शहर की सड़कों के सौंदरीकरण से स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जगमग हुआ स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जनपदवासियों में काफी खुशी दिखी शहर को सौन्दरीकरण व स्वच्छ बनाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी हैं।

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कहा कि उरई विकास प्राधिकरण द्वारा इकलासपुरा चौराहे से जालौन चौराहे तक एसएच-21 डिबाईडर पर 4.1 किमी में लागत 1 करोड़ 5 लाख की लागत से 163 स्ट्रीट लाईट लगायी गयी। उन्होंने कहा कि जनपद का सौंदरीकरण कर एक अलग पहचान बनायी जायेगी, स्ट्रीट लाईट लगने से यात्रियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी इससे दुर्घटनाओं में कमी भी आयेगी और शहर प्रकाश से जगमग होगा। उन्होने कहा कि शहर को और अधिक सुन्दर बनाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है जिसमें रेलवे स्टेशन के पास पार्क को विकसित करना, चौराहों का सौन्दरीकरण, सड़क चौड़ीकरण कर शहर को उत्तम शहर स्थापित होगा। उसके उपरान्त जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने फीता काटकर गोहानी नाला पुल का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि गोहानी नाला से आम जनमानस को आवागमन में असुविधा होती है और रोंग साईड से वाहन चलने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी। सदर विधायक ने इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुये अथक प्रयासों से गोहानी नाला पुल का निर्माण लगभग कुल 5 करोड़ की लागत से पूर्ण कराया गया है जिससे अब आम जनमानस को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नही होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी(वि./रा.) पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक मोतीलाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट/सचिव उरई विकास प्राधिकरण रामप्रकाश, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, प्रभागीय वनाधिकारी जयप्रकाश नारायण तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हेमंत पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी, उरई विकास प्राधिकरण के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पीएम किसान संतृप्तिकरण अभियान में सुनी किसानों की समस्याएं



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में 23 मई को पीएम किसान संतृप्ति करण अभियान शिविर वर्ष दो हजार 23, 24 के अंतर्गत पंडितपुर के सचिवालय में शिविर लगाकर किसानों की समस्याओं को सुना एवं उनका मौके पर निस्तारण किया गया पीएम किसान संतृप्ति करण अभियान शिविर में उपस्थित कृषि विभाग अरुण गौतम, क्षेत्रीय लेखपाल लवि गुप्ता, पोस्टमैन शैलेश किशोर शर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि शिव सिंह चंदेल, रोजगार सेवक श्रीकांत त्रिपाठी के द्वारा भूलेख अंकन, आधार सीडिंग, तथा एन पी सी आई, आधार लिंक, ई के वाई सी समस्याओं का समाधान किया गया पीएम किसान संस्कृतिकरण अभियान में ग्राम पंचायत के किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई जिनका निस्तारण किया गया वहां उपस्थित किसान शिवदास बर्मा, रमापति चौधरी, हरगोविंद दयाल त्रिपाठी, सुनील कुमार त्रिपाठी, हृदय नारायण त्रिपाठी, शंकर सिंह, राजा भैया, राम खिलौने, रामकुमार, रनजीत सिंह, रामस्वरूप, प्रमोद कुमार शुक्ला, इस मौके पर उपस्थित रहे।

# किसान खेत तालाब योजना का लाभ उठा, 50 फीसदी अनुदान लें

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

भूमि संरक्षण अधिकारी (रा.जलागम) जालौन द्वितीय, सचिव जिला समिति भूमि संरक्षण भीमसेन ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा संचालित वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाबों का भौतिक लक्ष्य जनपद में संचालित भूमि संरक्षण की इकाईयों को प्राप्त हो गया है जिसमें छोटा तालाब (आकार 22.20.3 घन मी.) कुल लागत 1,05,000 रुपये तथा बड़ा तालाब (आकार 35.30.3 घन मी.) कुल लागत 2,28,400 रुपये है जिनमें कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान डीबीटी के माध्यम से तीन किस्तों में देय होगा जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 50 प्रतिशत, द्वितीय किस्त के रूप में 25 प्रतिशत तथा तृतीय किस्त के रूप में 25 प्रतिशत डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी कृषक के बैंक खाते में अनुदान दिया जायेगा। अतः जनपद के इच्छुक कृषक भाई यदि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत खेत तालाब का लाभ लेना चाहते हों तो वह कृषि विभाग की बेवसाईट पर अपना टोकन जैनरेट करना सुनिश्चित करें। जिससे चयनित कृषकों का जिला समिति से अनुमोदनोपरान्त कार्य कराया जा सके।

# सूर्य मित्र कोर्स हेतु 30 तक आवेदन जमा करें

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉ. नूपुर कश्यप ने बताया कि उप्र सरकार द्वारा सौर ऊर्जा नीति-2022 को प्राख्यात किया गया है तथा इस नीति के अंतर्गत आगामी 5 वर्षो में 30 हजार सूर्य मित्रों को तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3 हजार सूर्य मित्रों को प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाना है जिसके क्रम में राजकीय आईटीआई उरई में प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन योजना 4.0 के अन्तर्गत कोर्स में प्रशिक्षण आरम्भ किया जा रहा है। जिस हेतु आईटीआई उत्तीर्ण (किसी भी व्यवसाय में) इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई 2023 तक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी एवं चार फोटो राजकीय आईटीआई उरई कार्यालय में जमाकर निःशुल्क प्रशिक्षण व रोजगार प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

# बाल विकास बिभाग की सरोज का आंगनबाड़ी से मुख्य सेविका में चयन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जनपद में आईसीडीएस विभाग में श्रीमती सरोज पत्नी केशवदास ग्राम अकोढ़ी विकास खण्ड डकोर में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर तैनात हैं, जिनका चयन मुख्य सेविका के पद पर हो गया हैं। विभागीय शासनादेश के अनुसार 50 वर्ष से कम तथा कम से कम 10 वर्ष की सेवा करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सूची निदेशालय प्रेषित की गई थीं, निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार बिभाग के स्तर से जारी चयनित सूची में जनपद में एक मात्र आंगनवाड़ी कार्यकत्री का ही चयन हुआ है।

# पूजन अर्चन व भंडारे की चहुओर लगी रही होड़

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील परिसर में जिलाधिकारी अनुज सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन तीसरे मंगलवार को पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे वही जिला सूचना अधिकारी लालकमल के द्वारा सूचना विभाग के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अभिषेक मिश्रा प्रिंस तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे लालजी सिंह जीवन ज्योति महाविद्यालय मोरैया कला परसेंडी मे संस्थापक दिनेश सिंह तथा प्रबंधक अभिषेक सिंह व गोलू सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया



गया। वही सीतापुर जनपद में कई जगह विशाल भंडारा भक्तों के द्वारा किया गया जिसमें जेल रोड मूसाराम शिवराम दास ने भी भंडारे का आयोजन किया वही छोटे लाइन निकट शिव मंदिर पर बेहटा ब्लाक प्रमुख नीरज झल्लर के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया बिसवां मे ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को कस्बे के विभिन्न स्थानों पर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । तहसील कर्मियों द्वारा तहसील प्रांगण, बदाल पुरवा में पीयूष शर्मा पत्रकार, मिस्टर गंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान भक्तों ने भंडारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद बांटा व हनुमान जी की पूजा अर्चना की । कई जगह सुंदरकांड का पाठ भी हुआ हनुमान जी के गीतों पर श्रद्धालु नाचते घूमते हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया कहीं पूरी सब्जी वितरित की गई तो कहीं छोला चावल तो कहीं कढ़ी चावल और कुछ लोगों ने शरबत तथा बूंदी वितरित की।

# धूल भरी आंधी के साथ रिमझिम फुहारों से मौसम में दिखी नरमी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार की शाम तेज आंधी और बारिश के साथ मौसम में गर्माहट कुछ कम हुई। धूल भरी आंधी चलने से लोगों को परेशानी हुई। अपरान्ह के बाद आसमान में बादल छा गए। शाम तक तेज धूल भरी आंधी चलने लगी। इसके कुछ समय बाद अचानक से पानी बरसने लगा। पानी बरसने से लोगों को तेज गर्मी से कुछ राहत मिली। इसके बाद ठंडी हवा चलने से लोग घरों के बाहर निकल आए और ठंडक का आनंद लिया। अभी तक तेज धूप निकलने से लोग दोपहर में घरों से निकलने से बच रहे थे। लेकिन मंगलवार को मौसम में हुए परिवर्तन के चलते लोग खुश नजर आए।

# आधा दर्जन गायों की मौत से पशु पालन विभाग में हड़कंप

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

संदिग्धावस्था में आधा दर्जन दुधारू गायों की मौत हुई। वहीं, एक दर्जन गाएं बीमार हैं। गायों की मौत की सूचना पर पुलिस वी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के मृत गायों का पोस्टमार्टम कराकर गायों को जमीन में दफन कराया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गूढ़ा न्यामतपुर में सोमवार की देर शाम अचानक लगभग 2 दर्जन दुधारू गाय बीमार हो गई। कुछ ही समय में गायों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते देखते ही देखते आधा दर्जन गायों की मौत हो गई। गायों की मौत होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने गायों के मरने की सूचना एसडीएम को दी। सूचना मिलते ही एस्डीएम सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र गौतम, पशु चिकित्सक आरके राजपूत के साथ मौके पर पहुंच गए। पशु चिकित्सक ने मृत गायों का पोस्टमार्टम कर बिसरा जांच के लिए भेजा है। लगभग एक दर्जन बीमार गायों का इलाज भी शुरू किया गया है।

घटना को लेकर एसडीएम ने बताया मामला हीट स्ट्रोक का लग रहा है। संभवतः हीट स्ट्रोक के चलते गायों की मौत हुई है। फिर भी स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा। फिलहाल मृत गायों का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। बीमार गायों का इलाज किया जा रहा है। वहीं, पशु चिकत्सक के अनुसार गर्मी के मौसम में पानी न मिलने के चलते घास पशुओं के लिए हितकर नहीं रहती है। पशुओं में फूड प्वाइजनिंग हो सकती है। पशुओं की मौत का कारण हीट स्ट्रोक या फूड प्वाइजनिंग भी हो सकता है। पशु पालक अपने पशुओं को दिन में नहलाएं और खेतों में घास को न चरने दें। ताकि कोई समस्या न आए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। ग्रामीण शिवकुमार, राजकुमार आदि ने बताया की गाएं खेतों में चरने के लिए गईं थीं। वहां से वापस आने पर गाएं बीमार हो गई और आधा दर्जन गायों की मौत हो गई। उधर, गायों की मौत को लेकर गो संपदा संरक्षण शोध संस्थान के अध्यक्ष अनिल शिवहरे ने मामले की जांच कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।

### संगीत के प्रकांड विद्वान थे पांचवे गुरु अर्जुनदेव : जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह

# सेवा और श्रद्धा के साथ शहीदों के सरताज का मनाया गया शहीदी दिवस

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

ऐतिहासिक श्रीगुरूनानक गोविंदधाम गुरुद्वारा नजरबाग में मंगलवार को गुरुग्रंथ साहिब के सम्पूर्ण पाठ की समाप्ति के बाद अरदास-कीर्तन करके पांचवे गुरु अर्जुन देव महाराज के बलिदान को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके बाद गुरुद्वारे के सभी सेवादार के साथ अयोध्या, फैजाबाद,नवाबगंज,मसकनवां, मनकापुर और सोहावल से आई संगत ने जत्थेदार बाबा महेन्द्र सिंह की सरपरस्ती में गुरूद्वारा के मुख्य गेट पर आम जनमानस, श्रद्धालुओं को पारंपरिक छबील (ठंडा शरबत) और चने का प्रसाद वितरित करके अयोध्यानगरी से गुरु को सेवा मई श्रद्धांजली अर्पित की गई।इससे पहले मुख्य अतिथि अयोध्या नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने शर्बत वितरण शिविर का शुभारंभ किया।उनके द्वारा गुरु अर्जुन देव महाराज के महान शहीदी दिवस को नमन किया गया।इस मौके पर जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह बताया कि गुरु अर्जुन देव महाराज का जन्म 15 अप्रैल सन 1563 में हुआ था। 30 मई 1606 ई. में गर्म तवे पे बैठा के सिर में तपता हुआ रेता डालकर तरह-तरह के तसीहे देके गुरु को शहीद कर दिया गया।मात्र 46 वर्ष की आयु में गुरुजी ने एक रचनाकार के रूप में अध्यात्म का सर्वोच्च स्वरूप गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन किया,समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा देने के लिए कबीर,धन्ना जाट,रविदास,सैन नाई,नामदेव,शेख फरीद, त्रिलोचन,पीपा व साधना जैसे लगभग 15 शीर्ष भक्तों की बाणी गुरु ग्रंथ साहिब में अंकित करके जाति धर्म के नाम पे बिखरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। लगभग 31 रागों में संकलित गुरु ग्रंथ साहिब का आध्यात्मिक स्वरूप गुरु की संगीत में प्रकांड विद्वता को दर्शाती है। इसके अलावा गुरुजी को हिंदी, अवधी, संस्कृत, फारसी व अरबी आदि अनेक भाषाओं का ज्ञान था और शस्त्र व शास्त्रों में उनको महारत हासिल था।आज पूरे विश्व में सेवा और अध्यात्म का केंद्र अमृतसर में स्थित हरिमंदिर साहिब स्वर्ण मंदिर का निर्माण कर मूर्त रूप देकर हम सब को शिल्पकला और सेवा सिमरन का एक अलौकिक स्थान प्रदान किया। इस मौके पर सेवादार नवनीत सिंह, अयोध्या विधायक पुत्र अमल गुप्ता, मिथिला बिहारी दास समेत अन्य उपस्थित रहे।




## बाढ़ से निपटने की तैयारियों की एसडीएम ने की समीक्षा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

तहसील सभा कक्ष में आयोजित बैठक में उप जिला अधिकारी तान्या ने आगामी बाढ की तैयारियो के मद्देनजर आवश्यक बैठक की।उन्होने सी एच सी अधीक्षक सूरतगंज और रामनगर को निर्देशित करते हुए कहा वह अपने अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाके की गर्भवती धात्री महिलाओं को चिन्हित कर उनकी संख्या संभावित जन्म का समय निश्चित कर एक रोडमैप तैयार करें।जिससे उन्हे बाढ़ के समय में समुचित चिकित्सा व्यवस्था मिल सके तथा बाढ़ के समय संक्रामक रोगों से निपटने के लिए दवाओं का स्टाफ सुनिश्चित करें।पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में लगे इंडिया मार्का हैंडपंपों का उच्ची करण किए जाने के भी निर्देश दिए।पशु चिकित्सा अधिकारी रामनगर सूरतगंज से कहा कि वह गौशालाओं में जानवरों का टीकाकरण कराएं तथा होने वाले रोगों की दवाओं का पर्याप्त स्टाक रखें।बी डी ओ प्रीती वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में पशुओं के चारा भूसा की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा छुट्टा व गौशालाओं में रह रहे मवेशियों की गणना करें जिससे बाढ़ के समय में कोई असुविधा ना हो।

## महिला खिलाड़ियों के साथ हो रहा व्यवहार अति निंदनीय : विजय

**अयोध्या।** राष्टीय लोक दल के राष्टीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने मंगलवार को जारी किए गए अपने एक बयान में कहा कि देश का पूरी दुनिया मे नाम करने वाली महिला खिलाड़ियों के साथ मोदी सरकार का व्यवहार अति निंदनीय है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के मूल्य आधारित राजनीति को खत्म कर दिया है।देश के सभी गैर भारतीय जनता पार्टी दलों को एकजुट होकर महिला खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए।मोदी सरकार को महिला खिलाड़ियों की माँगों को तुरंत मानना चाहिए और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को नैतिक आधार पर त्याग पत्र दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार लोकतंत्र का देश में मजाक बना रही है।सरदार वल्लभ भाई पटेल,बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर,लाल बहादुर शास्त्री,चौधरी चरण सिंह और डॉ लोहिया की बात करने वाले लोग देश मे अधिनायकवाद की राजनीति कर रहे है।

## बेहाल गर्मी में चरमरा गई पानी व साफ सफाई की व्यवस्था : श्याम कृष्ण

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने मंगलवार को नगर निगम के प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन जनता के साथ अनदेखी कर रही है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पेयजल व्यवस्था सड़कों और गलियों मे साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।मुख्य सड़क और गलियां जगह-जगह खुदी होने के कारण बच्चों और राहगीरों का चलना दूभर हो गया है और लोग चोटिल हो रहे हैं।सफाई कर्मी अब गलियों में आना बंद कर दिए हैं जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है,नालियां बज बजा रही हैं और गंदगी फैल रही है लेकिन नगर निगम हांथ पर हांथ रखकर बैठा है।नगर निगम के नई चुनी हुई बोर्ड का शपथ ग्रहण नहीं हुआ है लेकिन जनता ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंप दी है। सपा महानगर अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित मेयर से मांग करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण होता रहेगा,आप तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए सफाई और पेयजल व्यवस्था बहाल कराएं।

## भण्डारों में जुटी भारी भीड़, सुंदर कांड हुए

**रामनगर बाराबंकी।** जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही।सुंदरकांड एवं हवन पूजा का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा।तहसील रामनगर के परिसर मे एस डी एम तान्या तहसीलदार प्राची त्रिपाठी ने बजरंग बली के भंडारे के प्रसाद का श्री गणेश कराया।अमोली कला मलिहामऊ मलौली मे आयोजित भण्डारे का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने किया।प्रतिभाग करने वालो मे प्रमुख रुप से लक्ष्मी निवास अवस्थी भुल्लन प्रधान चन्द्रकान्त मिश्र आदि शामिल रहे।बदोसराय मार्ग पर यूनियन इण्टर कालेज के पास जी ओ ऑफिस के सामने शुक्ला परिवार की ओर से आयोजित भण्डारे का उद्घाटन वार्ड धमेड़ी दो के सभासद श्याम मोहन शुक्ला ने करते हुए लोगो को पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण किया। जिसमे रमेश राजेन्द्र प्रसाद दुर्विजय कान्त शुक्ला प्रमोद नवनीत राजू (बंटी) विवेक शुक्ला संदीप रविन्द्र आशीष (गोलू) कुन्नी पप्पू आकाश आदि लोगो ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया।भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।रामनगर में पक्का तालाब पर स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक प्रसाद चढ़ाने एवं पूजन अर्चन करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही।गणेशपुर सुढ़ियामऊ रानीगंज महादेवा सहादतगंज बिंदौरा रानी बाजार सहित कस्बा के पक्का तालाब पर स्थित हनुमान मंदिर में भंडारा चलाया गया।हाईवे से फतेहपुर जाने वाले मोड़ पर अमरेंद्र शुक्ला के द्वारा भंडारा चलाया गया।

## सपा विधायक फ़रीद महफ़ूज ने भण्डारोंमें वितरित किया प्रसाद

**मसौली बाराबंकी।** विधानसभा रामनगर के सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने जेष्ठ के तीसरे मंगलवार को आयोजित भव्य भंडारे का शुभारंभ करते हुए कहा कि हनुमान जी के बारे में बताने कि जरुरत नही है। हनुमान जी ने अपने प्रभु के लिए जिस तरह सेवा किया है उसी तरह हम सबको चलने की जरूरत है। निस्वार्थ सेवा में बहुत कुछ हासिल कर सकते है। विधानसभा रामनगर के क्षेत्र के ग्राम हबीबपुर मजरे रोटी गांव में सुशील कुमार और टीआर भट्ठा के चौराहे पर आयोजित भव्य भंडारे का शुभारंभ सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने पहुंचकर शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा,, अखिलेश यादव, जैसी राम यादव, सन्तोष कुमार वर्मा,ओम वर्मा, दिनेश कुमार,अनुज कुमार वर्मा, देशराज, सूरज पटेल सहित लोग मौजूद थे।

## जल अध्ययन यात्रा दूसरे पड़ाव मातृसदन हरिद्वार के लिए हुई रवाना

**लखनऊ/बाराबंकी।** अमेठी जल बिरादरी के संयोजन में जल अध्ययन यात्रा के साथी प्रातः 7-0 दूसरे पड़ाव मातृ सदन हरिद्वार के लिए प्रस्थान किये। यात्रा दल के संयोजक डॉ अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि हम लोग रास्ते में पड़ने वाली गंगा की सहायक नदियों गोमती एवं रामगंगा का भी अवलोकन करेंगे। यात्रा के दौरान जल संकट से उबरने तथा गिरते भूगर्भ जल स्तर को उठाने हेतु लोगों को आगाह किया जायेगा, जिससे चौमासे की वरसात के जल को ज्यादा से ज्यादा धरती के पेट में डाला जा सके। जल अध्ययन यात्रा में संयोजक डॉ अर्जुन पाण्डेय सहित कर्नल राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ अरुण कुमार मिश्र, श्रीमती शांति मिश्रा गुंजन श्रीमती रीता पाण्डेय,हसन एवं मुईन आदि सामिल रहे। यह अध्ययन यात्रा 21मई 23 को अमेठी से प्रारंभ होकर विश्व पर्यावरण दिवस पर 5जून 23 को देहरादून राष्ट्रीय जल विमर्श के साथ समाप्त होकर पुनः अमेठी के लिए प्रस्थान करेगी। उक्त जानकारी संयोजक डॉ अर्जुन पाण्डेय ने दी।

## चंदन-तिलक लगाकर होगा खिलाड़ियों का अभिनंदन

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत 27 से 31 मई तक रामगढ़ताल में होने वाली रोइंग प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के आगमन का सिलसिला 25 मई से प्रारंभ हो जाएगा। गोरखनगरी आगमन पर इन खिलाड़ियों का एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर चंदन-तिलक लगाकर अभिनंदन किया जाएगा। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इन तीनों आगमन स्थलों पर हेल्प डेस्क का भी गठन किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे के खेलो इंडिया हेल्प डेस्क पर वालंटियर्स की तैनाती रहेगी जो खिलाड़ियों व उनके साथ आए स्टाफ का स्वागत कर उन्हें उनके ठहरने के गंतव्य तक पहुंचाएंगे। खिलाड़ियों को पहुंचाने के लिए बस, कार की व्यवस्था रहेगी। प्रतिभागी खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था होटल प्रदीप पैलेस, कृष्णा पैलेस, प्रगति इन, न्यू स्टैंडर्ड होटल, होटल शिवम, सरोवर पोर्टिको व होटल विवेक में होगी। महिला व पुरुष खिलाड़ियों को अलग-अलग ठहराया जाएगा। सभी होटलों पर सुरक्षा के लिए पुरुष-महिला पुलिसकर्मियों की टीम तथा आपात चिकित्सा सेवा के लिए एम्बुलेंस टीम मुस्तैद रहेगी। सोमवार को रोइंग प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने आए खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव व अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों के स्वागत व उनकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्हें बताया गया कि खिलाड़ियों के आगमन स्थलों पर हेल्प डेस्क सेवा के लिए वालंटियर्स की व्यवस्था पूरी कर ली गई। आगमन स्थल से होटल, होटल से प्रतियोगिता स्थल आने-जाने के लिए परिवहन के साधनों का इंतजाम भी पूरा कर लिया गया है।

### उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ ने किया जोरदार स्वागत

**करमा, सोनभद्र।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पुरानी पेंशन बहाली अधिकार रथ यात्रा निकाली गई जो कि पूरे प्रदेश में भ्रमण करके लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। उ0 प्र0 पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश मौर्य ने कहा कि पेंशन बहाली के लिए लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी पुरानी पेंशन हमारा मौलिक अधिकार है ये हर हाल में हमे मिलना चाहिए, विंध्यवासिनी मिश्रा (लहरी) ने कहा कि जब तक पेंशन बहाल नही होता संघर्ष जारी रहेगा और इस रथ के माध्यम से हम लोगो को जागरूक करने का करेंगे और अपने हक व हुकूक की लड़ाई के लिए जो भी संघर्ष करना पड़े हम उसके लिए तैयार हैं। इस मौके पर मानिक चंद्र जिला मंत्री विजय यादव ब्लाक अध्यक्ष कर्मा,राजीव सिंह, बृज मोहन प्रजापति,विजय भान सिंह, मिथिलेश सिंह, उदयभान सिंह आदि सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अविवि को आयकर से वापस होगी 57 करोड़ की धनराशि

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 2018 में आयकर विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के खाते से 45 करोड़ 79 लाख 92 हजार 562 रूपये कर के रूप में काट लिए गए थे।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के सद्प्रयासों से उक्त धनराशि अब विश्वविद्यालय को वापस मिलेगी। विश्वविद्यालय को उक्त धनराशि ब्याज सहित करीब 57 करोड़ रूपये वापस मिलेगा।कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का उक्त प्रकरण निर्धारण वर्ष 2013-14 का था।विश्वविद्यालय की अपील याचिका आयकर विभाग द्वारा खारिज कर दी गई थी।

विगत 26 जुलाई को निर्णय के विरूद्ध अपील की गई जिसके फलरूवरूप 14 नवम्बर को प्रकरण लखनऊ स्थान्तरित कराते हुए प्रभावी पैरवी के परिणाम रूवरूप 19 मई को आरोपित आयकर शून्य करार दिया गया एवं समस्त धनराशि विश्वविद्यालयय को वापस कराने के पक्ष में आदेश पारित किया गया।

विश्वविद्यालयय के वित्त अधिकारी पुर्णेन्दू शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय का उक्त प्रकरण वर्ष 2013-14 का है।आयकर विभाग द्वारा 05 अप्रैल, 2018 को 20 करोड़ 3 लाख 92 हजार 562 एसबीआई से एवं 11 अप्रैल, 2018 को 25 करोड़ 76 लाख सीबीआई से आयकर द्वारा कर के रूप में ले लिया गया था।

आयकर अपीलीय अधिकरण लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय को समस्त धनराशि ब्याज सहित वापस किए जाने का आदेश पारित किया है जो वर्तमान में सीपीसी बैगलोर को प्रक्रिया हेतु प्रेषित किया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयल एवं वित्त अधिकारी के सद्प्रयासों से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

## तीसरे मंगल को रही भंडारों की धूम हनुमान चालीसा से गुंजायमान हुआ माहौल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र के हनुमान मन्दिरों पर जहा भक्तों की भीड़ रही। वही जगह जगह छोला चावल, पुड़ी सब्जी बूंदी, शरबत आदि का वितरण किया गया जिसमें भारी संख्या मे भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

कस्बा मसौली स्थित भगवंत दास कुटी, बल्ली दास कुटी, श्रीदुख हरण हरदेव लाल मन्दिर, बड़ागांव, बांसा, ज्योरी, शहावपुर, बिन्दौरा सहित स्थानों पर हनुमान मन्दिरों पर सुबह से देर शाम तक प्रसाद चढ़ने का भक्तों का तांता लगा रहा। वही कस्बा बड़ागांव मे कायस्थ समाज द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारम्भ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने प्रसाद का वितरण करते हुए किया। इस दौरान जितेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार गुप्ता, श्यामचरण गुप्ता, राम सनेही यादव, अरुण कुमार नाग सहित भारी संख्या मे भक्तो ने प्रसाद का वितरण किया।



## गरीब के घर पर दबंगों कब्जे का प्रयास, पुलिस ने की कार्रवाई

**हैंदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

गरीब के मकान पर दबंगों ने कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित के शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस ने अवैध कब्जे को तत्काल प्रभाव से रोका। विपक्षियों ने पीड़ित के खिलाफ फर्जी दस्तावेज के सहारे मुकदमे में फंसाने का रच रहे षड्यंत्र। सुबेहा थाना क्षेत्र के दूधनाथ यादव पुत्र राम किशोर यादव निवासी पूरे काजी मजरे जमीन हुसैनाबाद को 40 वर्ष पहले ग्राम सभा के प्रधान खेलावन यादव द्वारा दूधनाथ के पिता रामकिशोर को आवास बनाने के लिए पट्टा दिया गया था ?। उसी दौरान पट्टाधारक ने उक्त भूमि पर मकान व दुकान का निर्माण कर लिया था। कुछ दिन बाद रामकिशोर की मौत हो गई। जिसके बाद उनके पुत्र दूधनाथ यादव अपने पिता की संपत्ति के मालिक बन गए। दूधनाथ यादव अपने घर में इकलौते पुत्र थे। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही विपक्षी राम बालक, ननकऊ, महेश, सुरेश व आनन्द, राजेश व अवधेश पुत्र गण ननकऊ की नियत ग्राम पंचायत के नटवीरन चौराहे पर स्थित बेसकिमती भूमि पर थीं।

बीते सोमवार को विपक्षियों ने दबंगई के बल पर कुछ भूमाफियाओं के साथ मिलकर पीड़ित के आवासीय मकान पर दर्जनों की संख्या में पहुंच गए।और आनन फानन में टीन शेड रखकर कब्जा करने लगें। घटना की जानकारी जैसे ही दूधनाथ यादव को हुई वह आनन फानन मौके पर पहुंचा तो विपक्षियों ने उसे मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। हालांकि युवक ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जैसे ही मौके पर सुबेहा पुलिस पहुंची तो कुछ आरोपी भागने में कामयाब हो गए।

## डीएम ने मशाल रैली को दिखाई हरी झंडी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जूडो खेल के प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, बाराबंकी के लगभग 300 खिलाड़ी तथा विभिन्न स्कूलों / विद्यालयों/ महाविद्यालयों / युवक मंगल दल / नेहरू युवा केन्द्र के 300 खिलाड़ी भाग लिया। मशाल रैली को मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाने के उपरान्त के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, बाराबंकी के प्रांगण से प्रारम्भ होकर सतरिख नाका चौराहे पहुँचकर वहां से धनोखर चौराहा स्टेडियम के सामने से होकर पटेल चौराहा होते हुए जिलाधिकारी आवास तक गई। जहां पर जिलाधिकारी महोदय अविनाश कुमार द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर जनपद उन्नाव हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में तीसरी बार खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया जा रहा है जोकि दिनाक 25 मई से 03 जून, 2023 तक उत्तर प्रदेश के 04 जनपदों कमशः वाराणसी. गोरखपुर, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर तथा नई दिल्ली में 21 खेलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। दिनांक 25.05.2023 को माननीय प्रधानमंत्री जी उ0प्र0 में आयोजित खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का शुभारम्भ करेंगे। उन्होंने बताया कि वाराणसी में योगासन एवं कुश्ती, गोरखपुर में रोइंग, लखनऊ में तीरंदाजी जूडो, मलखम्ब, बॉलीबॉल, फेसिंग, बैडमिन्टन, टेबुल टेनिस, रगबी, एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबाल (पुरुष/महिला), टेनिस द गौतमबुद्धनगर में तैराकी कबड्डी, बाक्सिंग, बास्केटबाल एवं वेटलिफ्टिंग तथा दिल्ली में शूटिंग आयोजित की जाएगी।



## सुविधाओं की बाट जोह रहे हैदरगढ़ बस स्टेशन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

हैदरगढ़ बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव है जिसकी वजह से यात्रियों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन प्रभारी द्वारा बार-बार पत्र लिखने के बावजूद मामला ढाक के तीन पात हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक की लापरवाही के चलते हैदर गढ़ बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं। जानकारी के अनुसार जल आपूर्ति के लिए यहां पर लगाया गया समरसेबल जल जाने की वजह से पिछले कई दिनों से बस स्टेशन पर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है पता चला है कि समरसेविल जल जाने से बिना दूसरी जगह बोरिंग कराएं जल आपूर्ति संभव ही नहीं है इसके अलावा स्टेशन पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाई गई एक दर्जन एल ई डी लाइटें पिछले कई महीने से खराब पड़ी हुई है फिर भी उनका कोई पोरसा हाल नहीं है यात्रियों की सुविधा के लिए भवन परिसर में लगाए गए अधिकांश पंखे खराब पड़े हैं जिसकी वजह से लाइट रहने पर भी इस भीषण गर्मी में यात्री परेशान होने के लिए मजबूर है । यात्रियों को गर्मी की समस्या से राहत दिलाने के लिए स्टेशन पर इनवर्टर की व्यवस्था ना होने से यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है स्टेशन पर यात्रियों के बैठने के लिए तमाम बार बेंचों की व्यवस्था कराने की बात कही गई फिर भी आज तक यात्रियों के बैठने की सुविधा नहीं की जा सकी। जब इस संबंध में हैदरगढ़ बस स्टेशन के प्रभारी बनाए गए शकील अहमद सिद्दीकी से बात की गई तो उन्होंने बताया इन सब सुविधाओ को उपलब्ध कराने के लिए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखा जा चुका है फिर भी अभी तक व्यवस्था नहीं हो पाई है। वही सूत्र बताते हैं कि हैदर गढ़ बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था केवल इसलिए नहीं हो पा रही है क्योंकि क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग द्वारा हैदर गढ़ बस स्टेशन की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है क्योंकि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा भी यहां से भेजे जाने वाले पत्रों को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के लिए हस्तांतरित कर दिया जाता है।




## कार्रवाई की मांग को लेकर जन अधिकार पार्टी ने सीएम को भेजा पत्र

**रावर्ट्सगंज सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि जनपद सोनभद्र के घोरावल ब्लाक में लोक निर्माण विभाग द्वारा सन् 2019 में विभाग के अधिकारियों द्वारा 44 .26 लाख का घोटाला किया गया है परंतु कार्यवाही अभी तक ठंडे बस्ते में है । जिससे घोटाला करने वालों का हौसला बुलंद है । इस संबंध में जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने बताया कि जनपद सोनभद्र के उपायुक्त श्रम रोजगार ( मनरेगा ) ने अपने कार्यालय पत्र संख्या 779 दिनांक 26.08.2019 द्वारा बताया है कि अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र के द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा जिलाधिकारी सोनभद्र के अस्तर से संपर्क मार्गो के निर्माण में प्रदान की गयी वित्तीय स्वीकृत की सीमा से अधिक बिना कार्य कराए ही अनाधिकृत रूप से धनराशि व्यय की गई है जो शासकीय धनराशि का दुरुपयोग / भ्रष्टाचार की श्रेणी में है। कार्यवाही की मांग को लेकर आज जन अधिकार पार्टी ने माननीय मुख्यमंत्री जी , प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग लखनऊ , जिला अधिकारी सोनभद्र व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को पत्र भेज कार्यवाही की मांग किया है जिसका विवरण इस प्रकार है।

01- विकासखंड घोरावल के ग्राम पंचायत बागपोखर में शाहपुरवा हे कम्हरिया संपर्क मार्ग आई0 डी0 संख्या 3163/क्र ष्ट/95848625582295826O का कार्य लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा स्वीकृत रु0 7.10 लाख की धनराशि के सापेक्ष एम0 आई0 एस0 के अनुसार कार्यदाई संस्था द्वारा रु0 30.16 लाख की धनराशि ब्यय की गई है , इस प्रकार इस कार्य मे रु0 23.06 लाख की धनराशि का गबन किया गया है ।

02- विकास खंड घोरावल के ग्राम पंचायत खैरा में लोहारतलिया संपर्क मार्ग से कचेरिया संपर्क मार्ग आई0 डी0 संख्या - 3163/ ऋष्ट/ 9548 8625 58 22 940788 का कार्य लोक निर्माण विभाग , प्रांतीय खंड द्वारा स्वीकृत धनराशि रु0 3.55 लाख के सापेक्ष एम0 आई0 एस0 के अनुसार कार्यदाई संस्था द्वारा रुपया 30.16 लाख धनराशि व्यय की गई है , इस प्रकार इस कार्य में रुपया 23.06 लाख का गबन किया गया है ।

03- विकासखंड घोरावल के ग्राम पंचायत खुटहा में आर0 जी0 रोड से खुटहा पम्प तहसील तक संपर्क मार्ग आई0 डी0 संख्या - 3163/ ऋष्ट /95 8486 2558 22826100 का कार्य लोक निर्माण विभाग , प्रांतीय खंड द्वारा स्वीकृत धनराशि रु0 1.36 लाख के सापेक्ष एम0 आई0 एस0 के अनुसार कार्यदाई संस्था द्वारा रु0 6.15 लाख की धनराशि ब्यय की गई है , इस प्रकार इस कार्य में रु0 4.79 लाख की धनराशि का गबन किया गया है । अतः उपरोक्त तीनों कार्यो में कुल मिलाकर स्वीकृत धनराशि रु0 12.01 लाख के सापेक्ष एम0 आई0 एस0 के अनुसार कार्यदाई संस्था द्वारा व्यय की गई धनराशि रु0 56.27लाख है इस प्रकार रु0 44.26 लाख की शासकीय धनराशि का गबन किया गया है, जो प्रथम दृष्टया संगेय अपराध की श्रेणी में आता है। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ( प्रांतीय खण्ड )द्वारा स्वीकृत धनराशि से अधिक धनराशि ब्यय करने हेतु लोक निर्माण विभाग , प्रांतीय खंड सोनभद्र के ( 1 ) श्री हीरामणि वर्मा , तत्कालीन अधिशासी अभियंता ( 2 ) श्री जितेंद्र चौधरी , खंडीय लेखाधिकारी ( 3 ) श्री संतोष कुमार यादव वरिष्ठ सहायक ( मनरेगा लिपिक ) ( 4 ) श्री भागीरथी चौहान , कंप्यूटर ऑपरेटर ( आउट सोर्सिंग ) की संलिप्तता पाई गई है। इस संबंध में जन अधिकार पार्टी ने पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवगत कराना चाहती है कि लगभग 2 वर्ष 8 माह बीतने के बाद भी किसी प्रकार की संतोष जनक कार्यवाही नहीं की गई है।

## बाइक की ठोकर से मासूम घायल, ब्रेकर बनवाने की मांग

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

तेज रफ्तार बाईक की ठोकर से रिश्तेदारी मे आया छः वर्षीय बालक गंभीर रुप से घायल हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुची एक सौ आठ एम्बूलेंश ने उसे सी एच सी सिरौली गौसपुर पहुचाया।पीडित बच्चे के मामा ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम सोंधवा के निवासी रामप्रताप पुत्र देशराज ने स्थानीय थाने पर तेज रफ्तार बाईक सवार के विरुद्ध तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।उन्होने पुलिस को दी गयी तहरीर मे कहा है कि दिनांक 23/6/2023 को सुबह साढे सात बजे के करीब गौरव शुक्ला उम्र करीब छः वर्ष के साथ सडक मार्ग के बाई तरफ खडे थे।उसी समय मरौचा से हजरत पुर मार्ग की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाईक चालक ललित कुमार रावत पुत्र राम तीरथ निवासी ग्राम मरौचा ने अनियन्त्रित होकर एच एफ डी लक्स यू पी 41ए एन4296 मेरे भांजे के ऊपर चढा दी।जिसकी वजह से मेरा भांजा गंभीर रुप से घायल हो गया।लहू लुहान भांजे को एम्बुलेश से सी एच सी पहुचाया गया जहा वह दौरान इलाज है।पीडित ने ततकाल 112 डायल कर बाईक चालक को पुलिस के हवाले कर दिया।बताते चले तेज रफ्तार बाईक सवारो से परेशान होकर ग्राम सोधंवा के निवासी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर गांव मे सडक मार्ग पर ब्रेकर बनवाये जाने की माग की थी।प्राप्त जानकारी के मुताविक ग्राम सोंधवा होकर लालापुरवा को आने जाने वाले दारुबाजो का आवागमन दिन रात्रि बना रहता है।सस्ते नशे के फेर मे दारुबाज जब उधर से पीकर लौटते है तो उनकी गति स्वाभाविक रुप से बढ जाती है।जिसके चलते आज अबोध बालक भी घटना का शिकार बन गया।ग्रामीणो का कहना था कि नशेडियो से विवाद कोई करना नही चाहता इसलिये ग्रामीण रोहिताश सिह ने ब्रेकर बनवाये जाने की माग की थी।



# पल्स पोलियो अभियान के सफल संपादन के लिए टास्क फोर्स कमेटी की बैठक हुई

इटावा। समृद्धि न्यूज



**मुख्य** विकास अधिकारी प्रणिता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान 28 मई 2023 के सफल संपादन हेतु जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में आयोजित होने वाले मेलों तथा अन्य आवागमन स्थलों, रेलवे स्टेशन ,बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड, प्रमुख चौराहों, ईट भट्ठों आदि पर विशेष टीम लगाकर पोलियो टीकाकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा एएनएम के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा घर-घर जाकर पोलियो पिलाई जाए तथा दवा पिलाने के साथ-साथ बच्चों की अंगुली को चिन्हित अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी साथ ही जो भी पोलिंग बूथों पर नई सुपरवाइजर लगाए गए हैं उनकी लिस्ट तत्काल उपलब्ध करा दें।।उन्होंने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति शीघ्र पूर्ण हो सके और इसकी प्रतिदिन मुख्य चिकित्साधिकारी ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ,प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र अपने -अपने स्तर पर समीक्षा करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं सुनी जाएगी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो उसका तत्काल समाधान करते हुए कार्य को लक्ष्य के अनुरूप पूरा किया जाए । उन्होंने कहा कि आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को जो भी दायित्व सौंपा गया है उसे पूरा करें इसकी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीक्षा करेंगे।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## यमुना में डूबकर किशोर की दर्दनाक मौत

**चकरनगर/इटावा।** चम्बल घाटी परिक्षेत्र के भरेह थानाक्षेत्र के गाँव गढ़ाकास्दा में बकरी चराने गये किशोर की यमुना नदी में डूबकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुँचे तहसीलदार चकरनगर अविनाश चौधरी एवं हल्का लेखपाल सुधीर कुमार के अथक प्रयासों से मात्र दो घंटो के भीतर ही शव बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।कर्तव्यपरायण तहसीलदार हल्का लेखपाल के इस मानवीय कृत्य की क्षेत्रीय जनता ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।उक्त ह्दय विदारक घटना से मृतक किशोर के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। भरेह थानाक्षेत्र के गाँव गढ़ाकास्दा में बकरी चराने गये महावीर दिवाकर के 14 वर्षीय पुत्र अंश छोटू की नहाते समय यमुना नदी में डूबकर दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुँचे तहसीलदार चकरनगर अविनाश चौधरी एवं हल्का लेखपाल सुधीर कुमार के अथक स्थानीय गोताखोरों की मदद से मात्र दो घंटो के भीतर ही शव बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया



इटावा। समृद्धि न्यूज

जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण किया तथा पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंक, एटीएम एवं वित्तीय संस्थान चेक किए गए, चेकिंग के दौरान सीसीटीवी कैमरा, अलार्म, बैंक गार्ड, बैंक के अंदर बाहर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा पुलिस कर्मियों द्वारा लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देशों की दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# विश्व कछुआ दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

उदी/इटावा। समृद्धि न्यूज



विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर वन विभाग उत्तर प्रदेश व टर्टल सर्वाइवल एलाइंस इंडिया द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंबल सेंक्चुअरी वन क्षेत्र बढपुरा ग्राम गढ़ायता के ग्रामीणों को कछुओ के महत्व के बारे में तथा मिशन लाइफ के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेक्शन अधिकारी ओम प्रकाश बघेल, व बिट अधिकारी अंकित कुमार, इटावा रेंज द्वारा किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यक्रम आगरा में दशहरा घाट पर भी आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों की सहायता से यमुना नदी के साफ़ सफाई का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक वानिकी, आगरा वन प्रभाग, राष्ट्रीय चंबल पशु विहार एवं टर्टल सर्वाइवल एलाइंस इंडिया का सयुंक्त कार्यक्रम था। यह कार्यक्रम आदर्श कुमार, प्रभागीय वनाअधिकारी - आगरा, सुश्री आरुषि मिश्रा, उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल पशु विहार के दिशानिर्देशों के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम का संचालन ललित वर्मा, आर एफ ओ, आगरा व ताज नेचर वॉक द्वारा करवाया गया। संस्था की तरफ से पवन पारीक व शिशुभान सिंह व अन्य वन विभाग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरे में डूबे घर गहराया पेयजल संकट

**बेलाताल महोबा।** कस्बा के गल्ला मंडी में सोमवार की रात ट्रांसफार्मर के फुंक जाने के कारण एक इलाके की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। जिससे 300 से अधिक घरों में बिजली न आने से गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। उपभोक्ताओं ने अवर अभियंता को इसकी शिकायत दर्ज करा दी। ट्रांसफार्मर के फुंक जाने से करीब 300 से अधिक घरों में बिजली नहीं आ रही है। इस कारण महिलाओं व बच्चों को भी परेशानी हो रही है। अब ट्रांसफार्मर बदलने में देरी हुई तो गांव के अन्य ट्रांसफार्मर भी अधिक लोड बढ़ने के कारण फुंक जाएंगे। अवर अभियंता हरगोविंद ने कहा कि जल्द ही ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। बता दें कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट के साथ ही अब बिजली संकट शुरू हो गया है और इससे लोग परेशान नजर आ रहे है। लोगों का कहना है कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट और बिजली न आने से लोग परेशान है।

# पिता पुत्र को घर में घुसकर लाठियों से पीटा

महोबा। समृद्धि न्यूज



**दबंगों** ने एक घर में घुसकर आपसी रंजिश के चलते पिता पुत्र की लाठियों से पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ धारा 452, 323 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। जिले के अजनर कस्बा के निवासी रामसेवक अहिरवार पुत्र पन्नालाल अहिरवार ने अजनर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर में था। उसका 25 वर्षीय पुत्र भग्गू भी घरेलू कामकाज निपटा रहा था। तभी उसी समय करन अहिरवार तीन अज्ञात लोगों के साथ आया और उसके पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी लाठियों से पिटाई शुरू कर दी। बीच बचाव के लिए रामसेवक आया तो उसे भी पीट गया। आसपास मौजूद लोगों ने किस तरह बीच बचाव कर उनको बचाया। पुलिस ने आरोपी करन व उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ धारा 452, 323 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## खबरें एक नजर में

### दो हजार के नोट बदलने को बैंकों में पहुंच रहे लोग

**महोबा।** दो हजार के नोट बदलने की मंगलवार से शुरुआत होने से लोग बैंकों में पहुंचे। कई बैंकों में नोट बदले नहीं गए खातों में जमा कराए गए। बाजार में भी लोग दो हजार के नोट खपाने के लिए खरीददारी करने के लिए पहुंच रहे है। कुछ व्यापारी नोट ले रहे तो कुछ लोगों को बैरंग लौटा रहे हैं। मंगलवार को मुख्यालय के बैंकों में दो हजार के नोट बदलने के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला तेज हो गया। इंडियन बैंक में सुबह 11 बजे तक दो दर्जन लोग दो हजार के नोट बदलनें के लिए पहुंच चुके थे। बैंक मैनेजर हिमांशु गुप्ता का कहना है कि नोट खाता में जमा किए जा रहे हैं नोट बदलने का अभी कोई आदेश नहीं मिला। मंगलवार को सर्वर डाउन होने कारण जमा निकासी में परेशानी हुई उपभोक्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। आर्यावर्त बैंक में ग्रामीण क्षेत्र से नोट बदलने के लिए उपभोक्ता पहुंचे। बैंक में अलग से कोई अलग काउंटर की व्यवस्था नहीं की गई है। उपभोक्ताओं के दो हजार के नोट खातों में जमा किए जा रहे हैं। बैंक मैनेजर पुनीत सिसोदिया ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। बैंक कर्मचारी नोट बदलने के लिए आने वाले ग्राहकों को समझा रहे हैं।

### जीवन जीने की राह सिखाती है श्रीरामचरितमानस

**महोबा।** जिले के ग्राम दुलारा में श्रीविष्णु महायज्ञ के अंतर्गत मानस प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। मानस प्रवचन में आकाशवाणी के मानस संगीताचार्य पं जगप्रसाद तिवारी ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि श्रीरामचरितमानस हमें जीवन के हर क्षेत्र में जीवन जीने की राह बताती है। उन्होंने अपार जनसमूह को श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि हम सब बड़े भाग्यशाली है कि हमें भारत जैसे राष्ट्र में जन्म मिला है। उन्होंने बड़े भाग्य मानुष तन की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि मानव जन्म को देवता भी तरसते है। अत- हमें मानव जीवन सार्थक करने के लिए सत्संग अवश्य करना चाहिए। वहीं श्रीमदभागवत पुराण के वक्ता रामगोपाल शास्त्री ने श्रीकृष्णजन्म की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर डा. ओमप्रकाश, मुरलीधर शास्त्री, पूर्व प्रधान पं रामसेवक तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### युवक की कैफ़ियत एक्सप्रेस से गिरकर मौत

**जसवंतनगर/इटावा।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग की अप लाइन पर गांव कुडाखर के समीप ट्रेन से गिरकर 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के जसवंतनगर और बलरई रेल्वे स्टेशन के मध्य कुडाखर गांव के सामने अलख सुबह 25वर्षीय युवक राजू पुत्र राजेन्द्र ग्राम हरधोली थाना दोहरी घाट जिला मऊ आजमगढ़ से दिल्ली जाने के लिए कैफियत एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था जिसे शायद नींद का झोंका आ जाने से अप लाइन के खम्बा नंबर 1179 के 10और12के मध्य गिर जाने से मौत हो गई और मौके पर पहुँचे उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह ने 108 एम्बुलेंस के पायलट राहुल कुमार और ईएमटी मनोज कुमार के द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### एसडीएम ने ग्राम जगसौरा में गौशाला का निरीक्षण किया

**जसवंतनगर/इटावा।** उप जिलाधिकारी जसवंत नगर कौशल कुमार ने क्षेत्र के ग्राम जगसौरा में गौशाला का निरीक्षण किया तथा वहां पानी भरने की समस्या को देखते हुए वहां भराव कराकर ग्राउंड लेवल को ऊँचा करने का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गौशाला मैं पानी की उपलब्धता बनाये रखने, चारे का स्टॉक ख़त्म न होने देने , गौवंश को गर्मी व् तेज़ धुप से बचाने के लिए छाया का पर्याप्त प्रबंध बनाये रखने के निर्देश भी दिए। अभी तक गौशाला मैं ज़मीन का स्तर नीचा होने के कारण जल भराव की समस्या रहती रही है इसको स्थायी रूप से समस्या हल करने के लिए उप जिलाधिकारी ने मिटटी भराव कराकर गौशाला परिषर को ऊंचा करने के निर्देश दिए।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग व गिरफ्तारी अभियान के तहत जिले के थाना श्रीनगर के उपनिरीक्षक महानंद त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धारा 354, 506 व 8 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी चंदू पाल उर्फ चंद्रपाल पुत्र कथूला पाल निवासी ग्राम ढिकवाहा श्रीनगर को थाना क्षेत्र के ग्राम ढिकवाहा से गिरफ्तार किया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और इसके बाद उसे जेल भेजा गया है।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक महानंद त्रिपाठी व कां शुभम यादव शामिल रहे। बता दें कि पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर लगातार अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के इस अभियान से अपराधियों में भय और दहशत व्याप्त है।

# युवा उत्सव कार्यक्रम में दी गई सरकार की योजनाओं की जानकारी

इटावा। समृद्धि न्यूज



भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र की ओर से युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और यह भी बताया गया कि इन योजनाओं से युवा कैसे लाभान्वित हो सकते हैं। सांसद गीता शाक्य ने दीप प्रज्वलित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सांसद ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आने वाला समय युवाओं का है उन्हें ही नई तकनीक से देश को आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से युवाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। भारत युवाओं का देश है और यह युवा मिलकर भारत को आगे बढ़ाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए कई कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन कर रही है जिससे युवा रोजगार से जोड़कर देश की तरक्की में भागीदार बने। यहां पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी तथा विद्यालय के प्रबंधक डॉ कैलाश यादव ने अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर तथा माल्यार्पण करके स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कवि गौरव चौहान ने किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से एक दर्जन स्टॉल लगाई गई थी स्टॉल की माध्यम से विभागो ने अपनी अपनी योजनाओं की जानकारी दी। इनमे कार्यक्रम लधु सिचाई विभाग , खाद्य विभाग, खाद्य प्रसंस्करण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग जैसे कई विभाग शामिल हैं । जिन्होंने अपने स्टाल लगाए और युवाओं को जानकारी दी कि उनके विभाग की ओर से क्या योजनाएं चलाई जा रही । सांसद गीता शाक्य ने स्वयं सहायता समूह को सलाह दी कि वे अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी उत्तम रखें तो उसकी अच्छी बिक्री हो सकती है । इससे पूर्व विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गान व समूह गान प्रस्तुत करके अतिथियों का स्वागत किया। लेखाकार श्रवण कुमार बाथम ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दीप नारायण शुक्ला, भाजपा नेता रोहित शाक्य, आशीष बाथम , राज्य प्रशिक्षक संजीव शर्मा, सुशील सम्राट, प्रियंका राजपूत, नंदिता तिवारी तथा बड़ी संख्या में युवक व युवतियां मौजूद रहे। इस दौरान पर्यावरण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए विद्यालय के प्रबंधक डॉ कैलाश यादव को सम्मानित किया गया।

# कांशीराम कालोनी के वाशिंदों ने मॉडल तहसील के सामने दिया धरना

जसवंतनगर/इटावा। समृद्धि न्यूज



**ग्राम** नगला खुमान के पास स्थित कांशीराम कालोनी के दर्जनों महिलाएं पुरुष मॉडल तहसील के सामने धरना देकर बैठ गए। हंगामा काटते हुए कालोनी बाशिंदों का आरोप है कि कालोनी से गंदे नाले का पानी का निकास बंद कर दिया है। पिछले काफी समय से यह समस्या बनी हुई है। नाला बंद होने से गंदा पानी कालोनी में भर गया है, लोग दुर्गंध व गंदगी से परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगर पालिका कर्मी देखने तक नहीं आते। तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, उसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। काशीराम कॉलोनी के मार्गो में गंदगी और कचरे के ढेर लगने से लोग परेशान हैं। यहां सैकड़ों बाशिन्दे गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। निवासियों ने बताया कि यहां गंदगी की वजह से बीमारियां फैलने का डर लगा रहता है। इस समय कॉलोनी में गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला है। यहां नाली चोक होने से मार्गों में जलभराव रहता है। लोग गंदे पानी से निकलने को मजबूर हैं। मच्छरों का आतंक भी है। हालत यह है, कि कॉलोनी के मार्ग कचरे से पटे पड़े हैं। नाली का पानी भर जाने से कचरा सड़ने से भीषण बदबू फैलती कॉलोनी में घरों से निकले कचरे को उठाने को सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं। उपजिलाधिकारी कौशल कुमार को दिए शिकायती पत्र में नाला खुदवाकर जलभराव समाप्त करने, कालोनी में गंदगी दूर करने की मांग की गयी। इस दौरान रवि कुमार, पूजा देवी, बीना, मीना, कांति, हुस्ना बेगम, जुबेदा बेगम, श्यामलाल, इमरान, सुमन देवी, छोटेलाल, बाबू लाल, सोबरन, दीपक कुमार, लीलावती, अनीता देवी, शिवराम आदि पुरूष-महिलाएं मौजूद रहीं।

# मेरठ मे आयोजित नेशनल कराटे प्रतियोगिता में इटावा की टीम ने बाजी मारी



इटावा। मेरठ मे स्थित ट्रांसलम अकादमी मे आयोजित नेशनल प्रतियोगिता मे कई जिले व राज्य के कराटे के बच्चो ने प्रतिभाग किया जिसमे जिला कराटे एसोसिएशन ऑफ इटावा की ओर से इटावा की टीम ने प्रतिभाग किया।

जिला कराटे संघ के अध्यक्ष मोहम्मफ कफील कुरैशी ने बताया की वह स्वयं व कोच शाहनवाज़ खान के नेतृत्व मे इटावा की टीम को लेकर मेरठ सिटी गये जिसमे धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए इटावा की टीम ने सब जूनियर केडेट जूनियर व सीनियर वर्ग मे कुल आठ मैडल जीते जिसमे मो. फैज़ान कुरैशी ने काता मे गोल्ड व कुमिते मे गोल्ड, संध्या सक्सेना ने कुमिते मे गोल्ड, मनीष कुशवाहा ने काता मे गोल्ड व कुमिते मे सिल्वर, ज़ैनब फातिमा ने काता मे सिल्वर व कुमिते मे गोल्ड, लयवा फातिमा ने कुमिते मे गोल्ड मैडल पर बाजी मारी व जिला कराटे संघ के अध्यक्ष मोहम्मद कफील कुरैशी को रेफरी जज व अथिति के रूप मे सम्मानित किया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बुड़ेरा विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.05.2023 से 30.05.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी।

निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बुड़ेरा | गौशाला में तार फसिंग जाली चरही एवं गेट | 4.18 लाख | 2% | ऐंगल, जाली, कटीला तार आदि | 192 मी. | 6 माह |

**नियम व शर्तेः-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बुड़ेरा, विकास खण्ड पनवाड़ी**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बुड़ेरा, विकास खण्ड पनवाड़ी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्होवा विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.05.2023 से 30.05.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी।

निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किल्होवा | नाली निर्माण इल्ला के घर से पुलिया तक | 2.91 लाख | 2% | ईटा,गिट्टी, सीमेन्ट सरिया, बालू आदि | 46 मी. | 6 माह |
| 2. | किल्होवा | सी.सी. रोड निर्माण घासीराम के घर से सलामत के घर तक | 2.90 लाख | " | सीमेन्ट,गिट्टी, बालू ईंटा आदि | 45 मी. | " |
| 3. | किल्होवा | सी.सी. रोड निर्माण विश्वनाथ के घर से पुलिया तक | 3.25 लाख | " | " " | 55 मी. | " |

**नियम व शर्तेः-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत किल्होवा**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत किल्होवा**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**

# भाजपा सरकार नौकरी में आरक्षण प्रक्रिया खत्म करने की साजिश कर रही है: कलीम खां

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। सपाईयों का आरोप है कि भाजपा सरकार नौकरी में आरक्षण प्रक्रिया खत्म करने की साजिश रच रही है। सपाईयो ने जातिगत गणना कराए जाने की मांग करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपा।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां की अगुवाई में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफनारेबाजी की। सपा कार्यकर्ता हाथों में स्लोगन लिखी पट्टिकाओं को पकड़े नारेबाजी कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खां ने कहा कि भाजपा सरकार नौकरी में आरक्षण प्रक्रिया खत्म करने की साजिश कर रही है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने उन्हें आरक्षण की सुविधा दी थी। ऐसे में आरक्षण खत्म करने की साजिश कर भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान का अपमान करने का काम कर रही है। पूर्व विधायक अनिल दोहरे ने कहा कि केन्द्रीय और राजकीय सेवाओं में एससी और ओबीसी वर्ग के युवक-युवतियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था संवैधानिक रूप से प्रदान की गई है। उन्होने कहा कि जब से केन्द्र और यूपी में भाजपा सरकार बनी, तब से वंचित वर्गों के अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। सपाइयों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468 पदों की मुख्य परीक्षा कराने के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके सापेक्ष पिछडे वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर पिछडे वर्ग के पदों की संख्या कम रखी गई। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि ऐसे में अन्य पिछडा वर्ग के पदों की समीक्षा करा कर अभ्यर्थियों को उनके आरक्षण के तहत पद देते हुए नया संसोधित विज्ञापन जारी किया जाए, ताकि ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को उनका हक मिल सके। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता संतोष कुमार यादव, रजनीकांत यादव, बजरंग सिंह चौहान, नेम सिंह यादव, नाजिम खान, हसीब हसन, आकाश शाक्य, वीपी सिंह, रोहित कुशवाहा, सरोजनी कुशवाहा, मुन्नी कुशवाहा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# शपथ से पूर्व ही जन सेवा कार्य में जुटे सभासद

▸ मोहल्लों में शुरू कराए गए अधूरे कार्य

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज**

**विगत** दिनों पूर्व हुए नगर निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित सभासदों ने शपथ से पूर्व ही अपने वार्डो की समस्याओं का निस्तारण करना आरंभ कर दिया है।

नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर के नवनिर्वाचित सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता ने अपने वार्ड की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शपथ ग्रहण से पहले ही उन पर कार्य करना शुरू कर दिया है। मोहल्ले वासियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई। साथ में नाले व नालियों की सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दिया। वही वार्ड नंबर 22 महावीर नगर के सभासद वीरेंद्र गुप्ता टीपू ने भी जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नाले व नालियों की सफाई करवाई। साथ ही साथ मोहल्ले वालों को पानी के नए कनेक्शन भी दिलाने शुरू कर दिए हैं। आपको बताते चलें कि वार्ड नंबर 17 भगत सिंह नगर के नवनिर्वाचित सभासद विपिन चौरसिया ने भी अपने वार्ड में प्रकाश व्यवस्था को सुद्रण रखने के लिए बिजली के पोलो पर पालिका कर्मियों को लगाकर उन पर लगी लाइटों की मरम्मत का कार्य कराया। जिससे मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली और कराए जा रहे कार्यों की सराहना की।



लाइट सुधरवाते सभासद विपिन चौरसिया — समृद्धि न्यूज

# चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित हजारों की नकदी की पार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**चोरो ने** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखपुरा में एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर सोने-चांदी के आभूषण समेत नकदी पार कर दी। घटना के वक्त घर में सिर्फ पिता और पुत्री थे, जबकि अन्य परिजन शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। सुबह जब पिता पुत्री सोकर उठे तो घर में बिखरे सामान को देखकर दंग रह गए। पीड़ित के अनुसार चोर नकदी समेत लाखों का सामान चुरा ले गए हैं।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखपुरा निवासी सुदामा और उनकी पुत्री शिवानी घर पर थे, जबकि अन्य परिजन अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शाम को पिता और पुत्री खाना खाकर सो गए थे। इसी बीच चोरों ने उनके घर को निशाना बनाते हुए घर में प्रवेश कर गए और चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी पार कर दी। सुबह जब सुदामा व उनकी पुत्री उठे तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा देख दंग रह गए। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची और मामले की पड़ताल की।

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया है कि घर की अलमारी में 2 जोडी चांदी की पायल, 3 मंगलसूत्र, पांच सोने की अंगूठी, 2 जोडी झुमकी, 2 सोने की चैन, तथा 25 हजार नकद और 2 मोबाइल फोन चोर चुराकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है।

# जिला कारागार मे अनूठी पहल कर किया गया रक्तदान



रक्तदान करने वाले कर्मियों को सम्मानित करते जेल अधीक्षक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार में अनूठी पहल कर कर्मचारियों समेत महिला स्टाप ने रक्तदान कर एक अच्छा संदेश देश, प्रदेश मे देने का कार्य किया है। अनौगी स्थित जिला करागार कन्नौज में सीएमओ डॉ विनोद कुमार के द्वारा मुख्य द्वार के बाहर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कारागार के कर्मचारियों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया गया। शिविर मे रक्तदान करने के लिए कर्मचारियों मे उत्साह देखा गया। जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने कहा कि इससे एक अच्छा संदेश जाएगा। जिससे सभी जेलो मे रक्तदान शिविर लगाने की प्रेरणा मिलेगी। ब्लड डोनेशन से गंभीर रूप से घायलो व जरूरत मंद मरीजों को देने से उनकी शेष जीवन जी सकेंगे। जेल अधीक्षक ने रक्तदान करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया एवं उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान जेलर, डिप्टी जेलर समेत समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# सीएचसी बना आवारा कुत्तों का ठिकाना

▸ अस्पताल प्रसाशन कर रहा है अनदेखी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**सीएचसी** जलालाबाद परिसर में आवारा कुत्ते बड़ी समस्या बने हुए हैं। यहां आवारा कुत्तों के जमावड़े की वजह से मरीज और उनके तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आवारा कुत्ते मौका पाकर मरीजों और उनके तीमारदारों की खान-पान सामग्री भी चट कर जाते हैं। विरोध करने या भगाने की कोशिश करने पर ये हिंसक बनकर काटने की कोशिश में रहते हैं। अस्पताल प्रशासन नजरअंदाज कर रहा है। अस्पताल मरीजों की जगह आवारा कुत्तों का अस्पताल बन चुका है। यहां पर जगह-जगह आवारा कुत्ते बैठे हुए नजर आते हैं। जिस जगह पर मरीजों को लेटना और बैठना है। वहां कुत्ते सोते हुए नजर आते हैं। आवारा कुत्तों की वजह से कई बड़ी घटनाएं भी हुई हैं। लेकिन अस्पताल प्रशासन इसको नजरअंदाज कर रहा है। इनकी वजह से मरीजों और तीमारदारों की जान जोखिम में है।



अस्पताल परिसर में मौजूद कुत्तो का झुण्ड — समृद्धि न्यूज

### नवजात शिशुओं की सुरक्षा से खिलवाड़

अस्पाताल में ये कुत्ते डिलीवरी रूम के पास भी जमे रहते हैं। जिससे नवजात शिशुओं की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। वहीं अस्पताल प्रशासन आंख मूंदकर सब देख रहा है। संवाददाता ने एमओआईसी डॉ सुरेन्द्र कुमार चौधरी से दूरभाष से संपर्क किया तो संपर्क नही हो सका।

## खबरें चलते-चलते

### मार्ग दुर्घटना में महिला की मौत से मचा कोहराम

**गुरसहायगंज (कन्नौज)** समृद्धि न्यूज। हाईवे पर आमने-सामने से आ रहे ऑटो रिक्शा में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन-फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार की सुबह करीब 09 बजे मुरादगंज के पास हाईवे पर आमने सामने आ रहे ऑटो रिक्शा में भिड़ंत हो गई। जिससे कि आटो सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डूंड़वाबुजुर्ग निवासी 60 वर्षीय कुरेशा बेगम पत्नी इसमुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां उनके परिवारिक लोग उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल का कहना है की तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### डांट से क्षुब्ध किशोर हुआ लापता

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पिता की डांट से क्षुब्ध होकर किशोर घर से कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ग्राम तेराजाकेट निवासी अजय पाल ने पुलिस को दी हुई तहरीर में बताया कि दिनांक 17 मई को सुबह करीब 09 बजे किसी बात को लेकर अपने पुत्र विजय कुमार को डांट दिया। जिससे कि उसका पुत्र घर छोड़कर कहीं चला गया घरवालों ने काफी खोजबीन की। लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। उसके बाद अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

### ऑटो रिक्शा के पैसे मांगने पर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ऑटो रिक्शा के रुपये वापस मांगने पर आरोपी युवक ने गाली-गलौज की और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित हैं कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी बासिद पुत्र मुन्ना ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि विगत दिनों पूर्व उसने अपना ऑटो रिक्शा सदर कोतवाली के ग्राम मतौली निवासी कल्लू को 30000 रूपये में बेचा था। यह भी कहा था कि इसकी जो बाकी किस्ते हैं। वह भी तुम अदा करोगे। लेकिन एक महीना हो जाने पर भी कल्लू ने ना तो किस्ते ही अदा की और ना ही बिक्री के 30000 रूपये बासिद को दिए और ऑटो रिक्शा भी कहीं गायब कर दिया। जब पीड़ित ने ऑटो रिक्शा वापस करने की मांग की तो उसने गाली गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों ने बिजली घर पहुंच किया प्रदर्शन दिया ज्ञापन

**सौरिख, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बंधा नगरिया गांव में विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद भी विभाग की लापरवाही के चलते 6 माह बीत जाने के बाद भी गांव में बिजली नहीं पहुंच रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली घर पहुंचकर प्रदर्शन कर विभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर बिजली चालू कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के बंधा नगरिया गांव के लोगों ने मंगलवार की सुबह सौरिख बिजली उपकेंद्र पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया वही अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते हुए बताया कि 6 माह बीत जाने के बाद भी हम लोगों के कनेक्शन होने के बावजूद न तो मीटर ही लगाए गए और ना ही हम लोगों को बिजली मुहैया कराई जा रही है। इसी के चलते लगभग दो दर्जन किसानों ने प्रदर्शन किया। वही अधिशासी अभियंता संत कुमार वर्मा ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द बिजली चालू कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रदीप कुमार, बबलू यादव, अंशु यादव, अमित कुमार, पर्वत सिंह, दिलीप कुमार, महावीर, अनुज यादव, सुनील कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### कई निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जिले में कानून और शांति व्यवस्था और अधिक सुद्रढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कई निरीक्षकों एवं उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों में फेरबदल किया है। सदर कोतवाली प्रभारी एसआई राजकुमार सिंह को पीआरओ द्वितीय नियुक्त किया है। वहीं यूपी 112 के प्रभारी अजय कुमार अवस्थी को सदर कोतवाली का चार्ज सौंपा गया है। इसके अलावा सौरिख थानाध्यक्ष विक्रम सिंह को ठठिया थाने के लिए स्थानान्तरित किया गया है। ठठिया थानाध्यक्ष कमल भाटी को एसओजी प्रभारी नियुक्त किया गया। वही एसओजी प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को सौरिख थाने का चार्ज सौंपा गया है। इंदरगढ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रयाग नारायण बाजपेयी को पीजीआरयू का प्रभारी बनाया गया। उनकी जगह विशुनगढ थानाध्यक्ष किशन पाल को इंदरगढ का चार्ज सौंपा गया है। पीआरओ द्वितीय विजय सिंह को विशुनगढ का थानाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारी अजय कुमार पाठक को छिबरामऊ कोतवाली भेजा गया, जबकि छिबरामऊ कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार कुशवाहा को तिर्वा कोतवाली का पदभार सौपा गया है। तिर्वा कोतवाली प्रभारी महेशवीर सिंह को यूपी 112 का प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा निरीक्षक भगवती प्रसाद मिश्र को विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है।

### देर रात कार सवार युवकों ने किशोरी के अपहरण का किया प्रयास

**सौरिख, समृद्धि न्यूज।** देर रात मौसी के यहां से वापस घर जा रही नाबालिग किशोरी को पड़ोसी गांव के रहने वाले कार सवार युवकों ने अपहरण का प्रयास किया।किशोरी की चीखपुकार सुन दौड़े ग्रामीणों ने एक युवक को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी देर रात करीब 9 बजे गांव में ही अपनी मौसी के यहां से वापस घर जा रही थी।रास्ते में पड़ोसी गांव सरायप्रताप के रहने वाले कार सवार तीन युवकों ने रास्ते में रोककर किशोरी को कार में डालने का प्रयास किया इस दौरान मारपीट के दौरान किशोरी के खरोंच भी आई।किशोरी की चीखपुकार सुन गांव वाले दौड़े तो कार सवार दो युवक कार समेत फरार हो गए जबकि एक युवक अतुल पुत्र अजब सिंह निवासी सरायप्रताप को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।युवती मंगलवार सुबह माता पिता के साथ थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवकों की तलाश शुरू कर दी।

# गंगा महोत्सव का आयोजन भव्यता से किया जाए: डीएम

▸ गंगा महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**प्रस्तावित गंगा** महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा महोत्सव का आयोजन भव्यता से किया जाए। साफ-सफाई, विधुत एंव सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। घाट की सुंदरता घाट वासियों से ही होती है।

जिलाधिकारी ने आगामी 30 मई को आयोजित होने वाले महादेवी घाट पर गंगा महोत्सव के आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि जनपद कन्नौज ऐतिहासिक शहर है। यहां की संस्कृति और सभ्यता गंगा नदी के किनारे ही पल्लवित हुई है। इसलिए गंगा दशहरे पर जनपद के महादेवी गंगा घाट पर गंगा महोत्सव का आयोजन किए जाने का निर्णय किया गया है, इसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घाट के किनारे जो भी गांव हैं वहां के छात्र युवाओं को वॉलिंटियर बनाए जाने हेतु प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों निर्देशित करते हुये कहा कि गंगा तट पर समुचित साफ-सफाई के साथ ही चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंनें निर्देश दिये कि चिन्हित स्थलों पर ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे मार्ग अवरूद्ध की स्थिति न उत्पन्न हो सके। कहा कि डूबने से बचाव हेतु बैरिकेडिंग, गोताखोर, मोटर बोट संबंधित आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होनें निर्देश देते हुये कहा कि स्नान स्थल पर पेयजल व्यवस्था, विद्युत, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थायें पूर्व की भांति कर ली जाये तथा गंगा के जल को प्रदूषण से मुक्त रखा जाये। इसके लिये संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करें। जिला पर्यटन अधिकारी डा. चित्रगुप्त ने बताया कि आगामी 30 मई को जनपद के महादेवी घाट पर गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें शाम 6 बजे महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा, शाम 6:15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा रात्रि 8 बजे मां गंगा की भव्य आरती एवं रात्रि 8:30 बजे अतिथि सम्मान तथा रात्रि 9 बजे कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सुश्री गरिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, एवं जनपद के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



गंगा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों से चर्चा करते डीएम

# धूमधाम से की गई प्रभारी निरीक्षक की विदाई

▸ नवागंतुक प्रभारी का किया गया स्वागत

**सौरिख, कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार** को सौरिख थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह फूलमाला पहनाकर बड़े ही धूमधाम से विदा किया गया। वहीं नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह का क्षेत्रीय लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

गौरतलब है कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कई थाना प्रभारियों का फेरबदल किया। जिसमें सौरिख प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह को थाना ठठिया भेजा गया है और एसओजी प्रभारी रहे जितेंद्र प्रताप सिंह को थाना प्रभारी सौरिख की बागडोर दी गई है। जैसे ही इस बात की खबर नगर के संभ्रांत नागरिकों को लगी वे थाने पहुंचने लगे। थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में सभ्रान्तजनों ने थाना प्रभारी विक्रम सिंह को पगड़ी व माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। वहीं नागरिकों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। वहीं नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह को भी माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित चेयरमैन राहुल गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, तौसीफ, युसूफ, सतीश शर्मा, रिस्की ठाकुर, चुन्नू चौरसिया, पंकज राजपूत, धर्मेंद्र सिंह, लालू वर्मा, दीपू गुप्ता, जितेंद्र राजावत, विवेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# पर्यावरण प्रेमी रॉबिन सिंह का जनपद में हुआ जोरदार स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रॉबिन सिंह जो कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर कन्याकुमारी से 24 प्रदेश से होते हुए जनपद पहुंचे।

पांचाल घाट चौराहे पर स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी की प्रतिमा के पास उनका स्वागत किया गया। स्वर्गीय ब्रह्मदत्त की प्रतिमा पर रॉबिन सिंह के द्वारा फूलमाला अपर्ण की गयीं। पांचाल घाट से साइकिल यात्रा आवास विकास नीरज वर्मा के आवास पर आयी। परिवार द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा का प्रमुख व्यवसायी संजय गर्ग एवं अन्य व्यवसायियों द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा का स्वागत राज्य सरकार सलाहकार बोर्ड दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 के सदस्य



रॉबिन सिंह का अपने निवास पर स्वागत करते सुधेश दुबे व स्वेता दुबे

अभिषेक त्रिवेदी द्वारा किया गया। तत्पश्चात यात्रा संघ कार्यालय पहुंची। संघ कार्यालय पर जिला प्रचारक एवं स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यालय पर संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण हेतु स्वयंसेवक उपस्थित थे। रॉबिन सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश उनको दिया गया। यात्रा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के विभाग संयोजक सुधेश के आवास पर आयी। जहां पर सह प्रांत नारी शक्ति प्रमुख श्वेता दुबे एवं जिले व नगर की नारी शक्ति विभाग द्वारा उनका स्वागत किया गया। यहीं पर गंगा समग्र के जिला संयोजक, नमामि गंगे के सह संयोजक द्वारा भी स्वागत किया गया। मातृशक्ति मे श्वेता दुबे, प्रीती वर्मा, रोली पांडेय, संध्या पारीक, सीमा मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहीं। यात्रा में वी0के0 गंगवार, पंकज, के0 मिश्रा, रितिक, संदीप, ज्योति, दीपू, अमित आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा 18 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रम विभाग उ0प्र0 एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किये गये है। जिनका संचालन जुलाई माह से शुरु हो जायेगा। यह जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह ने बताया कि कानपुर मण्डल का विद्यालय बिल्हौर में स्थित है। जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु कानपुर मण्डल के सभी जनपदों में पात्र बच्चों की प्रवेश परीक्षा 18 जून को आयोजित की जायेगी। इस सत्र में कुल 80 बच्चों का चयन होगा, जिसमें 40 छात्र, 40 छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यार्थी जिनके माता-पिता अद्यतनीकृत रुप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक हो, जो पंजीयन के उपरान्त 1 अप्रैल को कम से कम 3 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर धूमधाम से मना स्नेह मिलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद सेवा केंद्र पर स्नेह मिलन समारोह एवं ब्रह्माकुमार कृष्णा भाई का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कृष्णा भाई ने कहा कि मेरे अंदर गुटका खाने की आदत पड़ गई थी वह मैं आज इस मंच से त्याग करता हूं और एक अच्छा जीवन जीने की नई शुरुआत आज करता हूँ। ब्रम्हाकुमारी शोभा दीदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कृष्णा भाई को अपने शुभ आशीष देते हुए उन्हें शुभ कार्य करने की हिम्मत और आशीर्वाद दिया। साथ-साथ उन्होंने बाबा की तरफ से एक उपहार भी भेंट किया। शोभा दीदी ने केक काटते समय आत्म स्मृति का तिलक लगाकर आत्मा की ज्योति जलाए रखें। उन्होंने केक काटकर मुख मीठा कराया। आज क्लास में आए हुए सभी बी0के0 भाई बहनों



स्नेह मिलन कार्यक्रम में कृष्णा का जन्मदिन मनाती बी.के. बहनें

ने कृष्णा भाई को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उनके परिजन मौजूद रहे।

शोभा बहन ने यह भी बताया कि आने वाले समय में एक श्रीमद् भागवत का आयोजन करने का संकल्प लिया है। सभी भाई बहनों में बड़ी उमंग उत्साह से उस आयोजन का समर्थन किया। शोभा बहन को सभी भाई बहनों ने आश्वासन भी दिलाया कि हम तन, मन, धन समय संकल्प शक्ति से सहयोगी बनकर इस भगवत कथा को जरूर अपने जनपद में कराएंगे। डॉ गंगा सिंह भाई ने भी श्रीमद भगवत कथा का रहस्य समझाया। बी0के0 उमाशंकर भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ध्वज शिष्टाचार के साथ स्काउट गाइड प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभाभारंभ



कार्यक्रम में बैच लगाकर स्वागत करते स्काउट गाइड के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्काउट गाइड प्रवेश प्रशिक्षण शिविर डॉ0 बी0पी0 अग्रवाल शिक्षा निकेतन याकूतगंज में कक्षा 6, 7 और 8 के विद्यार्थियों के लिए शुरु किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर बी0पी0 अग्रवाल और डायरेक्टर विशाल अग्रवाल के द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन विद्यालय के चेयरमैन एवं डायरेक्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंगलवार को प्रशिक्षण अवसर पर सीमा शुक्ला लीडर ट्रेनर, सुधीर कुमार कुशवाहा सहायक लीडर ट्रेनर, पुष्कर मिश्रा जिला प्रशिक्षण कमिश्नर, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव जिला संगठन कमिश्नर एवं विद्यालय स्टाफ से अर्चिशा श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह, नेम सिंह एवम जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक मंडल द्वारा स्काउटिंग गाइडिंग आंदोलन, झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार, खोज के चिन्ह, शिविर के नियम आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# धोखाधड़ी में फाइनेन्स कम्पनी के खिलाफ भाकियू ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान यूनियन के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष राजेश उर्फ बबलू दीक्षित व नरेंद्र सोमवंशी ने अपने साथियों के साथ एक फाइनेंस कंपनी द्वारा धोखाधड़ी किये जाने पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी ब्लाक राजेपुर क्षेत्र के कई ग्रामवासियों व लोगों की 17 गाड़ियों का फर्जी तरीके से धोखाधड़ी पूर्वक कूटरचित तरीके से फर्जी दस्तावेज बनाकर लगभग 37 लाख रुपये का श्रीराम फाइनेन्स कम्पनी द्वारा गलत लोन निकाल लिया गया है। जिसकी जानकारी गाड़ी मालिकों को नहीं दी गयी। गाड़ी मालिकों की सूची के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया और उल्टा ही पीड़ितों के उपर धारा 406, 419, 420, 47, 468, 471, 120बी भा0द0सं0 के तहत थाना कादरीगेट में मुकदमा पंजीकृत

**▶ न्याय न मिला तो भाकियू करेगी आंदोलन**

कर लिया गया है। जिसको अविलंब समाप्त कराने के लिए जिलाधिकारी से मांग की गयी है। पीड़ित लोगों का 37 लाखरुपये का फर्जी लोन किये जाने के संबंध में फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियो पर संयोजित धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की गयी है। पीड़ितों ने निष्पक्ष न्याय न मिलने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। जो 17 पीड़ित गाड़ी मालिक हैं उनके नाम संजीव सिंह, चंद्रकिशोर, मनोज कुमार सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय, मुलीक पाल सिंह, अवधेश सिंह, संदीप कुमार, रमेश कुमार, पंकज, शैलेंद्र सिंह, विजय सिंह, सुरेश, सुधाकर दीक्षित, सर्वेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, श्यामवीर आदि 17 लोग पीड़ित गाड़ी मालिक हैं। ज्ञापन देने के दौरान सुरेश, शैलेंद्र सिह, पंकज, मनोज कुमार, रमेश कुमार, आलोक कुमार मौजूद रहे।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक ने जनपद का किया दौरा



डीआईओएस के साथ जे0डी0 मनोज कुमार द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मनोज कुमार द्विवेदी ने जनपद का दौरा किया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिक्षा विभाग से संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारियां लीं।

साथ ही भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में चल रहे स्काउट गाइड के नव नियुक्त पदाधिकारियों का गठन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जनपद दौरे पर आये संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी भोलेपुर स्थित एक स्कूल की हाईस्कूल की मान्यता को लेकर निरीक्षण करने आये। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की और स्काउट गाइड के नव नियुक्त पदाधिकारियों से मिलकर वापिस चले गये। कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह व कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान स्काउड गाइड के पदाधिकारी व शिक्षगण मौजूद रहे।

# जेडी की उपस्थिति में भारत स्काउट गाइड की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में प्रादेशिक कार्यालय भारत स्काउड और गाइड लखनऊ से प्रादेशिक सचिव आनन्द सिंह रावत के द्वारा प्राप्त नवीन नियमावली के अनुपालन में जिला कार्यकारिणी का गठन सहायक प्रादेशिक आयुक्त/संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में जिला आयुक्त आशीष कुमार सिंह कब, रामदास स्काउट, डॉ0 रमन प्रकाश (रोवर), प्रमोदचंद्र गंगवार (एडल्ट रिसोसिस), पुष्पा सिंह (बुलबुल), इन्दू मिश्रा (गाइड), डॉ0 शालिनी सिंह (रेंजर), संगीता यादव (एडल्ट रिसोसिस), सहायक जिला आयुक्त डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ला, डॉ0 बृजभूषण सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, विनीत कुमार चौहान, डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी डॉ0 नीतू मसीह, सुमन

**डीआईओएस का हुआ सम्मान, जिला मुख्यायुक्त बने दिनेश कुमार**



जिला विद्यालय निरीक्षक को सम्मानित करते संतोष त्रिपाठी व दिनेश वर्मा

त्रिपाठी, इंद्रा राठौर, दीपिका राजपूत को बनाया गया है। जिला मुख्यालय आयुक्त अनिल सिंह, योगेश तिवारी, सत्यप्रकाश वर्मा, शीतल, डॉ0 ऋचा यादव, डॉ0 विश्व मोहिनी पाण्डेय बनीं। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी, जिला सचिव डॉ महेशचंद्र राजपूत, संयुक्त जिला सचिव डॉ0 रचना उमराव, सहायक सचिव डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव को बनाया गया। जिला संगठन आयुक्त सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, भारती मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त आलक शंकर दुबे, ऐस्तर रोज दयाल को बनाया गया है। लीडर ट्रेनर सुधीर कुमार कुशवाहा, चमन शुक्ला, आदेश गंगवाप को बनाया गया है। सहायक लीडर ट्रेनर पुष्कर मिश्रा, पुष्पेंद्र शर्मा, राजकुमार,



स्काउट गाइड के कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

वीना गौतम को जिम्मेदारी दी गयी है। प्रशिक्षण काउंसलर प्रदीप यादव, योगेश कुमार, गजेंद्र, ध्रुव मिश्रा, गौरी कुशवाहा, तनवी सिंह, सीमा पथरिया को बनाया गया है। ग्रुप लीडर भुवनेश प्रताप सिंह भदौरिया, जितेंद्र सिंह, हिमतेश शाक्य, शशीवाला अग्निहोत्री को जिम्मेदारी दी गयी है। युवा लीडर वैभव सिंह सोमवंशी को बनाया गया है। आईटी कोआर्डीनेटर योगेश कुमार बने। विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ0 विनोद कुमार गुप्ता, शंभूनाथ बने। आजीवन सदस्य राजकुमार, राकेश कुमार गुप्ता, राघवेंद्र सिंह यादव को बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन भारती मिश्रा ने किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने स्काउट आंदोलन से संबंधित गतिविधियों को आगे बढ़ाये जाने हेतु पंजीकरण और नवीनीकरण पर जोर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि स्काउट भावना से मिलकर कार्य करना चाहिए। जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों की शपथ 26 व 27 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवनिर्वाचित नगर पालिकाध्यक्ष व नवगठित नगर पंचायतों के अध्यक्ष व सदस्यों के शपथ ग्रहण कराये जाने के लिए उ0प्र0 सरकार के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम जारी करते हुए समस्त मण्डलायुक्त, जिला मजिस्ट्रेट व उनके अनुपस्थित में एसडीएम को घोषित तिथियों पर शपथ ग्रहण कराये जाने को कहा है। प्रमुख सचिव द्वारा भेजे गये पत्र में दर्शाया कि समस्त नगर पालिकाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व संबंधित नगर पालिका व नगर पंचायतों के सदस्यों की शपथ ग्रहण कराये जाने के लिए 26 व 27 मई की तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित डीएम इन तिथियों पर अध्यक्ष व सदस्यों की शपथ कराया जाना सुनिश्चित करें। उनकी अनुपस्थिति में एसडीएम तय तिथि पर शपथ ग्रहण कराये। शपथ ग्रहण की सूचना आते ही नगर पालिका व नवगठित नगर पंचायतों में तैयारियां शुरु कर दी हैं।

# गंगापार के लाल का अमेरिका में होगा सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगापार के राजेपुर निवासी शिक्षक संतोष गुप्ता के सुपुत्र मणी गुप्ता का अमेरिका के न्यूरी शहर में उनके शोध के लिए 27 मई से 02 जून तक होने वाली कान्फ्रेंस में प्रतिभाग करने एवं सम्मान हेतु आमंत्रित किया गया है। मणी गुप्ता की इस उपलब्धि पर घर परिवार में खुशी का माहौल है। विदित हो कि गत वर्ष मणी गुप्ता को युवा वैज्ञानिकों के एक कार्यक्रम में जज के रुप में आईजीईएम द्वारा पेरिस शहर में बुलाकर सम्मानित किया गया था। जिससे मणी की प्रतिभा निखरकर आयी। इस बार भी भारत सरकार व उनके शैक्षणिकक संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजूकेशन एण्ड रिसर्च कोलकाता द्वारा उनके यूएसए भेजने की व्यवस्था की गयी है। मणी गुप्ता ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा फतेहगढ़ जेएनवी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से प्राप्त की है। बीएससी बायो एवं



शिक्षक मणी गुप्ता

एमएससी उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्राप्त की है। इसके बाद उनका चयन जेआरएफ परीक्षा के माध्यम से पीएचडी के लिए भारत सरकार प्रतिष्ठित संस्थान कोलकाता में प्राप्त की है। मणी गुप्ता ने पीएचडी सीनियर शोधकर्ता के रुप में प्राप्त की। भारत सरकार ने उन्हें 50 हजार रुपये प्रतिमाह शैक्षणिक भत्ता भी प्रतिमाह प्राप्त हो रहा है। इस उपलब्धि पर सभी ने उन्हें बधाई दी है।

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप में छात्राएं बन रहीं हुनरमंद



समर कैम्प में भाग लेती रखा बालिका इंटर कालेज की छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का उपयोग करते हुए छात्राओं को हुनरमंद बनाने के लिए प्रधानाचार्य डॉ0 नीतू मसीह की देखरेख में समर कैंप का आयोजन हुआ। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 21 मई से 28 मई तक चलने वाले समर कैंप में छात्राओं को पाक कला का प्रकाशन, मिट्टी से ऑब्जेक्टर बनाना, सड़क सुरक्षा पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता आदि करायी गयीं। साथ ही छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन

**▶ छात्राओं ने समर कैंप में बनाये स्वादिष्ट व्यंजन**

हुआ। अध्यापिका प्रीती मसीह, वीना एडवर्ड, नीतिका सनी, ममता पॉल, रचना हिल्स, ममता, मधू, नीलम आदि शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बारीकी से ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में 40 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। प्रधानाचार्य नीतू मसीह ने बताया एक सप्ताह तक चलने वाले समर कैंप में छात्राओं ने विभिन्न विधा को सीखते हुए पारंगत हासिल कर रही हैं। पाक कला के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर छात्राओं ने शिक्षिकाओं के समक्ष प्रस्तुत किये।

# किसान सम्मान निधि पंजीकरण पखवाड़ा का हुआ शुभारम्भ



पीएम किसान निधि के बारे में जानकारी देते प्रबंधक व कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में पीएम किसान सम्मान निधि का कैम्प लगाकर पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कई जनसेवा केन्द्रों पर पंजीकरण किये गये। वहीं प्रत्येक ब्लॉक में पंचायत भवनों में भी कैम्पों का आयोजन किया गया। जहां पर किसानों के पंजीकरण हुये। शासन की मंशा के अनुसार दिनांक 22 मई से पीएम किसान सम्मान निधि के पंजीकरण कैम्प मोड में करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे। जिससे अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करते हुये सम्मान निधि का लाभ प्रदान किया जा सके।

सीएससी प्रबंधक अनुदित बाजपेई एवं जिला समन्वयक अभिषेक दुबे द्वारा कैम्प स्थल बुढ़नामऊ का भ्रमण किया गया जहां सीएससी संचालक शैलेन्द्र सिंह को अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अर्जुन देव का शहीदी दिवस: तेरा कीआ मीठा लागे, हरि नाम पदारथ नानक मांगे



मीठा शरबत वितरित करते सिंह गुरु सिंह सभा के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेरा कीआ मीठा लागे, हरि नाम पदारथ नानक मांगे, यह पंक्तियों अर्जुन देव पर सटीक बैठती हैं। सिखों के अर्जुन देव 5वें गुरु थे। उनका जन्म 15 अप्रैल 1563 को गोईदाबाल अमृतसर में हुआ था। उन्होंने सुख शांति का पैगाम देते हुए सभी को जोड़ा। 30 मई 1606 लाहौर पाकिस्तान में वह शहीद हो गये, तभी से उनका शहीदी दिवस 23 मई से 30 मई तक मनाया जाता है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा फतेहगढ़ के तत्वावधान में सबील लगाकर मीठा शरबत वितरित किया गया। फतेहगढ़ गुरुद्वारा में सुबह से ही शहीदी दिवस पर शरबत वितरित किया गया। साथ ही बढ़पुर स्थित मधुर गेस्ट हाउस में भी शरबत का वितरण किया गया। 1581 में उन्हें 5वं गुरु की रामदासजी ने उपाधि देकर गद्दी पर सुशोभित किया। उनके शहीदी दिवस पर जगह-जगह मीठा शरबत वितरित कर उन्हें श्रद्धाभाव से याद किया गया।





# गंगा नहाते समय तीन दोस्तों की डूबने से मौत

- मछली पकड़ने गये थे, चौथे युवक के पानी में न घुसने से बच गयी जान
- पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



गंगा के किनारे मौजूद परिजन व ग्रामीण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गंगा में मछली पकड़ने गये तीन युवक नहाते समय गहरे पानी में डूब गये। मौके पर बाहर खड़े चौथे दोस्त ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को बरामद कर लिया। शव बाहर निकलते ही घटना स्थल पर मौजूद मृतकों के परिजनों में चीखपुकार मच गयी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर निवासी 18 वर्षीय उजैव पुत्र इरशाद हुसैन, 14 वर्षीय जोएब पुत्र शायद अली एवं 17 वर्षीय अशरफ पुत्र आसिफ के साथ ही समीर पुत्र सगीर भोजपुर किले के निकट मछली पकड़ने सुबह 11:30 बजे गये थे। गर्मी अधिक होने से गंगा नदी में नहाने के लिये तीन युवक उतर गये, लेकिन समीर बाहर ही खड़ा रहा। तीनों दोस्त गंगा नदी के गहरे पानी मे चले गये और देखते ही देखते तीनों को गोते लगने लगे।

उन्होंने चीख पुकार भी मचाई, लेकिन कोई मदद को नहीं पहुंचा और तीनों गहरे पानी में डूब गये। गंगा नदी के किनारे खड़े समीर ने तत्काल ही गंगा घाट के किनारे बने शिव मंदिर पर पहुंचकर लोगों से मदद की गुहार लगायी और घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पर परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये। भोजपुर चौकी के दरोगा राघवेंद्र तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भटपुरा के गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को तलाश करायी। सूचना पर शेखपुर ग्राम प्रधान रामसेवक उर्फ बबलू भी मौके पर आ गए उन्होंने पांचाल घाट से और गोताखोरों बुलवाया तथा युवकों की तलाशी की। ढाई घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया। परिजन युवकों को सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक उजैव की मां सितारा देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक जोएव की मां मैनाज आदि परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जोएव अपने परिवार का एकलौता था। वहीं शेखपुर में अपनी ननिहाल में रह रहे अशरफ की मां फरहीन का रो-रोकर बुरा हाल है। कानून-गो शैलेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शवों को परिजन अपने साथ ले गये।

## पंखे का तार लगाते समय मजदूर की करंट लगने से मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पंखे का तार लगाते समय मजदूर के करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। मौजूद साथी ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में किसान सेवा सहकारी समिति का भवन बन रहा है। जिसके निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ कबीर धाम पांडरिया निवासी 35 वर्षीय गणेश पुत्र पुसऊ मजदूरी कर रहा था। बीती गणेश पंखे का तार लगा रहा था, तभी उसे जोरदार करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर नीचे गिर गया। मौके पर मौजूद साथी ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर मदनपुर चौकी इंचार्ज विश्वनाथ आर्य पुलिस बल के साथ पहुंच गये और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# खबर का असरः डेढ़ वर्षों से सार्वजनिक शौचालय में पड़े ताले को एडीओ पंचायत ने खुलवाया




शौचालय खुलवाने के बाद मौजूद एडीओ पंचायत व ग्रामीण

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम छिछोनापुर पट्टी में पंचायती राज विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में सार्वजनिक शौचालय का लाखों रुपया खर्च कर निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण हो जाने के बाद शौचालय का ताला नहीं खोला गया था। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान से मिलकर व सचिव तथा प्रशासनिक अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सामुदायिक शौचालय का ताला खुलवाये जाने की मांग की थी। सोमवार को जब हमारे समाचार प्रतिनिधि द्वारा इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

जिसको संज्ञान में लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशानुसार एडीओ पंचायत आफाक हुसैन मंगलवार को गांव पहुंचकर जांच की साथ ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों तथा सचिव की फटकार लगाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में सामुदायिक शौचालय में ताले खुलवाए। ताले खुलने से ग्रामीणों ने राहत महसूस की और अधिकारी को धन्यवाद दिया।

# चोरों ने घर में घुसकर नगदी व सोने-चांदी के आभूषण किये पार

- घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस को दी तहरीर



चोरी के बाद अस्त व्यस्त पड़ा सामान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने घर में घुसकर एक लाख नगदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम ढिलावल पोस्ट भोपत पट्टी निवासी अमित दीक्षित पुत्र अनिल कुमार दीक्षित के घर में बीती रात चोरों ने घुसकर एक लाख की नगदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। इसके साथ ही चोर 6 मोबाइलों को भी उठा ले गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोर घर के बाहर निकलते दिखायी दे रहे है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# पुत्रवधू के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पति की मृत्यु के बाद पत्नी सोने-चांदी के जेवरात लेकर अपने घर चली गयी। जिसकी पीड़िता ने पुत्रवधू को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं आयी। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। थाना मऊदरवाजा के ग्राम नगला खैरबन्द ढिलावल निवासी नन्ही देवी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सीजेएम न्यायालय में अपनी पुत्रबधू मालती पुत्री विशुन दयाल निवासी भटपुरा अलीगंज जनपद एटा के खिलाफ याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मेरे पति की केंसर बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। मेरे पुत्र राज शाक्य की शादी मालती के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। मेरे पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ पति धर्म का पालन करते हुए अपना कर्तव्य पूर्ण किया। 17 नवम्बर 2022 को राज शाक्य की दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी। 20 मई को मेरी पुत्रवधू मालती बगैर बताए घर से निकल गयी। मेरी पुत्री प्रिया ने रोकने के बहुत कोशिश की, परन्तु मालती नहीं रुकी। उसके बाद मेरा दूसरा बेटा कुनाल मोटर साईकिल से लेने गया, लेकिन वह वापस नहीं आई। वह अपना समस्त सोने की ज्वैलरी व एक मोबाइल, नगदी साथ ले गयी। उसके बाद पुलिस को तहरीर दी, परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को रजिस्डर्ड डाक द्वारा प्रर्थना पत्र भेजा। उसने न्यायालय की शरण ली।

## पुलिस ने मारपीट का मुकदमा किया दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना नवाबगंज के क्षेत्र में बबुरारा निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि आरोपी अमरपाल पुत्र राकेश यादव निवासी ग्राम बबुरारा ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# खबरें चलते-चलते

## सवारियां बैठाने को लेकर टेंपो चालकों में मारपीट



**शमसाबाद (सं.)।** सवारियां बैठाने को लेकर टेंपों संचालकों में जमकर मारपीट हो गयी। आसपास के लोगों ने मामले को शांत किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को फैजबाग कस्बा चौराहे पर कुछ यात्री फर्रुखाबाद जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे, उसी दौरान एक टेंपों यात्रियों के पास गुजरा, उसी दौरान दूसरा टेंपो का चालक भी मौके पर पहुंचा। दोनों वाहन चालक यात्री को अपने ओर खींचने लगे। देखते ही देखते दोनों में हाथापाई हो गयी।आसपास के लोगों ने दोनों चालकों को अलग-अलग कर मामले को शांत किया। शमशाबाद से चिलसरा फर्रुखाबाद का सफर करने वाले डग्गामार टेंपो संचालक 50 रूपये प्रति यात्री किराया वसूले हैं, जबकि कायमगंज फैजबाग नवाबगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर दौड़ने वाले टेंपो के चालक भी आम यात्रियों से 40 से 45 तथा 50 रूपये तक किराया वसूल रहे हैं।

## दलित उत्पीड़न व मारपीट में अभियुक्त को सजा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जातिसूचक गाली-गलौज व मारपीट के मामले में अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी एक्ट न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त गोविन्द चतुर्वेदी को 1 वर्ष की परीविक्षा से दण्डित किया। विगत 9 वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम धन्सुआ निवासी सोनेलाल जाटव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि गोविन्द चतुर्वेदी के खेतों में वह काम करता है। मजदूरी के रुपये समय से न मिलने है पीड़ित ने काम छोड़ दिया। जिस कारण गोविन्द व सीमा व उनके साथियों ने मेरे साथ मारपीट की और जाति सूचक गाली-गलौज किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा विचारण के दौरान सीमा की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर दोषी करार देते हुए गोविन्द चतुर्वेदी को एक वर्ष की परीविक्षा से दण्डित किया।

## मुकदमे में समझौता न करने पर दबंगों ने पीटा

**फर्रुखाबाद (सं)।** न्यायालय में चल रहे हत्या के मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने व जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के क्षेत्र मोहल्ला नवाब न्यायमत खां पश्चिम मेमरान निवासी अवधेश सिंह चौहान पुत्र स्व0 शिवसिंह चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनके पुत्र अर्पित कुमार उर्फ अशूं की हत्या मनोज राजपूत निवासी श्याम नगर, रोहित सिंह व टिन्कू शुक्ला उर्फ वरुण शुक्ला निवासी बजरिया निहालचन्द्र ने रेलवे रोड स्थित रेस्टोरेंट में कर दी थी। जिसका 21 अक्टूबर 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। तीनों अभियुक्त में से मनोज राजपूत जेल से जमानत पर बाहर है। 16 मई को पीड़ित न्यायालय से तारीख कर घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा, तभी मनोज राजपूत व उसके भाई नरेश ने रोक लिया और मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने लगे। मैने मना कर दिया तो मुझे गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरुरीः संतोष त्रिपाठी

- पेड़ों की अंघाधुंध कटाई को रोकना होगा
- पूरे सौरमंडल में मानव का जीवन पृथ्वी पर ही सम्भव



विद्यालय में वृक्षारोपण करते प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी



पर्यावरण जागरूकता की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। पर्यावरण संरक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि भविष्य के लिए पर्यावरण या प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। इस सदी में हम लोग विकास के नाम पर पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब हम ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं कि हम पर्यावरण संरक्षण के बिना इस गृह पर लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते हैं। इसलिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है। परि तथा अवरण परि

## पर्यावरण के प्रहरी

अर्थात चारों ओर और आवरण का अर्थ है कि घेरे हुए। हमारे चारों ओर फैले आवरण को ही पर्यावरण कहते है। दूसरे शब्दों में मानव, वनस्पति, पशु पक्षी सहित सभी जैविक और अजैविक घटकों के समूह को पर्यावरण कहते हैं। इसमें हवा, पानी, मिट्टी, पेड़, पहाड़, झरने, नदियां आति सभी आते हैं। पर्यावरण के प्रहरी बने कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा बहुत आवश्यक है। इसके उपाय हम लोगों के पास होने चाहिए। जिससे हम पर्यावरण को सुंदर और स्वच्छ बना सकें। अगर हम समय रहते नहीं चेते और पर्यावरण को बचाने के बारे में नहीं सोचा, तो इसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं। पूरे सौरमंडल में केवल हमारी पृथ्वी पर ही जीवन सम्भव है। हमें समय रहते पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करके सुरक्षित करना है। इस सदी में हम लोग विकास के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं कि पर्यावरण संरक्षण के बिना जीवित रहना मुश्किल होने लगा हैं। इसलिए हम सब लोग मिलकर पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दें। वर्तमान में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ती जनसंख्या औद्योगिकीकरण, शहरीकरण आदि का रोकथाम ही प्रदूषण से निजात दिला सकता है। पर्यावरण में जितना हाथ मनुष्य का है, उतना ही अन्य जीव जंतुओं का। अकेले मानवों के अस्तित्व के लिए भी पेड़ पौधों की उपस्थिति अनिवार्य है। प्राण वायु ऑक्सीजन हमें इन वनस्पतियो के कारण ही मिलती है। पर्यावरण संरक्षण व्यक्तियों, संगठनों और सरकारों द्वारा प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने का काम है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों और मौजूदा प्राकृतिक वातावरण का संरक्षण करना है और जहां सम्भव हो क्षति और अन्य उपायों पर ध्यान केन्द्रित करना है। आओ हम सब मिलकर पौधे लगायें।

पर्यावरण संरक्षण जागरुकता हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आप भी पर्यावरण के प्रहरी बनें। संवादादाता, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज सम्पर्क करें- 9839390810

# तहसील सदर के स्टोर में लगी आग, अभिलेख जलकर हुए राख

- तहसील रजिस्ट्रार बोले आग कैसे लगी यह जांच का विषय है



रजिस्ट्रार कार्यालय में आग लगने के बाद बिखरी पड़ी सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते तहसील सदर के स्टोर में आग लग गई। जबकि लाइन कटी हुई थी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। नहीं तो तहसील में रखे पुराने सारे रिकॉर्ड राख हो सकते थे। एक बड़ी घटना होने से टल गई।

संदिग्ध परिस्थितियों के चलते तहसील सदर के पुराने स्टोर में अज्ञात कारणों कारणों के चलते आग लग गई। तहसील अधिकारियों व तहसील रजिस्ट्रार पहुंचने पर दमकल कर्मियों को सूचना दी गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। जब इस घटना के बारे में अधिकारियों व तहसील रजिस्ट्रार से बात की गई , तो बताया आग कैसे लगी है पता नहीं चल सका यह जांच का विषय है।

जांच कराई जाएगी। विद्युत लाइन कटी हुई थी शॉर्ट सर्किट से आग लगी होने की कोई पुष्टि नहीं हुई। उन्होंने बताया किया किसी के द्वारा लगाई दी जा सकती है। कारण पता नहीं हो सका। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

# घर में घुसकर मारपीट में दस नामदर्ज सहित 20 पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर 10 नामदर्ज सहित 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। शहर कोतवाली के क्षेत्र पल्ला गल्ला मण्डी निवासी अजय पाठक पुत्र प्रदीप पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 21 मई की रात्रि मोहल्ले के बंटी जाटव, प्रेम पुत्र राकेश, शिवम, जितेन्द्र, गुडलक, अंशु, नितिन, अंकित , पूनम, मास्टर अपने दस अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडों से आये और गाली-गलौज करते हुए अजय, शिवम, अमित, अमन को मारपीट कर घायल कर दिया और जातिसूचक गाली-गलौज किया। आसपास के लोगों के आ जाने पर जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पति सहित छह ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव सिकंदरपुर खास निवासी फेरु सिंह ने दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सुनैना का विवाह जनपद कासगंज थाना पटियाली के गांव न्योठा देवनगर निवासी संजीव कुमार के साथ हुआ था। कुछ समय पूर्व ससुरालीजन अतरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए व कार की मांग करने लगे और बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दो माह पूर्व ससुरालीजन बेटी को घर छोड़ गए। पिता ने थाने पहुंच महिला के पति समेत छः के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पति संजीव कुमार, ताऊ उमेश चंद्र, ससुर मुन्ना लाल यादव, सास वीना देवी, देवर अखिलेश, पवन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# जिलाधिकारी ने ली पीएम स्वनिधि की बैठक

- बैंक आवेदकों को क्यूआर कोड करें प्रदानः डीएम
- आज टेबलेट वितरित करेंगे उप मुख्यमंत्री



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि विषयक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। पीएम स्वनिधि का धन प्राप्त करने हेतु आवेदक को पात्र होना चाहिए व उसका पंजीकरण भी होना चाहिए। पात्रता के अनुसार उसे अन्य शासकीय योजनाओं से आच्छादित होना चाहिए। आवेदक को बैंक क्यूआर कोड अवश्य प्रदान करें, ताकि ग्राहक को ऑनलाइन भुगतान करने में असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि बैंक आवेदक को औपचारिकता पूरी करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। आम जन स्ट्रीट बेन्डर्स से चाट आदि सामान खरीदे व क्यूआ कोड से भुगतान करें। संकिसा बसंतपुर व नवाबगंज में विशेष परिश्रम की आवश्यकता है। बैंकों के पास जो आवेदन लंबित है, उसे निस्तारित करें। पात्र आवेदनों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि बैंकों के पास बहुत बड़ी संख्या में आवेदन लंबित है। सर्वाधिक प्रकरण फर्रुखाबाद में लंबित है, यह सर्मिंदगी का विषय है।बैंक तत्काल सुधार करें, अन्यथा उच्चाधिकारियों को सूचित किया जायेगा।

कमालगंज में 5 की अपेक्षा 7 आवेदकों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ देने पर जिलाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया। सभी बैंक सक्रिय हो जाये। यदि कोई ऋणी ऋण को शीघ्र लौटा दे तो बैंक उसे भविष्य में बड़े ऋण वितरित कर प्रोत्साहित करें। बुधवार को उपमुख्यमंत्री द्वारा टेबलेट वितरित किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी आदि संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।